

■ बजट : सत्ता पक्ष और विपक्ष में गतिरोध बरकरार - 12



■ केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण बोलीं- अधिक आयकर संग्रह मध्य वर्ग के आगे बढ़ने का सबूत- 12



■ बांग्लादेश में हिंसा की घटनाओं के बीच 13वें आम चुनाव के लिए हुआ मतदान - 13



■ इटली ने नेपाल को रौंदकर आईसीसी टूर्नामेंट में जीत का खाता खोला - 14



आज का मौसम

26.0° अधिकतम तापमान

11.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.46 | सूर्यास्त 06.00

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष एकादशी 02:26 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2082

शुक्रवार, 13 फरवरी 2026, वर्ष 36, अंक 9, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## परेशान नहीं कर पाएंगे रिकवरी एजेंट आरबीआई के नए सख्त नियम लागू

मुंबई, एजेंसी

बैंक के लिए कर्ज वसूली करने वाले रिकवरी एजेंट अब परेशान नहीं कर पाएंगे क्यों कि आरबीआई ने बैंक एजेंटों की नियुक्ति और उनके कामकाज के नियमन के लिए गुरुवार को नियमों का मसौदा जारी किया। इसमें एजेंट के लिए प्रशिक्षण अनिवार्य करने और कर्जदारों को किए जाने वाले सभी फोन कॉल की रिकॉर्डिंग का प्रावधान है।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि बैंक यह सुनिश्चित करेंगे कि वसूली एजेंट द्वारा उधारकर्ता को किए गए सभी फोन कॉल को रिकॉर्ड किया जाए। इसके साथ

- कर्ज वसूली एजेंटों के लिए प्रशिक्षण अनिवार्य, फोन कॉल की रिकॉर्डिंग संबंधी नियमों का मसौदा जारी



ही एजेंट को कर्जदार के साथ 'सभ्य तरीके' से बातचीत करनी होगी।

नियमों के मसौदे मुताबिक, बैंक का कर्मचारी या वसूली एजेंट कर्जदार के साथ शालीनता एवं मर्यादा बनाए रखते हुए व्यवहार करेगा और कर्ज वसूली के लिए उधारकर्ता के घर जाने पर भी अपना आचरण संयमित रखेगा। आरबीआई इस पर भी विचार कर रहा है कि वसूली एजेंटों के लिए भारतीय बैंकिंग एवं वित्त संस्थान (आईआईबीएफ) द्वारा संचालित 'ऋण वसूली प्रशिक्षण' को अनिवार्य किया जाए। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समीक्षा की बैठक में एजेंटों के आचरण को नियमित करने के लिए कदम उठाने की बात कही थी। पहले ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं जिनमें वसूली एजेंट के खराब व्यवहार से कर्जदारों को काफी परेशानियां उठानी पड़ीं।

## 114 नए राफेल विमानों को खरीदने की मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्रालय ने फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमान की खरीद के काफी समय से लंबित प्रस्ताव को गुरुवार को मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने रक्षा बलों की युद्ध तत्परता बढ़ाने के लिए कुल 3.60 लाख करोड़ रुपये के सैन्य उपकरणों के पूंजीगत अधिग्रहण को मंजूरी दी।

- रक्षा मंत्रालय का बड़ा फैसला, 3.60 लाख करोड़ की डिफेंस डील, फ्रांस के राष्ट्रपति के भारत आने पर हो सकता है सौदा



राफेल विमानों की खरीद को मंजूरी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा से ठीक चार दिन पहले मिली। इस सौदे को हालांकि अंतिम रूप देने के लिए औपचारिक अनुबंध इस साल के अंत से पहले होने की संभावना नहीं है, क्योंकि रक्षा मंत्रालय को अब हथियारों के पैकेज की लागत और बारीक विवरणों को अंतिम रूप देने के लिए दसॉल्ट एविएशन के साथ बातचीत करनी होगी। अप्रैल 2019 में, भारतीय वायुसेना ने लगभग 18 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत से 114 बहु-भूमिका लड़ाकू विमान (एमआरएफए) की खरीद के लिए एक आरएफआई (सूचना के लिए अनुरोध), या प्रारंभिक निविदा जारी की। इस परियोजना के अन्य दावेदारों में लॉकहीड मार्टिन का एफ-21, बोइंग का एफ/ए-18 और यूरोफाइटर टाइफून शामिल थे। लड़ाकू विमानों की खरीद का यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब भारतीय वायुसेना के लड़ाकू स्क्वाड्रन की संख्या आधिकारिक तौर पर स्वीकृत 42 की संख्या से घटकर 31 रह गई है। लगभग 13 साल पहले, रक्षा मंत्रालय ने मध्यम बहु-भूमिका लड़ाकू विमान (एमएमआरसीए) के एक बेड़े की खरीद के लिए जमीनी स्तर पर तैयारी पूरी कर ली थी। हालांकि, यह परियोजना आगे नहीं बढ़ पाई थी।

### तटरक्षक बल को कानपुर एचएएल से मिलेंगे 8 डोर्नियर 228 विमान

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए आठ डोर्नियर 228 विमानों की खरीद के उद्देश्य से सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 2,312 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि यह अनुबंध 'बाय (इंडियन)' श्रेणी के अंतर्गत किया है और इसमें संचालन भूमिका संबंधी उपकरण की खरीद भी शामिल है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में इस अनुबंध पर यहां एचएएल के ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट डिवीजन, कानपुर के साथ हस्ताक्षर किए गए। इस अनुबंध से एलएएल का उत्पादन तंत्र सुदृढ़ होगा तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों और सहायक उद्योगों के व्यापक नेटवर्क को समर्थन मिलेगा।

## ब्रीफ न्यूज

### दूरदर्शन की पूर्व समाचार वाचिका सरला माहेश्वरी का निधन



**नई दिल्ली।** दूरदर्शन की पूर्व समाचार वाचिका सरला माहेश्वरी का गुरुवार को यहां निधन हो गया। वह 71 वर्ष की थीं। वह 1980 और 1990 के दशक में टीवी समाचार जगत के सबसे जाने-माने चेहरों में से एक थीं और जिनकी शांत शैली आज के टेलीविजन समाचार बुलेटिन के शोरगुल से बिल्कुल अलग थी। माहेश्वरी 1976 से लेकर 2005 तक टीवी समाचारों का जाना-पहचाना चेहरा थीं। उनके साथ सलमा सुल्तान, मीनू तलवार, शम्मी नारंग, गीतांजलि अय्यर, नीति रविंद्रन और अन्य भी थीं। उनका नाम सुनते ही प्रसारण जगत और उसके श्वेत-श्याम से रंगीन प्रसारण में परिवर्तन की यादें ताजा हो जाती हैं।

### ब्राजील के राष्ट्रपति 18 को पांच दिवसीय यात्रा पर भारत आएंगे

**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा 18 फरवरी को भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर आएंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि लूला की राजकीय यात्रा से दोनों देशों की द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी। साथ ही द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मंचों पर सहयोग बढ़ाने में मदद मिलेगी। मंत्रालय ने बताया कि मोदी 21 फरवरी को राष्ट्रपति लूला से मिलेंगे और दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा करेंगे।

### असम राइफल्स श्वान दस्ते में भारतीय नस्ल के कुत्तों को करेगा शामिल

**जोरहाट।** केंद्र सरकार के स्वदेशीकरण के आह्वान को मजबूती प्रदान करते हुए असम राइफल्स अपने अभियानों को अंजाम देने के लिए दस्ते में भारतीय नस्ल के कुत्तों को शामिल करने की योजना बनाई है। कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल आलोक ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत के तहत 'तंगखुल हुई' नस्ल के कुत्तो को श्वान दस्ते में शामिल कर लिया है।

## रेरा को समाप्त कर देना चाहिए, यह दागी बिल्डरों के लिए काम कर रहा

### सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार, कहा- जिनके लिए रेरा बनाया वे पूरी तरह से निराश और हताश

- कोर्ट की सख्त टिप्पणी से रियल एस्टेट सेक्टर में मची हलचल

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि सभी राज्यों के लिए रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) के गठन पर पुनर्विचार करने का यह सही समय है क्योंकि यह संस्था दागी बिल्डरों को सुविधा प्रदान करने के अलावा कुछ नहीं कर रही है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि जिन लोगों के लिए रेरा बनाया गया था, वे पूरी तरह से निराश और हताश हैं।

पीठ ने जोर देकर कहा कि अगर इस संस्था को समाप्त कर दिया जाए तो उसे कोई आपत्ति नहीं होगी। पीठ ने हिमाचल प्रदेश सरकार को रेरा के कार्यालय को अपनी पसंद के स्थान पर स्थानांतरित करने की अनुमति देते हुए ये टिप्पणियां कीं। हिमाचल प्रदेश सरकार और अन्य द्वारा दायर याचिका पर पीठ ने नोटिस जारी किया, जिसमें हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई थी जो राज्य के रेरा कार्यालय को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित करने से संबंधित था।



उच्च न्यायालय ने इससे पहले रेरा कार्यालय के स्थानांतरण से संबंधित जून 2025 की अधिसूचना पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी। बाद में, 30 दिसंबर 2025 को अपने आदेश में, उच्च न्यायालय ने अंतरिम आदेश को जारी रखने का निर्देश दिया। उच्चतम न्यायालय ने 30 दिसंबर के उच्च न्यायालय के निर्देश पर रोक लगा दी है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, दागी बिल्डरों को सुविधा देने के अलावा यह संस्था (रेरा) कुछ नहीं कर रही है। बेहतर होगा कि इस संस्था को समाप्त कर दिया जाए, हमें इसमें कोई आपत्ति नहीं है ...अब समय आ गया है कि सभी राज्य इस प्राधिकरण के गठन पर ही पुनर्विचार करें। राज्य सरकार ने अधिवक्ता सुगंधा आनंद के माध्यम से उच्चतम न्यायालय में दायर अपनी याचिका में कहा कि हिमाचल प्रदेश रेरा कार्यालय को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित करने का निर्णय शिमला शहर में भीड़भाड़ कम करने के लिए लिया गया था, और यह पूरी तरह से प्रशासनिक कारणों पर आधारित था। प्रतिवादी की ओर से पेश एक वकील ने कहा कि प्राधिकरण जिन परियोजनाओं से संबंधित मामलों को देखता है, उनमें से 90 प्रतिशत शिमला, सोलन, परवानू और सिरमौर में हैं, जो अधिकतम 40 किलोमीटर के दायरे में आते हैं। उन्होंने कहा कि रेरा के समक्ष लंबित शिकायतों में से लगभग 92 प्रतिशत इन्हीं जिलों से हैं।

### किसी को अरावली को छूने की अनुमति नहीं देंगे

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह किसी को भी अरावली की पहाड़ियों को छूने की अनुमति नहीं देगा। इसी के साथ विशेषज्ञों द्वारा पर्वतमाला की परिभाषा स्पष्ट किए जाने तक हरियाणा सरकार को जंगल सफारी पर विस्तृत योजना प्रस्तुत करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि अरावली पहाड़ियों से संबंधित मुख्य मामले पर विचार करते समय 'जू सफारी' के मुद्दे पर भी संज्ञान लिया जाएगा। हरियाणा का पक्ष रखने के लिए पेश हुए अधिवक्ता ने कहा कि उन्होंने सफारी परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को 10,000 एकड़ से संशोधित करके 3,300 एकड़ से अधिक कर दिया है। उन्होंने कहा कि वे केवल इतना चाहते हैं कि उन्हें डीपीआर को केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) के समक्ष समीक्षा के लिए प्रस्तुत करने की अनुमति दी जाए। पीठ ने कहा, हम विशेषज्ञ नहीं हैं। अरावली की परिभाषा विशेषज्ञ तय करेंगे। सीजेआई ने कहा कि अरावली केवल हरियाणा या राजस्थान की ही नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी पर्वत शृंखला है जो कई राज्यों से होकर गुजरती है। उन्होंने हरियाणा सरकार के वकील से कहा, हम जू सफारी के मुद्दे पर मुख्य मामले के साथ ही विचार करेंगे। इस पर हरियाणा सरकार के वकील ने कहा कि मुख्य मामला बिल्कुल अलग है और जंगल सफारी का मुद्दा अलग है। पीठ ने इसपर टिप्पणी की, कभी-कभी, सीईसी अनुमति देने में बहुत चुनिंदा रवैया अपनाता है। अगर हम अनुमति देते हैं, तो वे बहुत ही आकर्षक तस्वीर पेश करेंगे कि ये पेड़, वन्यजीव और जंगल हैं। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि विशेषज्ञ समिति की राय आने के बाद वह सफारी परियोजना पर विचार करेगी।

## बिजली-कानून व्यवस्था के मुद्दे पर विधानसभा में तीखी बहस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विधानसभा में गुरुवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। बिजली आपूर्ति, कानून व्यवस्था, किसान और बजट के मुद्दों पर सदन का माहौल बार-बार गरमाया। ऊर्जा मंत्री और सपा नेता शिवपाल सिंह यादव के बीच तीखी बहस केंद्र में रही।

राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा की शुरुआत होते ही भाजपा विधायकों ने सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। भाजपा विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में उत्तर प्रदेश में शिक्षा, कानून व्यवस्था और निवेश का माहौल बेहतर हुआ है। उन्होंने प्राथमिक विद्यालयों में सुविधाओं, बेहतर भवनों और निवेशकों के बढ़ते भरोसे को सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया।

सदन में सबसे तीखी बहस ऊर्जा मंत्री एके शर्मा और सपा विधायक शिवपाल सिंह यादव के बीच हुई। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश पीएम सूर्य घर योजना सहित कई केंद्रीय योजनाओं में देश में अग्रणी है और आज प्रदेश में कहीं 24 तो कहीं 21 घंटे बिजली आपूर्ति हो रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जब सपा कानून व्यवस्था और बिजली की बात करती है तो हंसी आती है। इस पर शिवपाल सिंह यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि सपा सरकार के कार्यकाल में भी बिजली और सड़क के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर काम हुआ था।

- ऊर्जा मंत्री एके शर्मा और सपा नेता शिवपाल यादव आमने-सामने



ऊर्जा मंत्री एके शर्मा एवं सपा विधायक शिवपाल सिंह

### किसान, डीजल व अधिग्रहण पर सरकार का जवाब

किसानों की बदहाली, डीजल की कीमत और जमीन अधिग्रहण को लेकर सपा विधायक अनिल प्रधान ने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि किसान कर्ज, मौसम की मार और आवारा पशुओं से परेशान हैं, वहीं खाद के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता है। जवाब में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि यूपी में डीजल पर वैट देश के कई राज्यों की तुलना में कम है और डीजल की कीमतें पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु सहित करीब 20 राज्यों से कम हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और लागत घटाने के लिए सरकार लगातार योजनाओं पर काम कर रही है। भूमि अधिग्रहण पर उन्होंने कहा कि किसानों से संवाद कर बाजार दर पर मुआवजा दिया जाता है।

## देशव्यापी हड़ताल का मिलाजुला असर, बैंकिंग सेवाएं सुचारू रहीं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रमिक संगठनों के संयुक्त मंच की सरकार की नीतियों के खिलाफ गुरुवार को आहूत एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल का सामान्य जनजीवन पर खास असर नहीं पड़ा।

श्रमिक संगठनों ने कई राज्यों में मुख्य रूप से कार्यालय परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। कुछ जगहों पर श्रमिक हड़ताल में समर्थन दिखाने के लिए कार्यस्थल पर देर से पहुंचे। उत्तर प्रदेश ओडिशा, केरल, तमिलनाडु, गोवा सहित कई राज्यों में इसका मिला-जुला असर



देखने को मिला। श्रमिक संगठनों ने दावा किया कि हड़ताल में 30 करोड़ से अधिक श्रमिकों, किसानों और अन्य वर्गों ने भाग लिया। बैंकिंग सेवाएं भी सुचारू रूप से चलती रहीं।

## आंशिक रूप से चालू एक्सप्रेस-वे पर टोल दरों में कटौती, 15 से लागू

**नई दिल्ली।** सरकार ने आंशिक रूप से चालू राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे के उपयोगकर्ताओं के लिए टोल शुल्क कम करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियमों में संशोधन किया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने गुरुवार को बयान में कहा कि संशोधित नियम 15 फरवरी से लागू होंगे।

मंत्रालय ने कहा, इसके तहत यदि कोई राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे शुरू से अंत तक पूरी तरह चालू नहीं है, तो उसके केवल तैयार हिस्से पर सामान्य राष्ट्रीय राजमार्ग के अनुसार कम दर से टोल शुल्क लिया जाएगा। वर्तमान में राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे पर उपयोगकर्ता शुल्क पूरी लंबाई के लिए सामान्य राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ता शुल्क से 25 प्रतिशत अधिक लिया जाता है क्योंकि वे तेज और निर्बाध यात्रा अनुभव प्रदान करते हैं।

## जनवरी में 2.75% रही खुदरा महंगाई

**नई दिल्ली।** वर्ष 2024 को आधार वर्ष मानकर जारी अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) की नई श्रृंखला के तहत जनवरी में खुदरा मुद्रास्फिति 2.75 प्रतिशत रही।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा गुरुवार को जारी नई श्रृंखला में मूल्य स्थिति की बेहतर तस्वीर पेश करने के लिए वस्तुओं की संख्या 259 से बढ़ाकर 308 तथा सेवाओं की संख्या 40 से

- 2012 की जगह अब नए 2024 आधार वर्ष पर हुई गणना



बढ़ाकर 50 कर दी गई है। जनवरी के लिए खाद्य मुद्रास्फिति 2.13 प्रतिशत रही। नई श्रृंखला में प्रमुख सुधारों में ग्रामीण मकान किराया, ऑनलाइन मीडिया सेवाएं एवं ईंधन (सीएनजी/पीएनजी) को शामिल किया गया है। डिजिटल व प्रशासनिक स्रोतों से उपलब्ध आंकड़ों के बेहतर 'कवरेज' के लिए टेलीफोन शुल्क, रेल किराया, हवाई किराया, ईंधन, डाक शुल्क तथा ऑनलाइन मीडिया एवं 'स्ट्रीमिंग' सेवाएं (ओटीटी सब्सक्रिप्शन) को भी नई श्रृंखला में शामिल किया गया है। वर्ष 2012 को आधार वर्ष मानने वाली पुरानी श्रृंखला के तहत जनवरी, 2025 में खुदरा मुद्रास्फिति 4.26 प्रतिशत जबकि दिसंबर में 1.33 प्रतिशत रही थी।

## संसद में पारित हुआ औद्योगिक संबंध संहिता संशोधन विधेयक

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद ने गुरुवार को औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026 को पारित कर दिया। विपक्ष की आशंकाओं को खारिज करते हुए सरकार ने संहिता के संबंध में कहा कि यह श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन की गारंटी देती है। राज्यसभा में, विधेयक पर हुई संक्षिप्त चर्चा का केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया द्वारा जवाब दिए जाने के बाद इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। हालांकि, श्रम मंत्री के जवाब से पहले ही प्रवाधानों के प्रति विरोध जताते हुए कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने सदन से वॉक आउट किया।

मांडविया ने कहा, इस श्रम संहिता में हमने सुनिश्चित किया है कि संवैधानिक सुरक्षा मानकों के साथ न्यूनतम वेतन मानक तय करेंगे। देश में महिलाओं और पुरुषों को समान वेतन पाने का अधिकार होगा। मंत्री ने कहा कि औद्योगिक



- सरकार ने कहा यह संहिता श्रमिकों को न्यूनतम वेतन की देती है गारंटी
- देश में महिलाओं और पुरुषों को समान वेतन पाने का अधिकार होगा

संबंध संहिता तो 2020 में ही पारित हो चुकी है और ढाई महीने पहले लागू भी हो चुकी है, लेकिन अधिकतर सदस्यों ने चर्चा में संहिता की ही बात की है और इसे कामगार विरोधी बताया है। मांडविया ने कहा, हम तो एक छोटा सा संशोधन लाए हैं। यह संशोधन केवल कानूनी स्पष्टता के लिए सदन में लाया गया। मांडविया ने कहा, हम श्रमिकों के हित में एक संहिता लाए हैं। तीन कानूनों को इसमें शामिल किया गया।

एसआईआर | मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा– 3 .26 करोड़ मतदाताओं को भेजे गए नोटिस

## नो–मैपिंग के 1 .04 करोड़, विसंगतियों के 2 .22 करोड़ मतदाता चिह्नित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची में नो-मैपिंग और तार्किक विसंगतियों को लेकर बड़े पैमाने पर नोटिस जारी किए जा रहे हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि छह जनवरी को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची के आधार पर कुल 3 करोड़ 26 लाख मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाने हैं। इनमें से अब तक लगभग एक करोड़ 9 लाख मतदाताओं को नोटिस निर्गत किए जा चुके हैं। 10 दिन में आपत्ति देनी होगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पुनरीक्षण के दौरान नो-मैपिंग से संबंधित 1 करोड़ 04 लाख और तार्किक विसंगतियों से



- दस दिन में आपत्ति का मौका 1.09 करोड़ को भेजे जा चुके हैं नोटिस

संबंधित 2 करोड़ 22 लाख मतदाताओं की पहचान की गई है। इन सभी श्रेणियों में आने वाले मतदाताओं की सूचियां संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को उपलब्ध करा दी गई हैं। साथ ही, पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इन सूचियों को तहसील, पंचायत भवन, वार्ड कार्यालय सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, मतदाता इन सूचियों को ऑनलाइन भी देख सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की वेबसाइट के साथ-साथ जनपदवार, विधानसभा-वार और बूथ-वार जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी ये सूचियां उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि किसी भी मतदाता को जानकारी के अभाव में असुविधा न हो। रिणवा ने बताया कि सभी मतदाता सहायता केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों को कार्यदिवस में पूर्वाह्न 10 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। केंद्रों पर वर्ष 2003 की अंतिम मतदाता सूची, 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची, नो-मैपिंग एवं तार्किक विसंगतियों से संबंधित सूचियां, फार्म-6, फार्म-7, फार्म-8 तथा घोषणा-पत्र पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहेंगे। जिन मतदाताओं के नाम नो-मैपिंग अथवा तार्किक विसंगतियों की श्रेणी में आए हैं, वे सूची प्रदर्शित होने की तिथि से 10 दिनों के भीतर आपत्तियां व्यक्तिगत रूप से दे सकते हैं।

### मंडलायुक्त, डीएम और एसडीएम करेंगे औचक निरीक्षण

सीईओ रिणवा ने शहरी क्षेत्रों में कामकाजी दंपत्तियों की सुविधा को देखते हुए अवकाश के दिनों में भी सुनवाई आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही मंडलायुक्त (रोल ऑब्जर्वर), जिला निर्वाचन अधिकारी और उप जिला निर्वाचन अधिकारियों को सुनवाई केंद्रों का औचक निरीक्षण कर समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं।

### प्रत्येक सुनवाई केंद्र पर हेल्प डेस्क स्थापित करने के दिए निर्देश

नवदीप रिणवा ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार सुनवाई से संबंधित सभी अभिलेखों और आपत्तियों का सुरक्षित रख–रखाव सुनिश्चित किया जाए। मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक सुनवाई केंद्र पर हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# विधानसभा में गूंजे एआई व किन्नर कल्याण के मुद्दे

## बजट सत्र का चौथा दिन : विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना बोले, एआई का दुरुपयोग राजनीति के लिए खतरनाक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को विधानसभा में प्रश्नकाल शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। न तो किसी दल ने वॉकआउट किया और न ही कोई सदस्य वेल में आया। कार्यवाही के दौरान किन्नर समुदाय, एआई तकनीक के दुरुपयोग और औद्योगिक निवेश जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई।

सपा विधायक अतुल प्रधान ने नियम-300 के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दुरुपयोग का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि एआई एक खतरनाक तकनीक बनती जा रही है और इसके जरिए किसी व्यक्ति की आवाज और चेहरा हूबहू नकल कर गलत संदेश फैलाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने अपने जिले के एसएसपी से शिकायत की थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। सपा विधायक के आग्रह पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को मामले का संज्ञान लेने के निर्देश दिए। अध्यक्ष ने कहा कि एआई का दुरुपयोग खासतौर पर राजनीति में सक्रिय लोगों को प्रभावित कर सकता है, इसलिए ऐसी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

### संसदीय कार्य मंत्री ने कहा- एआई पर लेंगे विधिक राय

इससे पहले सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि इस विषय पर केंद्र सरकार ने 10 फरवरी 2026 को दिशा-निर्देश जारी किए हैं और उन्हीं के अनुसार कार्रवाई की जा सकती है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि विधिक राय लेने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### किन्नर समुदाय के मुद्दे पर असीम अरुण हुए तल्ख

प्रश्नकाल में सपा विधायक सचिन यादव ने किन्नर (ट्रांसजेंडर) समुदाय से जुड़े मुद्दे को सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि किन्नर समाज के लोगों को शिक्षा, राशन कार्ड, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाएं आज भी समुचित रूप से नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार ने ट्रांसजेंडर कल्याण आयोग तो बनाया है, लेकिन उसके अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव पुरुष हैं, जिससे इस वर्ग को न्याय मिलना कठिन है। जवाब देते हुए समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि लोकतंत्र के मंदिर में यह इस तरह का पहला सवाल है। उन्होंने बताया कि थानों में इस समुदाय के लिए अलग सेल बनाई गई है, किन्नर समाज के लोग आज स्कूलों और विश्वविद्यालयों में पढ़ाई कर रहे हैं तथा पहचान सुनिश्चित करने के लिए ट्रांसजेंडर कार्ड बनाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य सुविधा के तहत आयुष्मान कार्ड भी उन्हें उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा ट्रांसजेंडर महोत्सव आयोजित कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।



# कानून-व्यवस्था को लेकर सपा का परिषद से वॉकआउट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नियम 105 के तहत सपा सदस्यों ने उठाए सवाल सत्तापक्ष के जवाब से असंतुष्ट सदस्यों ने की नारेबाजी

**अमृत विचार :** विधान परिषद में बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को कानून-व्यवस्था को लेकर जोरदार हंगामा हुआ। सपा विधायकों ने आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा खतरे में है। सत्तापक्ष से मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने 2016 और 2025 में अपराधिक आंकड़ों का तुलनात्मक विवरण पेश करना शुरू किया, विरोध करते हुए नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव के नेतृत्व में सपा सदस्यों ने सदन से सामूहिक वॉकआउट कर दिया।

सदन में प्रश्नकाल के बाद नियम-105 अंतर्गत सपा के मुकुल यादव ने प्रदेश की गिरती कानून व्यवस्था और बढ़ते अपराध का मुद्दा उठाया, सपा के अन्य सदस्यों में आशुतोष सिन्हा ने जौनपुर में दो पुलिस कर्मियों द्वारा मोबाइल चोरी की घटना समेत विभिन्न जिलों में घटित कई अपराधिक घटनाओं से प्रदेश की कानून व्यवस्था को तार-तार दिखाने का प्रयास किया। राज्य सरकार की तरफ से मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि वर्ष 2016 में प्रदेश की हालत किसी से छिपी नहीं है, योगी सरकार में आजमगढ़ से मां-बेटी रात 12 बजे भी सफर कर रही हैं। अब फावड़ा भी चोरी नहीं हो सकता है, जबकि पहले तो ट्रैक्टर उठा लेते थे। वर्ष 2017 के बाद एक भी दंगा नहीं हुआ है, सपा सदस्य किरण पाल कश्यप ने सरकार की बयानबाजी का विरोध करते हुए कहा कि दंगा कराने वाले सरकार चला रहे हैं, हम सपाई दंगा नहीं कराते हैं, नेता विरोधी दल ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के साथ घटित 55292 मामलों को लेकर सरकार जवाब नहीं दे रही है, गुमराह कर रही है और सदन छोड़ दिया।

इसके अलावा 105 अंतर्गत निर्दलीय राज बहादुर सिंह चंदेल ने संविदा शिक्षकों के खाते में सीधे मानदेय देने का मुददा उठाया, सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह के हस्तक्षेप के बाद बेसिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने आश्वासन दिया। शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने 2002 से नियुक्त विषय विशेषज्ञों को पुरानी पेंशन व्यवस्था में शामिल करने का मुद्दा उठाया, मंत्री गुलाब देवी ने आश्वासन दिया।

## विधानसभा में मंत्रियों के जवाब...

### 2017 से पहले अपराध था उद्योग : नंदी



मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा के बजट सत्र 2026-27 के चौथे दिन औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने सपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में उद्योग की परिभाषा अपहरण, गुंडा टैक्स और अपराध तक सीमित थी, जबकि आज उद्योग की पहचान निवेश, निर्यात और आर्थिक समृद्धि से होती है। विधायकों के तारांकित प्रश्नों का उत्तर देते हुए मंत्री नंदी ने कहा कि 2016-17 में प्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद 13.30 लाख करोड़ रुपये था, जो 2024-25 में बढ़कर 30.25 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। इस प्रकार जीएसडीपी में 127 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज हुई है। उन्होंने बताया कि 2018 से अब तक चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से 12.10 लाख करोड़ रुपये की लागत से 16,478 औद्योगिक इकाइयों की ग्राउंडिंग हुई, जिनमें से 6,352 इकाइयों ने उत्पादन शुरू कर दिया है।

### ओडीओपी से 3.16 लाख को रोजगार : सचान



मंत्री राकेश सचान

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा में प्रश्नों का उत्तर देते हुए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शुरू की गई 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) योजना ने प्रदेश के पारंपरिक कारीगरों और उत्पादकों को नई पहचान दी है। उन्होंने बताया कि अब तक 1.31 लाख कारीगरों को नि:शुल्क प्रशिक्षण और टूल किट दी गई है। सहारनपुर में 2275 कारीगरों को प्रशिक्षित किया गया और 454 लाभार्थियों को 16.26 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी वितरित की गई। मंत्री सचान ने कहा कि वर्ष 2017-18 में प्रदेश का निर्यात 86 हजार करोड़ रुपये था, जो बढ़कर 1.86 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जिसमें लगभग 50 प्रतिशत योगदान ओडीओपी और हस्तशिल्प उत्पादों का है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 से अब तक ओडीओपी योजना के माध्यम से 3.16 लाख लोगों को रोजगार मिला है और इसकी सफलता को देखते हुए इसे देशभर में लागू किया गया है।

### पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित नहीं रहेगा: कश्यप



मंत्री नरेंद्र कश्यप

**अमृत विचार, लखनऊ :** पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने विधानसभा में कहा कि योगी सरकार में पिछड़े वर्ग के एक भी पात्र छात्र-छात्रा को छात्रवृत्ति से वंचित नहीं रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा 2 लाख रुपये है, जिसे सरकार निरंतर लागू रखे हुए है। वर्ष 2023-24 से अब तक एक भी पात्र छात्र छात्रवृत्ति से वंचित नहीं रहा है। मंत्री कश्यप ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में विभाग का बजट 1286 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर लगभग 3500 करोड़ रुपये हो गया है। यह लगभग तीन गुना वृद्धि है। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में 38 लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति देने का लक्ष्य रखा गया है और छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। मंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार केवल घोषणाओं में नहीं, बल्कि धरातल पर काम करने में विश्वास रखती है।

### विवि संशोधन विधेयक पुरस्थापित : उपाध्याय



उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय

**अमृत विचार, लखनऊ :** उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने विधानसभा में उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2026 और द्वितीय संशोधन विधेयक 2026 को पुरस्थापित किया। सदन ने बहुमत से दोनों विधेयकों को पुरस्थापित करने की अनुमति प्रदान की। मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार उच्च शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इन संशोधन विधेयकों के माध्यम से विश्वविद्यालयों के प्रशासनिक और शैक्षणिक ढांचे को और सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे शैक्षणिक अनुशासन, जवाबदेही और शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार होगा।

# लोकलेखा समिति के तीन प्रतिवेदन विस में पेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कैग की रिपोर्टों में ऑडिट आपत्तियों के आधार पर किए गए तैयार

**अमृत विचार:** विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को सदन में लोकलेखा समिति (पीएसी) के तीन प्रतिवेदन प्रस्तुत किए गए। ये प्रतिवेदन भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्टों में दर्ज ऑडिट आपत्तियों के आधार पर तैयार किए गए हैं। लोकलेखा समिति ने संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली, वित्तीय अनुशासन और सार्वजनिक धन के उपयोग की गहन समीक्षा के बाद अपनी सिफारिशें सदन के पटल पर रखीं।

सदन में प्रस्तुत पहला प्रतिवेदन कैग की उस रिपोर्ट पर आधारित है, जो 31 मार्च 2010 को समाप्त वर्ष के लिए थी और जिसमें कृषि विभाग से जुड़ी ऑडिट आपत्तियों का उल्लेख है। समिति ने कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन, बजट उपयोग और प्रक्रियागत खामियों पर टिप्पणी करते हुए विभाग से स्पष्ट जवाबदेही तय करने की सिफारिश की है। दूसरा प्रतिवेदन 31 मार्च 2011 को समाप्त वर्ष की कैग रिपोर्ट पर आधारित है, जिसमें पंचायती राज विभाग से संबंधित ऑडिट आपत्तियों को शामिल किया गया है। इस प्रतिवेदन में ग्राम पंचायतों से लेकर जिला स्तर तक वित्तीय प्रबंधन, कार्यों के निष्पादन और अभिलेखों के रख-रखाव में पाई गई अनियमितताओं की ओर ध्यान दिलाया गया है। समिति ने पंचायत स्तर पर पारदर्शिता और निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता रेखांकित की है। तीसरा प्रतिवेदन 31 मार्च 2014 को समाप्त वर्ष की कैग रिपोर्ट पर आधारित है, जो सामान्य (जनरल एवं सोशल सेक्टर) से संबंधित ऑडिट आपत्तियों पर केंद्रित है।

# तेल और गरम तासीर वाले पदार्थों का कम सेवन करे विपक्ष, गुस्सा नहीं आएगा : पाठक

## विधान परिषद में उप मुख्यमंत्री ने सपा नेताओं को लिया आड़े हाथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



सदन में बोलते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक विधान परिषद में गुरुवार को प्रश्नकाल में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं के मुद्दे पर सपा सदस्यों को जवाब दे रहे थे। उन्होंने नेता विरोधी दल समेत अन्य सदस्यों को तेल और गरम तासीर वाली पदार्थों का कम सेवन की सलाह देते हुए कहा कि इससे गुस्सा जल्दी आता है और शरीर बीमार होता है।

ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रकृति द्वारा शरीर को अनुमन्य भोज्य पदार्थों का ही सेवन करना चाहिए, शारीरिक श्रम जरूर करना चाहिए। कोई काम न हो तो खुद को घर के काम में व्यस्त रखकर स्वस्थ रहें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गंभीर रोगों से ग्रसित रोगियों के लिए लगातार काम कर रही है। हर जिले में मेडिकल कॉलेज की सुविधा है। हमारे पास गोरखपुर और रायबरेली में दो एम्स हैं, जो रोगियों का गुणवत्तापूर्ण इलाज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मानक विहीन चिकित्सालयों के विरुद्ध विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जाती रहती है। वर्तमान में प्रदेश में 16520 चिकित्सक तैनात हैं। नए चिकित्सकों की तैनाती भी की जा रही है।

### ब्राह्मणों के सम्मान को लेकर उठाए सवाल

**अमृत विचार :** विधान परिषद में सपा सदस्यों ने पीडीए के साथ ही ब्राम्हण कार्ड भी खेला, प्रश्नकाल में सपा के मुकुल यादव ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को स्नान करने से रोके जाने का मुद्दा उठाया, उन्होंने रामचरित मानस की चौपाई का वाचन करते हुए कहा कि शिखा काटना ही ब्राम्हण की मृत्यु समान होता है। प्रदेश में आराजकता का माहौल है, इस पर सत्तापक्ष कहा कि 2015 में सपा सरकार ने उन पर लाठीचार्ज करवाया था।

**इलाज डॉक्टरों से मिलता है इमारत से नहीं :** विधान परिषद में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सपा सदस्य आशुतोष सिन्हा पर जमकर बरसे। सपा सरकार के कामकाज को कुकर्म बताते हुए गाय-पड़वा की एक देशी कहानी सुनाकर तंज भी कसा। उन्होंने कहा कि सपा ने मेट्रो ही नहीं, अस्पतालों की इमारतें बनवाईं, मगर डॉक्टर की व्यवस्था नहीं की, उनका चलाने का कोई इरादा नहीं था, सिर्फ ठेकेदारी व लूट का खेल खेला गया। उप मुख्यमंत्री प्रश्नकाल में सपा के आशुतोष सिन्हा के कन्नौज मेडिकल कॉलेज में हृदय और कैंसर हास्पिटल में पद व उपलब्ध इलाज के मुद्दे पर जवाब दे रहे थे, उन्होंने कहा कि सिर्फ बिल्डिंग से अस्पताल नहीं चलता। बिल्डिंग बनाकर छोड़कर चले गए। उन्होंने कहा कि अभी सहायक शिक्षकों की संख्या पर्याप्त है, चार साल की सेवाएं देने के बाद ये प्रमोशन के बाद असिस्टेंट प्रोफेसर और प्रोफेसर बन जाएंगे, शिक्षकों की कमी दूर हो जाएगी।

# एएम ग्रुप और इन्वेस्ट यूपी के बीच एमओयू

## 289 एकड़ में कार्बन-फ्री डेटा सेंटर, 2030 तक एक गीगावॉट क्षमता से संचालन का लक्ष्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



एएम ग्रुप के प्रतिनिधियों को लेटर ऑफ इंटेंट सौंपते यीडा के सीईओ। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप प्रदेश को देश का अग्रणी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर हब बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल हुई है। राज्य सरकार की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी इन्वेस्ट यूपी और एएम ग्रुप के बीच एक गीगावॉट हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूट (एचपीसी) एवं एआई हब की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

गुरुवार को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने एएम ग्रुप के प्रतिनिधियों को लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) सौंपा। यीडा द्वारा सेक्टर-28 में 114 एकड़ और सेक्टर-8डी में 175 एकड़, कुल 289 एकड़ भूमि के लिए एलओआई जारी किया गया है। इस भूमि पर अत्याधुनिक, वैश्विक मानकों वाला एआई एवं हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग हब विकसित किया जाएगा। परियोजना यीडा क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से स्थापित की जाएगी, जिसमें लगभग 25 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश का प्रस्ताव है।

परियोजना के तहत लगभग पांच लाख हाई-परफॉर्मेंस चिपसेट्स से युक्त डेटा सेंटर विकसित किया जाएगा, जो 24×7 कार्बन-फ्री ऊर्जा पर आधारित होगा। इसके लिए पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा और पम्प्ड स्टोरेज जैसी स्वच्छ ऊर्जा प्रणालियों का उपयोग किया जाएगा। पहले चरण का संचालन वर्ष 2028 तक शुरू करने का लक्ष्य है, जबकि वर्ष 2030 तक पूर्ण 1 गीगावॉट क्षमता प्राप्त करने की योजना है।

# पर्यटन विकास पारदर्शिता के साथ होगाः जयवीर

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा के बजट सत्र 2026-27 के चौथे दिन विधान परिषद में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने प्रदेश में पर्यटन विकास को लेकर सरकार की नीति और प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया। सदस्यों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का तथ्यात्मक उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थलों का विकास निर्धारित गाइडलाइन, बजट की उपलब्धता और निर्विवाद, निःशुल्क भूमि की शर्तों के आधार पर ही किया जाता है। मंत्री ने ललितपुर, सीतापुर, झांसी और मिर्जापुर के धार्मिक एवं आस्था केंद्रों के संबंध में बताया कि बुनियादी पर्यटक सुविधाएं- जैसे शौचालय, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और साइनेज ही पर्यटन विभाग के दायरे में आती हैं, जबकि जीर्णोद्धार एवं संरचनात्मक कार्य वर्तमान गाइडलाइन्स में अनुमन्य नहीं हैं।

# ब्रह्मोस के संग 'हार्ड पावर' विजन का संदेश




- मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बदली कवर इमेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश करने वाली सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने 'नए यूपी' की बढ़ती ताकत का संकेत दिया। बजट 2026-27 के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कवर इमेज बदल दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्रह्मोस संग अपनी फोटो लगाकर 'हार्ड पावर' विजन का संदेश दिया। सोशल मीडिया हैंडल पर मुख्यमंत्री का यह संदेश बताता है कि लखनऊ में ब्रह्मोस निर्माण के जरिए उत्तर प्रदेश एक तरफ रक्षा उत्पादन का उभरता वैश्विक हब हो गया है।

# श्रृंगवेरपुर को मिलेगा अयोध्या जैसा वैभव

**अमृत विचार, लखनऊ :** रामनगरी अयोध्या की तर्ज पर निषादराज की राजधानी श्रृंगवेरपुर को भव्य और आकर्षक रूप दिया जा रहा है। प्रयागराज जिले के इस ऐतिहासिक व पौराणिक स्थल पर निषादराज गुह्य सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण तेज गति से जारी है। उप्र. संस्कृति विभाग की इस परियोजना की लागत 19.61 करोड़ रुपये है और लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस परियोजना में लगभग 400 लोगों की क्षमता वाला आधुनिक ऑडिटोरियम भी है, जहां विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ऑडिटोरियम में स्टेप स्लैब का काम प्रगति पर है और ब्रिकवर्क पूरा हो चुका है। साथ ही पूरे परिसर में आर्किटेक्चरल व स्ट्रक्चरल कार्य, विद्युत और आंतरिक जल आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है।

# नए बिजली कनेक्शन पर वसूले गए 6016 रुपये समायोजित हों

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने नए बिजली कनेक्शनों पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर के नाम पर की गई 6016 प्रति उपभोक्ता की अतिरिक्त वसूली के समायोजन और अविकसित कॉलोनियों में बिजली कनेक्शन संबंधी नियमों में संशोधन की मांग उठाई है। यह प्रस्ताव परिषद के अध्यक्ष एवं सप्लाई को रिव्यू पैनल सब कमेटी के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष से मुलाकात कर दिया है। परिषद के अध्यक्ष ने गुरुवार को बताया कि 31 दिसंबर से प्रदेश में नई कॉस्ट डाटा बुक लागू की गई है, लेकिन उससे पूर्व बिना आयोग की अनुमति के स्मार्ट प्रीपेड मीटर के नाम पर प्रति उपभोक्ता 6016 की वसूली की गई।

पायलट प्रोजेक्ट | लाभार्थियों को नहीं भरना होगा फार्म, पोर्टल कर लेगा ट्रेस

# फैमिली आईडी से ऑटोमेटिक बनेगी वृद्धा पेंशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोरखपुर, कन्नौज, हरदोई ललितपुर व गाजियाबाद में शुरू होगी व्यवस्था

**अमृत विचार :** नियोजन विभाग की तरफ से चल रहा अभियान ''एक परिवार एक पहचान'' के तहत फैमिली आईडी बनवाने वाले बुजुर्ग लाभार्थियों को वृद्धा पेंशन के लिए न कोई आवेदन करना होगा, न ही कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ेंगे। बल्कि उनकी फैमिली आईडी से उम्र और आय के आधार पर ऑटोमेटिक वृद्धा पेंशन का फार्म भर जाएगा। सिर्फ लाभार्थी की सहमति लेकर उसकी बायोमेट्रिक कराकर पेंशन स्वीकृत कर दी जाएगी।

समाज कल्याण विभाग ये नई व्यवस्था पायलट प्रोजेक्ट के रूप में गोरखपुर, कन्नौज, हरदोई, ललितपुर व गाजियाबाद में शुरू करेगा। इन जिलों में एनआईसी पोर्टल विकसित कर रहा है। नये पोर्टल पर समाज कल्याण विभाग और साथ फैमिली आईडी का विवरण लिंक होगा। यदि फैमिली आईडी में 60 वर्ष से ऊपर का कोई लाभार्थी पेंशन योजना से वंचित होगा तो उसका विवरण समाज कल्याण विभाग से ट्रेस होकर ऑटोमेटिक फार्म भर जाएगा। इसके अलावा जो पहले से पेंशन पा रहे या अपात्र हैं, उन्हें लाभ नहीं मिलेगा। साथ ही डुप्लीकेसी रुकेगी। इससे बिना भागदौड़ और आसानी से घर बैठे बुजुर्गों की पेंशन बनेगी। आगे अन्य योजनाओं में फैमिली आईडी से चयन होगा। अभियान के तहत केंद्र व राज्य के 32 विभागों की 98 महत्वपूर्ण योजनाएं फैमिली आईडी के डाटाबेस के साथ इंटीग्रेट हो चुकी हैं।

### एक नजर में आंकड़े

- प्रदेश में पेंशनर – 65.50 लाख
- फैमिली आईडी से सृजित 4 करोड़ परिवार
- फैमिली आईडी सृजित 15.62 करोड़ व्यक्ति

### पोर्टल आय और उम्र से करेगा ट्रेस व बायोमेट्रिक

अब आय समेत अन्य प्रमाण पत्र आधार प्रमाणिक बनते हैं। इस आधार पर नया पोर्टल फैमिली आईडी के पेंशन से वंचित लाभार्थियों की उम्र और आय ट्रेस करके उनका ऑटोमेटिक फार्म भरेगा। इसके बाद लाभार्थी की सहमति लेकर उसका बायोमेट्रिक कराया जाएगा। इससे पात्रता संबंधित पूरी जांच भी हो जाएगी। इस योजना का मकसद जरूरतमंदों का बिना दौड़भाग के ऑटोमेटिक पेंशन का फार्म भरकर लाभान्वित करना है।

# भाजपा सरकार ने देश का बाजार विदेशियों को सौंप दिया : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि ये 'डील' वो 'डाल' है, जिसको उस पर बैठने वाला ही काट रहा है। ये डील हमारे देश की सिर्फ खेती-मज़दूरी ही नहीं, बल्कि हर तरह के पैदावार-उत्पादन, काम-कारोबार और रोज़गार के खिलाफ है। अब भाजपा के वो संगी-साथी कहां भूमिगत हो गये हैं, जो स्वदेशी का नारा लगाते थे। आत्मनिर्भरता की जगह भाजपाइयों को 'परनिर्भरता' का नारा अपना लेना चाहिए। सपा प्रमुख ने गुरुवार को कहा कि भाजपा सरकार ने देश का बाजार विदेशियों को सौंप दिया है। इससे खेती किसानी और किसानों का बड़े पैमाने पर नुकसान होगा।

# छूटे तीन करोड़ बच्चों को आज खिलाई जाएगी दवा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान का मॉपअप राउंड आज

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर प्रदेश में 6.7 करोड़ बच्चों ने पेट के कीड़ों से बचाव की दवा एल्बेंडाजाल खाई। छूट गए बच्चों के लिए शुक्रवार को मापअप राउंड चलाया जाएगा। विशेषज्ञों का कहना है कि पेट में कीड़े रहने से बच्चे कुपोषित हो जाते हैं। इसलिए बचे सभी 1 से 19 साल आयु के बच्चे शुक्रवार को दवा का सेवन जरूर करें।

एसजीपीजीआई की वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ पियाली भट्टाचार्य के अनुसार बच्चों के पेट में कीड़े होने पर वे आंतों में खून चूसते हैं। एल्बेंडाजाल सीधे कीड़े को मारने का काम करती है। दवा खाने के बाद पेट में मौजूद कीड़े मचलते हैं। इससे उल्टी, पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। इसलिए इससे घबराने की जरूरत नहीं है। इन दुष्प्रभावों को घर पर रहकर की ठीक किया जा सकता है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के महाप्रबंधक डॉ. सतीश कुमार गौतम ने गुरुवार को बताया कि एल्बेंडाजाल सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से खिलाई जाएगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### कोर्ट की पार्किंग से वकील की बाइक चोरी

**बाराबंकी, अमृत विचार** : सिविल कोर्ट परिसर के पार्किंग एरिया से एक अधिवक्ता की बाइक चोरी हो गई। दिलीप कुमार एडवोकेट 9 फरवरी की सुबह अपनी बाइक पार्किंग में खड़ी कर कार्य में व्यस्त हो गए। शाम करीब 4 बजे वापस लौटने पर उनकी बाइक मौके पर नहीं मिली। सीसीटीवी फुटेज की जांच कराई गई तो एक अज्ञात व्यक्ति दोपहर में बाइक ले जाते दिखा। अधिवक्ता ने उसी दिन चौकी पर सूचना दी, लेकिन कार्रवाई न होने पर 10 फरवरी को कोतवाली नगर में शिकायत की। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है।

### साइबर सेल ने खातो में वापस कराये रुपये

**बाराबंकी, अमृत विचार** : व्हाटसएप पर एपीके फाइल भेजकर मोबाइल हैक कर आवेदक के खाते से पैसे निकाल लेने की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए साइबर सेल ने पीड़ित के रुपये खाते में वापस कराए। अनिल कुमार ने व्हाट्सएप पर एपीके फाइल भेजकर मोबाइल हैक कर उनके खाते से 51,551 रुपये निकाल लेने के सम्बन्ध में शिकायती पत्र दिया गया। साइबर क्राइम सेल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित कर धनराशि खाते में वापस कराई गई।

### लूट की घटना में वांछित अपराधी दबोचा गया

**बाराबंकी, अमृत विचार** : जहांगीराबाद क्षेत्र में मछली फार्म पर लूट के प्रकरण में पुलिस ने 15 हजार रुपये के इनामी अपराधी को गिरफ्तार कर लूट के रुपये व एक तमंचा बरामद किया है। पुलिस द्वारा वांछित विनोद कुमार रावत उर्फ आशू को बहादुरपुर के पास से गिरफ्तार किया। इसके कब्जे से लूट के 10,200 रुपये व एक देशी तमंचा बरामद किया गया। वांछित सूरज उर्फ रूपेन्द्र व अन्य की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पूछताछ से पता चला कि इनका गिरोह अपने साथियों के साथ लूट, चोरी जैसे अपराध करता है।

### 45 लाख की मार्फीन के साथ तस्कर बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार** : जैदपुर पुलिस ने 45 लाख कीमत की 416 ग्राम मार्फीन व एक कार समेत अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थ तस्कर अ चन्दन राज निवासी मोहावरी पुरवा पैसार थाना कोतवाली नगर को अटवा चौराहा जैदपुर से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 416 ग्राम अवैध मार्फीन, 2 मोबाइल फोन व एक कार बरामद की गई। इसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीकृत किया गया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर लापता

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार** : बकरियों के खरीदार के बुलाने पर उसके साथ भेजे गए 14 वर्षीय किशोर का कुछ पता नहीं चला है। अनहोनी की आशंका से परेशान महिला ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुबेहा थाना क्षेत्र के बली गेरावां गांव की सपना पत्नी रोशन लाल ने बताया कि बकरियां खरीदने के लिए खरीदार अक्सर उसके घर आते रहते हैं। 15 दिन पहले खरीदार फिर आए और बकरियां ज्यादा होने की वजह से उनके पुत्र आदित्य को अपने साथ ले जाने की बात कही। जिस पर उन्होंने भरोसा करके अपने पुत्र को उनके साथ भेज दिया। महिला ने बताया कि 11 फरवरी की रात उसकी अपने पुत्र से बात हुई लेकिन उसके बाद से उसका मोबाइल लगातार स्विच ऑफ जा रहा है।

### पति व पांच बच्चों को छोड़कर महिला लापता

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार** : दरियाबाद थाक्षेत्र में एक महिला बच्ची के साथ लापता हो गई। वह अपने पीछे पांच बच्चों व पति को छोड़ गई। पति ने बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। एक गांव वासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पत्नी 5 फरवरी को दोपहर 3 बजे बिना किसी को कुछ बताए घर से कहीं चली गईं। उस समय वह जयपुर में था। सूचना मिलने पर वह घर पहुंचा और रिश्तेदारी व अन्य स्थानों पर काफी खोजबीन की, लेकिन पत्नी का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### लूट के शिकार पीड़ित ने एसपी से की शिकायत

**बाराबंकी, अमृत विचार** : एक सप्ताह पूर्व दबंगों द्वारा युवक की पिटाई के बाद रुपये छीनने की घटना पर सफदरगंज पुलिस द्वारा कार्रवाई न किये जाने पर पीड़ित ने एसपी से शिकायत की है। सैदनपुर निवासी पप्पू रावत गत 4 फ़रवरी की दोपहर बाइक से गणेशपुर से प्यारेपुर जा रहा था। जमलापुर के निकट सियाराम ने अपने दो अन्य साथियों के साथ उसे नहर पर रोक लिया और गालियां देते हुए लात-घूंसों एव डंडो से जमकर पिटाई कर दी तथा जेब में रखी 10 हजार की नकदी छीन ली। पीड़ित के शोर मचाने पर दबंग ऐलानिया धमकी देते हुए फरार हो गये। पीड़ित ने उसी दिन थाना सफदरगंज मे मारपीट एवं रुपये छीनने की तहरीर दी लेकिन पुलिस ने आज तक कोई कार्रवाई नहीं की।

# दुर्घटना में दो सगे भाइयों की मौत

## ड्यूटी से लौटते समय डीसीएम ने बाइक में मारी टक्कर, साथी की हालत गंभीर

निन्दूरा, बाराबंकी



अंकित फाइल फोटो।



विकास फाइल फोटो।



रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : घुंघटेर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में ड्यूटी कर घर लौट रहे तीन युवकों की बाइक को तेज रफ्तार डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दो सगे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में जहां एक घर के दो चिराग बुझ गए, वहीं मृतकों में एक तीन माह पहले ही पिता बना था।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पीरनगर गांव निवासी अंकित यादव (24) और उनके छोटे भाई विकास यादव (20) पुत्र कमलेश यादव अपने साथी विकास (23) पुत्र सुरेश निवासी चुलिहापुरवा के साथ कुर्सी औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक अलमारी फैक्ट्री में कार्यरत थे। बुधवार रात ड्यूटी समाप्त कर तीनों एक ही बाइक से घर लौट रहे थे। देर रात करीब एक बजे निगोहां-बजगहनी मार्ग पर सामने से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे के बाद डीसीएम चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस को अंकित और उनके भाई विकास मृत अवस्था में मिले। जबकि तीसरा युवक विकास घायल अवस्था में पड़ा था। उसे अस्पताल भेजा गया, जहां हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की खबर जैसे ही पीरनगर गांव पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। अंकित की शादी हो चुकी थी और तीन माह पहले ही उसके घर बेटे का जन्म हुआ था। छोटा भाई विकास अविवाहित था। एक ही घर के दो जवान बेटों की असमय मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एक साथ हुई दो मौतों से परिवार में कोहराम मच गया है। इसके साथ ही गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है।

### हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

जहांगीराबाद के भयारा स्थित गैस एजेन्सी के पास बुधवार देर शाम ऑटो ने बाइक में टक्कर मार दी। घटना में लवलेश कुमार (25) निवासी लहबड़पुरवा गंभीर रूप से घायल हो गया। कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। वह पत्नी अनीता व दो बच्चों लवी (5) व गुनगुन (3) के साथ रहता था। बस चालक लवलेश ड्यूटी से वापस घर लौट रहा था। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## फंदे से लटका मिला युवक का शव

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घर लौटे परिजनों को घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

भेंदुआ बहरेला में हुई घटना में शव की पहचान सुधीर सिंह उर्फ बड़कऊ (40) पुत्र विनय सिंह के रूप में हुई। बताया जा रहा कि युवक ने बरामदे की छत में लगे कुंडे से रस्सी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। परिजनों के अनुसार घटना के समय घर के अन्य सदस्य एक मांगलिक कार्यक्रम में गए हुए थे, वहीं सुधीर की पत्नी पिंकी सिंह दोनों बेटी नैंसी, आंचल और बेटा रोहित के साथ घर के अंदर सो रही थी। परिवार के सदस्यों के वापस लौटने पर घटना का पता चला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। कोतवाल जगदीश प्रसाद शुक्ला ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

## चोरी के 1495 लीटर डीजल के साथ तीन शातिर गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में आये आरोपी। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार** : पेट्रोल पंप पर खड़े वाहनों से डीजल चोरी के बाद सक्रिय हुई लोनीकटरा पुलिस ने 3 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 31 गैलन व 2 ड्रम में चोरी का 1495 लीटर डीजल, चोरी की घटना में प्रयुक्त इनोवा कार, औजार, उपकरण व एक तमंचा बरामद किया है। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि पुलिस ने पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त मो. शोहराब, सतीश कुमार व हरिओम को हुसैनाबाद नेशनल हाईवे-56 अण्डरपास के पास से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से चोरी का 1495 लीटर डीजल, इनोवा कार, मोहम्मद शोहराब के पास से एक तमंचा आदि बरामद किया गया। पूछताछ से पता चला कि अभियुक्त मोहम्मद शोहराब अपने साथी सत्य प्रताप व राहुल के साथ रात में खड़े वाहनों से डीजल चोरी करते थे। चोरी के डीजल को सतीश, हरिओम की दुकान पर बेच दिया जाता है। इनके द्वारा 11 फरवरी की रात थाना क्षेत्र में दो वाहनों से डीजल चोरी किया था।

## चोरी के माल के साथ दो गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार** : स्वाट, सर्विलांस व कोतवाली नगर पुलिस टीम ने 2 शातिर चोरों को गिरफ्तार इनके कब्जे से चोरी के जेवर, घटना में प्रयुक्त एक बाइक व नकदी बरामद की है। पुलिस ने मो. अमान व अजमल को लखनऊ-अयोध्या हाईवे से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से चोरी का एक डिब्बा हार का सेट पीली धातु, बिछिया 8 पीस सफेद धातु, एक नाक की कील पीली धातु, 2 सफेद धातु के सिक्के 31 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, नकदी, 2 एलआईसी की रसीद आदि बरामद की। पूछताछ से पता चला कि इनके द्वारा दिन में आस-पास क्षेत्रों में घूमकर रेकी करने के बाद रात में ताला बन्द घरों में चोरी की जाती है। 29 जनवरी को शान्ति विहार कालोनी, राजेन्द्र नगर स्थित एक घर से ताला तोड़कर जेवरात व नकदी चोरी की गई थी। मो. अमान के विरुद्ध लखनऊ व बाराबंकी में कुल दो दर्जन से अधिक व अजमल के विरुद्ध एक दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं।

## जांच के बहाने इश्क लड़ाने वाला दरोगा लाइन हाजिर



एसआई अखिलेश यादव।

**बाराबंकी, अमृत विचार** : घरेलू विवाद की जांच के बहाने महिला से एकतरफा मोहब्बत में डूबे रामनगर थाने के दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया गया। परिजनों के विरोध पर दरोगा ने झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी थी। जांच पूरी कर सीओ ने एसपी को रिपोर्ट सौंप दी। प्रारंभिक जांच की बिना पर यह कार्रवाई की गई।

बताते चलें कि रामनगर थाना क्षेत्र के कुम्हरावां निवासी अरुण कुमार ने एसपी को बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व पत्नी से हुए विवाद की शिकायत पर एसआई अखिलेश यादव उनके घर जांच के लिए आए थे। आरोप है कि इसी दौरान दरोगा ने पत्नी को नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे फोन पर बातचीत शुरू की, जो बाद में कथित तौर पर प्रेम प्रसंग में बदल गई। पीड़ित का कहना है कि कई बार दरोगा जबरन उसकी पत्नी को कार में बैठाकर ले गया। एक बार वह घर में पत्नी के अकेले होने पर भी पहुंचा और दोनों आपत्तिजनक स्थिति में देखे गए। परिवार द्वारा दरोगा के घर आने-जाने पर रोक लगाने से नाराज होकर 28 जनवरी को दरोगा घर पहुंचा, गाली-गलौज की और पूरे परिवार को डकैती के मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। मामले में बातचीत का ऑडियो वायरल होने के बाद महकमे में हलचल मच गई। हालांकि, एसआई अखिलेश यादव ने सभी आरोपों को निराधार बताया। एसपी के निर्देश पर मामले की जांच सीओ रामनगर गरिमा पंत कर रही थीं। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि प्रारंभिक जांच के आधार पर आरोपी दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया गया है। विभागीय जांच जारी है।

## करणी सेना ने घेरी कोतवाली

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार** : करणी सेना के प्रदेश महामंत्री के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने से नाराज कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को कोतवाली का घेराव कर नारेबाजी की। इसके बाद सीओ के रहते हुई बातचीत में मामले की निष्पक्ष जांच की मांग रखी गई। पुलिस के आश्वस्त करने पर कार्यकर्ता माने। करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरू सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कोतवाली पहुंच गए। यहां पर नारेबाजी के बाद प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। आरोप लगाया कि प्रकरण में बिना समुचित जांच और साक्ष्यों के मुकदमा दर्ज किया गया है। चेतावनी दी कि यदि निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन को बाध्य होगा। सीओ जटाशंकर मिश्रा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि पूरे मामले की जांच तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर पारदर्शी ढंग से की जाएगी।

## बोर्ड परीक्षा कर्मियों को टोल टैक्स से छूट

- जिलाधिकारी ने बैठक में किया आश्वस्त





बैठक में दिशा-निर्देश देते डीएम। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार** : हाईस्कूल एवं इंटर की बोर्ड परीक्षा नकलविहीन संपन्न कराने के उद्देश्य से डीएम शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में गुरुवार को लोकसभागार में दो पालियों में बैठक हुई। परीक्षा 18 फरवरी से 12 मार्च तक आयोजित होगी।

बैठक में 13 संवेदनशील केंद्रों सहित जनपद के सभी 110 परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक, बाह्य केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 22 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 7 जोनल मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे। प्रथम सत्र में उप नियंत्रक, राजकीय इंटर कॉलेज ने उत्तर पुस्तिकाओं के आवंटन, प्रश्नपत्र वितरण और उत्तर पुस्तिकाओं को संकलन केंद्र पर जमा कराने संबंधी निर्देश दिए। डीआईओएस ओपी त्रिपाठी ने स्ट्रांग रूम व्यवस्था, डबल लॉक अलमारी, सीसीटीवी संचालन सहित परीक्षा से जुड़े अधिकारियों के दायित्वों पर जानकारी दी। उन्होंने केंद्रों पर मिश्रित बैठक व्यवस्था, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा तथा 'क्या करें और क्या न करें' के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा। एएसपी दक्षिणी ने परीक्षा अवधि में केंद्रों पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने का आश्वासन दिया। डीएम ने स्पष्ट किया कि परीक्षा कार्य में लगे सभी अधिकारी एवं कर्मचारी नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की शिथिलता पाए जाने पर त्वरित विधिक कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने विद्युत विभाग को परीक्षा अवधि में बिजली कटौती न करने के निर्देश दिए तथा परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ रोकने, संवेदनशील केंद्रों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने और परीक्षा ड्यूटी में लगे कर्मियों को टोल टैक्स से छूट के लिए आश्वस्त किया। उधर राज्य स्तरीय पर्यवेक्षक प्रतिमा सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

## एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार** : रामपुर में बुधवार को अधिवक्ता फारूक अहमद खान की हत्या के विरोध में गुरुवार को अधिवक्ताओं ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राजेश विश्वकर्मा को सौंपते हुए प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू करने की मांग की। तहसील बार अध्यक्ष अचल कुमार मिश्रा व महामंत्री सुनील कुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में अधिवक्ता तहसील मुख्यालय पर एकत्रित हुए। इसके बाद मुख्य चौराहे से तहसील तक जुलूस निकालते हुए नारेबाजी की गई। ज्ञापन में अधिवक्ता फारूक अहमद खान के हत्यारे को फांसी की सजा देने, परिजनों को 50 लाख की सहायता, परिवार के एक सदस्य को नौकरी की मांग की गई। प्रदर्शन में संजय सिंह, सोमिल शुक्ला, विभोर गुप्ता, आशीष मिश्रा, सूरज, नरेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

**आस्था** | लोधेश्वर महादेवा में दूरदराज के जिलों से कांवरियों के जत्थों का लगातार जारी है आगमन

# बिठूर का पावन जल, कंधों पर कांवर, पीढ़ियों से निभ रही परंपरा

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार** : लोधेश्वर महादेवा में चल रहे फागुनी मेले में इन दिनों आस्था और उत्साह देखने को मिल रहा है। दूर-दराज जिलों से कांवरियों के जत्थे डीजे की भक्ति धुनों पर नाचते-गाते मंदिर पहुंच रहे हैं। इस बार बच्चे भी कांवर यात्रा में भाग ले रहे हैं। पीढ़ियों से परंपरा निभाते कांवरिये रंग-बिरंगी झालरों से सजी कांवर कंधों पर रखे, पैरों में माहुर लगाए और घुंघरू बांधे भक्ति में लीन मंदिर की ओर बढ़ते नजर आ रहे हैं। श्रद्धालु पहले बोहनिया व अभरण सरोवर तालाब में स्नान कर क्षमा याचना करते हैं, इसके बाद शिवलिंग का जलाभिषेक करते हैं।



डीजे की धुन पर थिरकते कांवरिये। ● अमृत विचार

कानपुर देहात के ग्राम महमूदपुर से महंत कृष्ण मुरारी के नेतृत्व में हेमंत, अमन, दीपक राजपूत, नीरज, बृजबिहारी, सुधीर, कमलेश, नेहा, पूजा व संध्या पाल सहित 16 श्रद्धालुओं का जत्था 8 फरवरी की शाम बिठूर घाट से गंगा जल भरकर रवाना हुआ। बुधवार देर रात महादेवा पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद मेला बाग में भंडारा कर पूरी-सब्जी का प्रसाद वितरित किया। महंत ने बताया कि उनका जत्था पिछले 15 वर्षों से लगातार कांवर यात्रा कर रहा है और भोले बाबा की कृपा से उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती रही हैं। इसी क्रम में औरैया के ग्राम पूराकला से महंत श्रवण कुमार कश्यप के नेतृत्व में विनोद कुमार, श्याम सुंदर तिवारी, गिरजा शंकर, सुरेंद्र शर्मा व श्यामू सहित श्रद्धालु बिठूर से जल भरकर महादेवा पहुंचे। यह जत्था लगभग 30 वर्षों से कांवर लेकर आ रहा है। कानपुर के जाजमऊ घाट से भी 9 फरवरी को जल भरकर निकला एक जत्था महादेवा पहुंचा। महंत कुलदीप ने बताया कि पिछले 17 वर्षों से देशराज, अंकित, धीरज, अमन, बच्चा लाल सहित करीब 40 कांवरिया इस यात्रा में शामिल हो रहे हैं। समाजसेवियों व शिव भक्तों द्वारा जगह-जगह भंडारे आयोजित कर श्रद्धालुओं की सेवा की जा रही है।

### बाइक टच होने पर कांवरियों ने युवक को पीटा

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार** : महंगूपुर के पास बाराबंकी-गोंडा हाईवे पर गुरुवार शाम एक बाइक सवार युवक और कांवरियों के जत्थे के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि बाइक का हल्का स्पर्श एक कांवरिये से होने पर कुछ लोग उग्र हो गए और युवक के साथ मारपीट कर दी। डीह निवासी सुभाष वर्मा पुत्र वीरेंद्र वर्मा गुरुवार शाम करीब आठ बजे बाइक से घर लौट रहे थे। महंगूपुर के पास हाईवे पर पैदल जा रहे कांवड़ियों के जत्थे के बीच से गुजरते समय उनकी बाइक का हल्का स्पर्श एक कांवड़िये से हो गया। इस पर जत्थे में शामिल कुछ लोगों ने युवक को घेर लिया और लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। बताया जा रहा कि युवक किसी तरह मौके से जान बचाकर भाग निकला, जबकि आक्रोशित लोगों ने उसकी बाइक में तोड़फोड़ कर दी। घटना के दौरान कुछ देर के लिए हाईवे पर जाम जैसी स्थिति भी बन गई। जत्था आगे बढ़ने के बाद युवक अपनी क्षतिग्रस्त बाइक लेकर वहां से चला गया। मामले में पुलिस को सूचना दिए जाने की चर्चा है।

### शिल्पी वर्मा को मिली पीएचडी की उपाधि



पीएचडी उपाधि प्राप्त करतीं शिल्पी वर्मा।

**बाराबंकी, अमृत विचार** : मुनेश्वर विहार कॉलोनी निवासी संजय कुमार एवं विद्यावती वर्मा की पुत्री शिल्पी वर्मा ने देव संस्कृति विवि, शांतिकुंज हरिद्वार से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की उनका शोध विषय 'प्राण एवं प्राणायाम का मस्तिष्क तरंगों पर प्रभाव : एक प्रायोगिक एवं विश्लेषणात्मक अध्ययन' रहा, जिसमें उन्होंने प्राण साधना व प्राणायाम तकनीकों का मस्तिष्क की अल्फा, बीटा, थीटा एवं डेल्टा तरंगों पर प्रभाव का वैज्ञानिक विश्लेषण प्रस्तुत किया। पीएचडी के बाद शिल्पी वर्मा को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली की पोस्ट डॉक्टोरल फेलोशिप भी प्रदान की गई है।

### शिक्षकों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा: अभिषेक



संगठन के पदाधिकारियों के साथ जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार** : लोकसभा में शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी द्वारा टीईटी-विहीन शिक्षकों के संबंध में दिए गए हालिया उत्तर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। संगठन के जनपदीय कार्यालय पर आयोजित पदाधिकारियों की बैठक में उन्होंने कहा कि यह विषय केवल तकनीकी योग्यता का नहीं, बल्कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के सम्मान, अधिकार और न्याय से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि जिन शिक्षकों की नियुक्ति उस समय लागू नियमों व निर्धारित मानकों के अनुसार हुई और जिन्होंने दीर्घकाल तक निर्विवाद सेवा दी है, उन पर सेवा के अंतिम चरण में नई योग्यता लागू करना नैतिक व विधिक रूप से उचित नहीं है। श्री सिंह ने बताया कि एनसीटीई के गजट में स्पष्ट उल्लेख है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षक इस बाध्यता से मुक्त रहेंगे, किंतु इस तथ्य का लिखित उत्तर में उल्लेख नहीं किया गया, जो खेदजनक है। बैठक में विजय सिंह यादव, सुधीर चौधरी, सौरभ वर्मा, चंद्र शेखर सिंह, विनीत सिंह, सीमा यादव, अनुमेहा सिंह, अतुल यादव, गिरीश जायसवाल, संतोष सिंह, आदर्श सोनी, आनंद प्रकाश और विशेष सिंह सहित अनेक शिक्षक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### फेयरवेल पार्टी का किया गया आयोजन





फेयरवेल पार्टी में मौजूद प्रधानाचार्य संजय वर्मा व अन्य। ● अमृत विचार

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार** : बीआरजी पब्लिक इंटर कॉलेज में 12वीं के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जूनियर विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर सीनियर छात्रों का स्वागत किया और उन्हें भावभीनी विदाई दी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य संजय वर्मा ने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहने, गुरुजनों का आदर करने तथा लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की सीख दी। कार्यक्रम में अंजलि रस्तोगी, संग्राम वर्मा, आरडी यादव, सत्यदेव वर्मा सहित अन्य शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### बैठक में एकता, नैतिकता व कर्म के मूल्यों पर जोर



बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार** : शांति पुरम सेवा समिति की नियमित बैठक शिवाजी पुरम स्थित नींबू लाल गुप्ता के आवास पर सुरेश चन्द्र बैसवार की अध्यक्षता एवं व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव 'लल्लू' के संचालन में आयोजित हुई। समिति संयोजक डॉ. वीरेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि सुखद जीवन के लिए परिवार और समाज में सामंजस्य बनाए रखना आवश्यक है। कार्यक्रम की शुरुआत साहब नारायण शर्मा की वाणी वंदना और नींबू लाल गुप्ता के मंगलाचरण से हुई। बैठक में रज्जन लाल श्रीवास्तव, दीपक दिवाकर, राम चन्द्र वर्मा, केके शर्मा, राधेश दीक्षित और शत्रोहन लाल वर्मा ने कथा, कविता व सुविचार प्रस्तुत किए। अनिल श्रीवास्तव 'लल्लू' ने हास्य-व्यंग्य से माहौल को जीवंत बनाया। सुरेश चन्द्र बैसवार ने कर्म, समय के सदुपयोग, ईमानदारी और विनम्रता को अपनाने पर बल दिया। गीतकार साहब नारायण शर्मा का जन्मदिन मनाया गया। सभा में राकेश कुमार, राम अभिलाष वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### संदिग्ध बॉबी खरबूजा बीज सील



जांच-पड़ताल करते जिला कृषि अधिकारी। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार** : मेसर्स यूए एग्रो सोल्यूशन प्रा.लि., लखनऊ द्वारा आपूर्ति किया गया बॉबी प्रजाति का 4.70 किग्रा खरबूजा बीज, जिसे मेसर्स चौहान होलसेल प्रा.लि., ट्रांसपोर्ट नगर-लखनऊ से क्रय कर नवीन खुशहाली किसान सेवा केन्द्र, बुढ़वल पर भेजा गया था, जो संदिग्ध पाया गया। बिक्री के दौरान पैकेटों पर महीन स्टीकर चस्पा मिलने पर किसानों से बीज वापस मंगा लिया गया। गुरुवार को संबंधित कम्पनी के ब्रांच मैनेजर राजेश कुमार यादव के साथ जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने केन्द्र पर जांच की। पैकेटों पर स्टीकर चस्पा मिलने व बीज संदिग्ध पाए जाने पर एक नमूना परीक्षण के लिए लिया गया तथा शेष बीज सील कर केन्द्र प्रभारी को सुपुर्द किया गया। डीएम की अनुमति के बाद आपूर्तिकर्ता फर्म मेसर्स चौहान होलसेल प्रा.लि. के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। जिला कृषि अधिकारी ने जनपद के सभी बीज विक्रेताओं को उक्त फर्म से बीज क्रय न करने के निर्देश दिए हैं। किसानों से अपील की गई है कि बॉबी खरबूजा बीज खरीदते समय पैकेट की जांच कर कैशमेमो अवश्य लें।

### विधिक सेवा शिविर व लोक अदालत को लेकर बैठक

**बाराबंकी, अमृत विचार** : जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में 22 फरवरी को आयोजित वृहद विधिक जागरूकता एवं सेवा शिविर तथा 14 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को एडीआर भवन में सिविज जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवानी रावत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी तहसीलों के तहसीलदार व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में निर्देश दिए गए कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक राजस्व वादों के निस्तारण के लिए तहसील स्तर पर अभियान चलाया जाए। सचिव ने बताया कि 22 फरवरी को जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में योजनाओं से संबंधित जानकारी एवं पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी। शिविर के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए गए।

न्यूज ब्रीफ

### शौच के लिए गए अधेड़ की छत से गिरकर मौत

**उन्नाव, अमृत विचार।** उल्टी व दस्त से ग्रसित अधेड़ की शौचालय जाते समय पैर फिसलने से छत से गिरकर मौत हो गई। पुरवा कोतवाली के अंगनुआ खेड़ा गांव निवासी महावीर (58) खेती करता था। भाई मन्नू लाल ने बताया कि बीते बुधवार को महावीर का स्वास्थ्य खराब था। उल्टी व दस्त आने से वह भोर पहर छत पर बने शौचालय में शौच के लिए गया था। तभी उसका पैर फिसल गया और वह छत से नीचे गिर कर गंभीर घायल हो गया। परिजन उसे गंभीर हालत में शहर के एक निजी अस्पताल लाए जहां से देर शाम उसे डॉक्टर ने हैलट भेज दिया। परिजन उसे लेकर जा रहे थे तभी शुक्लागंज के पास उसकी मौत हो गई। इस पर शव लेकर परिजन घर लौट गए। पति की मौत की खबर से पत्नी बसंती बेहाल हो गई। उसके दो बच्चों में बेटा योगेश पैर से दिव्यांग है। बेटी रानी की शादी हो गई है। कोतवाली प्रभारी अमरनाथ यादव ने बताया कि भाई के प्रार्थना पत्र पर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों ने छत से गिरने की बात बताई है।

### मिट्टी खनन में ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, केस दर्ज

**बांगरमऊ, अमृत विचार।** ग्राम कलवारी में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध खनन में लिप्त ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर ली। जबकि ट्रैक्टर चालक मौके पर ही वाहन छोड़कर भाग गया। थाना प्रभारी मुन्ना कुमार ने बताया कि जब्त की गई ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर थाने लाया गया है। ट्रैक्टर मालिक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फरार चालक की तलाश जारी है। बिना अनुमति के मिट्टी का खनन करने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# बैंक हड़ताल से 200 करोड़ का लेनदेन ठप

## श्रम कानूनों के खिलाफ कर्मचारियों ने की नारेबाजी, आरपार की लड़ाई की दी चेतावनी

संवाददाता, उन्नाव



बैंक के बाहर नारेबाजी करते बैंक कर्मी। अमृत विचार

**अमृत वचिार।** अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन और बैंक एम्प्लॉई फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त आह्वान पर गुरुवार को बैंकिंग सेवाएं पूरी तरह चरमरा गईं। यूपी बैंक एम्प्लॉईस यूनियन के बैनर तले जिले के बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों ने पंजाब नेशनल बैंक, हाकिम टोला शाखा पर एकत्रित होकर सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन की अध्यक्षता कर रहे सत्यजीत सिंह ने कहा कि सरकार की नीतियां मजदूर विरोधी हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, हम तब तक लड़ेंगे जब तक जीत हासिल न कर लें। यूएफबीयू के जिला संयोजक दीपक तिवारी ने नए श्रम कानूनों पर कहा कि ये कानून मजदूरों के हित में नहीं बल्कि पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए लाए गए हैं। उन्होंने मांग की कि तथाकथित सरलीकरण के नाम पर किए गए इन बदलावों को सरकार तुरंत वापस ले। यूपी बैंक एम्प्लॉईज यूनियन के जिला मंत्री दीपक कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कॉरपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने के लिए मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन के कारण जिले में बैंकिंग कामकाज पूरी तरह ठप रहा, जिससे लगभग 200 करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन प्रभावित हुआ है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के दावों को भी सरकार का महज एक छलावा करार दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी कर्मचारियों ने एकजुट होकर नारेबाजी की और सरकार को चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। प्रदर्शन में पंकज कुमार, बीडी सिंह, श्वेता सिंह, बुधवीर सिंह, नैंसी सोनी, ओमजी, नीरज, गणेश गुप्ता, अमित कुमार, दिनेश कुमार गौतम, विकास पटेल, कार्तिकेय, अजय प्रताप, रितेश गुप्ता, सुनील, विनीत, जितेंद्र समेत अन्य बैंक कर्मी शामिल रहे।

# 2 तहसीलों के 33 परीक्षा केंद्रों की उत्तर पुस्तिकाएं बांटी गईं

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- 18 फरवरी से शुरू होंगी 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक आयोजित होंगी। इसके लिए गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज से दो तहसीलों के 33 परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापकों को उत्तर पुस्तिकाएं वितरित की गईं।

प्रधानाचार्य परमात्मा शरण ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं की संख्या कम प्राप्त होने के कारण फिलहाल हाईस्कूल में चार दिन तथा इंटरमीडिएट में तीन दिन की परीक्षा के लिए छात्र संख्या के अनुपात में कॉपियां उपलब्ध कराई गई हैं। शेष उत्तर पुस्तिकाएं बाद में उपलब्ध कराई जाएंगी। केंद्र व्यवस्थापकों के प्रतिनिधियों ने दो चरणों में वितरण पर आपत्ति जताते हुए, कहा कि इससे आने-जाने का अतिरिक्त खर्च बढ़ेगा, क्योंकि कॉपियां लाने के लिए अलग वाहन की व्यवस्था करनी पड़ती है। प्रधानाचार्य ने बताया कि शुक्रवार को हसनगंज, सफीपुर व बांगरमऊ तहसील के केंद्रों तथा शनिवार को सदर तहसील के परीक्षा केंद्रों को उत्तर पुस्तिकाएं वितरित की जाएंगी।

# अनियंत्रित ई-रिक्शा खाई में पलटने से चालक की मौत

**बांगरमऊ, अमृत विचार।** बेहटामुजावर थाना क्षेत्र के संडीला मार्ग पर गुरुवार सुबह एक अनियंत्रित ई-रिक्शा सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरा, जिसके नीचे दबने से चालक संतोष कुमार पाल (35) की मौत हो गई। इस हादसे ने तीन बच्चों के सिर से माता-पिता दोनों का साया छीन लिया है।

ग्राम शादीपुर निवासी संतोष कुमार पाल गुरुवार सुबह करीब 7 बजे एक कीर्तन मंडली को छोड़कर वापस लौट रहा था। बेहटा गांव के पास अचानक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर गहरी खाई में पलट गया। संतोष रिक्शे के नीचे दबकर करीब दो घंटे तक तड़पता रहा, बेहटा मुजावर पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से उसे बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। संतोष की मौत के बाद अस्पताल पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। संतोष की पत्नी रीना का करीब 6 साल पहले निधन हो गया था। उसका 12 वर्षीय बेटा अभिषेक उसके साथ रहता था। अन्य दो बच्चे विवेक (14) और वंदना (8) ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं।



मृतक संतोष का फाइल फोटो।

## चयनित एआरपी 3 दिन में कार्य भार ग्रहण करें

**उन्नाव, अमृत विचार।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार पांडेय ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि जिन शिक्षकों का चयन एआरपी (एकेडमिक रिसोर्स पर्सन) पद पर हुआ है, वे अपने विद्यालय से कार्यमुक्त होकर तीन दिन के भीतर संबंधित बीआरसी में कार्यभार ग्रहण करें। निर्धारित समय में कार्यभार न लेने पर उनका चयन निरस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सामाजिक विषय में आलोक कुमार कुशवाहा का चयन ब्लॉक बांगरमऊ तथा शिखा सिंह का चयन ब्लॉक औरास में हुआ है। गणित विषय में मनीष मिश्रा (औरास) चयनित हुए हैं। विज्ञान विषय में ज्योति (सुमेरपुर) एवं अन्नपूर्णा दीक्षित (असोहा) का चयन हुआ है। वहीं हिंदी विषय में धर्मेंद्र यादव (नवाबगंज), प्रमोद कुमार सिंह (हसनगंज) तथा राममिलन (औरास) को संबंधित बीआरसी में कार्यभार ग्रहण करना है।

# सड़क हादसों में वृद्ध सहित तीन लोगों की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अलग-अलग क्षेत्रों में तेज रफ्तार वाहनों की टक्कर से तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। वहीं अन्य सड़क हादसों में कावड़ियों सहित अन्य लोग गंभीर घायल हो गए है। संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के तुसरौर गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद (70) पुत्र रामेश्वर मिश्रा गुरुवार सुबह करीब पांच बजे शौच क्रिया के लिए सड़क पार कर रहे थे। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। खेत में पानी लगा रहे गांव के युवक मुकेश ने बताया कि हादसे के बाद जब कोई पहुंचता तभी पीछे से आया अज्ञात वाहन ने शव को रौंदते हुए करीब 2 किमी आगे बिल्लेश्वर मंदिर तक घसीटता ले गया। इससे शव क्षत-विक्षत हो गया। हादसे की खबर मिलते पत्नी बिटना, बेटे रामकिशोर, श्याम किशोर बेहाल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुरवा कोतवाली प्रभारी अमरनाथ यादव ने बताया कि बेटे की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### लोडर की टक्कर से रायबरेली के युवक की मौत

**उन्नाव, अमृत विचार।** रायबरेली के रमुआपुर दुबाई गांव के मजरा ठाकुरपुर सचिन मिश्रा (32) पुत्र विनोद कुमार बुधवार को बिहार कस्बा में एक शादी में शामिल होने आया था। जहां से देर रात लौटने समय बिहार थानाक्षेत्र के उन्नाव-लालगंज हाइवे पर आकमपुर के पास लोडर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने उसे पीएचसी सुमेरपुर पहुंचाया। जहां डॉक्टर सुनील कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे मां साधना बेहाल हो गई। सचिन तीन भाई व तीन बहनों में बड़ा था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। भाई की मौत की खबर मिलते वह घर के निकले है। एसओ राहुल सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार 3 घायल

**औरास, उन्नाव।** औरास थाना क्षेत्र में गुरुवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों में एक वृद्ध की हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। मुसलावा गांव निवासी राज (17) पुत्र ब्रजकिशोर, रामजीवन (65) पुत्र बद्री तथा कासिमपुर थाना क्षेत्र के रामपुर भटौली निवासी आशीष (22) पुत्र दीपू एक ही बाइक से भटौली गांव जा रहे थे। औरास-कबरोई मार्ग पर धानमऊ गांव के पास पहुंचते ही किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। रामजीवन को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।

# अनियंत्रित लोडर पेड़ से टकराया 5 कांवड़िए गंभीर रूप से घायल

**बांगरमऊ, अमृत विचार।** बेहटामुजावर थाना क्षेत्र के अंतर्गत संडीला मार्ग पर बुधवार देर रात लोडर चालक को अचानक झपकी आने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में खड़े पेड़ से जा टकराया। हादसे में लोडर पर सवार पांच कांवड़िए गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

कन्नौज के थाना गुरसहायगंज क्षेत्र से करीब डेढ़ दर्जन कांवड़ियों का एक जत्था बाराबंकी स्थित बाबा लोधेश्वर महादेव धाम जल चढ़ाने गया था। बुधवार देर रात सभी कांवड़िए लोडर में सवार होकर वापस अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही उनका वाहन बांगरमऊ-संडीला मार्ग पर स्थित माखन खेड़ा गांव के पास पहुंचा, चालक को नींद की झपकी आ गई और तेज रफ्तार लोडर सीधे पेड़ से जा भिड़ा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लोडर के परखच्चे उड़ गए और चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों में कौशल (31), उपेंद्र (30), कल्लू (38) निवासी हजरतपुर, कन्नौज, नीतीश (25) निवासी खुदलापुर, कन्नौज, मनोज (चालक) निवासी सादुल्लापुर, बाराबंकी शामिल हैं। सभी घायलों को बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने घायलों की नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दे दी है।

## सोशल मीडिया पर गांजा बेचने का वीडियो वायरल, जांच शुरू

**शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार।** गुरुवार को सोशल मीडिया पर गांजा बेचने का एक वीडियो वायरल होने से हड़कंप मच गया। करीब 44 सेकेंड के इस वीडियो में एक युवक झोले में कथित रूप से गांजा रखे दिखाई दे रहा है। इसी दौरान तीन अन्य युवक वहां पहुंचते हैं और विरोध करते हुए उसका वीडियो बनाने लगते हैं। वीडियो में युवक कहते सुनाई दे रहे हैं कि खुलेआम गांजा बेचा जा रहा है। वे झोला दिखाने और पुड़िया निकालने की बात कहते हुए पुलिस से शिकायत करने की बात भी कर रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया है। कोतवाली प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि वीडियो कब और कहां का है, इसकी पुष्टि की जा रही है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। हालांकि वॉयरल वीडियो की पुष्टि आपका अमृत विचार अखबार नहीं करता है।

# भविष्य संवारने की उम्र में टोल प्लाजा पर बूट पॉलिश कर लोगों के जूते चमका रहे बच्चे

**नवाबगंज, अमृत विचार।** कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जो दावों और हकीकत के बीच की खाई को बयां कर रही है। यहां नवाबगंज टोल प्लाजा के पास दो मासूम बच्चे अपने कंधों पर भारी बैग लटकाए राहगीरों के जूते पॉलिश करते नजर आए।

जिस उम्र में इन हाथों में किताबें और खिलौने होने चाहिए थे, उनमें आज गरीबी ने पॉलिश की डिबिया और ब्रश थमा दिया है। करीब 10 से 12 साल के ये दो बच्चे धूप और धूल के बीच पूरे दिन ग्राहकों का इंतजार करते हैं। एक बच्चा बड़ी कुशलता से जूते चमकाता है, तो दूसरा आने-जाने वाले लोगों से काम के लिए गुजारिश करता है। जब किसी राहगीर ने उनसे स्कूल जाने के बारे में पूछा, तो उनके पास कोई जवाब नहीं था सिर्फ एक फीकी मुस्कान और झुकी हुई नजरें थीं, जो उनकी बेबसी को बयां कर रही थीं। प्रदेश सरकार और केंद्र की 'सर्व शिक्षा अभियान' जैसी योजनाएं हर बच्चे को स्कूल पहुंचाने का दम भरती हैं। लेकिन टोल प्लाजा जैसे व्यस्त और संवेदनशील स्थान पर इन बच्चों का खुलेआम बाल श्रम करना प्रशासनिक निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आर्थिक तंगी ने इन परिवारों को इतना लाचार कर दिया है कि वे बच्चों के भविष्य की बलि देने को मजबूर हैं। सामाजिक कार्यकर्ताओं का मानना है कि जब तक प्रशासन इन बच्चों को चिह्नित कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से नहीं जोड़ता, तब तक बाल संरक्षण की बातें केवल कागजी ही रहेंगी।



टोल पर पालिस का बैग लिए बच्चे।

## मिशन शक्ति के तहत किया गया जागरूक

**शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'मिशन शक्ति फेज-5' के अंतर्गत 'सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश' अभियान के तहत गुरुवार को नगर क्षेत्र में महिलाओं को जागरूक किया गया। एंटी रोमियो महिला पुलिस दल ने विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा से जुड़ी सरकारी सेवाओं की जानकारी दी। गंगाघाट कोतवाली की महिला सिपाही श्रद्धा सिंह, मधु यादव और पूजा पाल ने गंगाघाट रेलवे स्टेशन, मरहला चौराहा तथा नगर की विभिन्न बैंकों में महिलाओं से संवाद स्थापित किया। इस दौरान महिलाओं ने नशेबाजी से बचाव आदि के बारे में भी जानकारी दी।



पौधरोपण करते बीएसए एवं अन्य। अमृत विचार

### प्राइमरी विद्यालय में हुआ पौधरोपण

**उन्नाव, अमृत विचार।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देशानुसार जनपद के परिषदीय विद्यालयों में सहजन की फली को मध्याह्न भोजन में शामिल करने तथा प्रत्येक विद्यालय परिसर में सहजन का पौधा लगाने की पहल शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार पाण्डेय ने नगर क्षेत्र के पुलिस लाइन स्थित प्राथमिक विद्यालय में सहजन का पौधरोपण किया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय संजय यादव भी उपस्थित रहे। बीएसए ने बच्चों को सहजन के पौष्टिक गुणों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह कैल्शियम, आयरन तथा विटामिन ए, सी और ई से भरपूर होता है। इसके नियमित सेवन से बच्चों की हड्डियां मजबूत होंगी, पाचन तंत्र बेहतर होगा और रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होगी।

## युवक ने लगाई फांसी अस्पताल में भर्ती

**शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र की बालूघाट चौकी अंतर्गत श्रीनगर इलाके में बुधवार रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। समय रहते परिजनों की नजर पड़ने से उसकी जान बच गई। गंभीर हालत में युवक को कानपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। श्रीनगर निवासी मयंक तिवारी (22) पुत्र अजय तिवारी ने रात करीब साढ़े नौ बजे अपने कमरे में फांसी लगा ली। उस समय घर पर उसकी मां और बहन मौजूद थीं। कुछ आहट होने पर परिजनों ने कमरे में देखा तो युवक फंदे पर लटका मिला। उसे तत्काल फंदे से उतारकर राजधानी मार्ग स्थित एक निजी अस्पताल ले गए।

# शिक्षकों को चयन वेतनमान स्वीकृत किए जाने की मांग

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला उपाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल खंड शिक्षा अधिकारी हिलौली सुरेश कुमार से मिला। इस दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए विकासखंड के उन सभी शिक्षकों को चयन वेतनमान स्वीकृत करने की मांग की गई, जिनकी सेवाएं 10 वर्ष पूर्ण कर चुकी हैं। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि बीएसए द्वारा मांगी गई जिज्ञासाओं को पूर्ण कर शीघ्र प्रेषित किया जाए, ताकि पात्र शिक्षकों को समय से चयन वेतनमान का लाभ मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि मांग पूरी न होने की स्थिति में संगठन को आगे की रणनीति बनाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ज्ञापन देने वालों में नीरज कश्यप, दीपक सिंह व सौरभ गुप्ता सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।




खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देते जिला उपाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह व अन्य।

## जॉब फेयर में कंपनियों की गैर-मौजूदगी पर भड़के दिव्यांग

**उन्नाव, अमृत विचार।** आईटीआई परिसर में दिव्यांगों को रोजगार देने के नाम पर आयोजित किया गया जॉब फेयर विवादों के घेरे में आ गया है। प्रशासन ने मेले में 16 प्रतिष्ठित कंपनियों के शामिल होने का दावा किया था, लेकिन हकीकत में केवल 2 कंपनियां ही पहुंचीं। इस कुप्रबंधन से नाराज दिव्यांगों ने जमकर हंगामा किया और सरकार पर गुमराह करने का आरोप लगाया। दिव्यांग महागठबंधन के प्रदेश प्रवक्ता तन्मय श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार ने विकलांग वर्ग को सिर्फ मजाक बना दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि दूर-दराज से आए दिव्यांगों को केवल परेशान किया गया।



पोनी रोड तिराहे पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

### अवैध टेंपो स्टैंड से लगा भीषण जाम

**शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार।** पोनी रोड तिराहे पर अवैध टेंपो स्टैंड लगातार जाम का कारण बन रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यहां ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड व पुलिसकर्मी अक्सर प्वाइंट छोड़कर गायब हो जाते हैं, जिसके बाद ऑटो और ई-रिक्शा चालक मनमानी ढंग से वाहन खड़े कर देते हैं। परिणामस्वरूप क्षेत्र में बार-बार भीषण जाम की स्थिति बन जाती है। गुरुवार दोपहर करीब दो बजे पोनी रोड तिराहे पर आड़े-तिरछे खड़े ऑटो और ई-रिक्शों के कारण पोनी रोड तिराहे से लेकर टाकीज के सामने तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। इसी दौरान एक लोडर के पोनी रोड की ओर मुड़ने से यातायात पूरी तरह ठप हो गया। लोडर के हटते ही वाहनों का दबाव बालूघाट मोड़ पर पहुंच गया, जहां फिर जाम लग गया।

आयोजन | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में हुआ मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

# वर्तमान में लोग अनिद्रा की समस्या से पीड़ित

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** राजधानी मार्ग स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य विभाग उन्नाव से आई विशेषज्ञ टीम ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं उपचार संबंधी जानकारी दी।

कार्यक्रम में मनोविज्ञान काउंसलर सरस्वती रानी, क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट आशा गौतम तथा कम्युनिटी नर्स विजय कुमार उपस्थित रहे। काउंसलर ने बताया कि प्रत्येक माह के दूसरे सप्ताह के गुरुवार को यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, ताकि मानसिक रोगों से ग्रसित मरीजों को समय पर परामर्श और उपचार मिल सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में अधिकांश लोग अनिद्रा की समस्या से जूझ रहे हैं। पर्याप्त नींद न लेने से इसका सीधा प्रभाव मस्तिष्क पर पड़ता है, जिससे व्यक्ति का स्वभाव चिड़चिड़ा हो जाता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि डायबिटीज और हृदय रोग की तरह स्कीजोफ्रेनिया भी एक शारीरिक रोग है। इस रोग से पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक और काल्पनिक अनुभवों में अंतर करने में कठिनाई होती है। भूत-प्रेत का साया महसूस होना, नौकरी जाने का डर, लगातार उदासी, किसी काम में मन न लगना, वजन में बदलाव, आत्महत्या के विचार, यौन इच्छा में कमी और एक ही विचार का बार-बार आना इसके प्रमुख लक्षण हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि ऐसे मरीजों को घबराने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि इसका उपचार संभव है।



मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में जानकारी देती विशेषज्ञ। अमृत विचार

## गंगाघाट कोतवाली में हुई पीस कमेटी की बैठक

**शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार।** आगामी महाशिवरात्रि, रमजान माह एवं होली पर्व के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से गुरुवार को गंगाघाट कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार ने की। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, उपजिलाधिकारी सदर क्षितिज द्विवेदी तथा क्षेत्राधिकारी नगर बिनी सिंह मौजूद रहीं। बैठक में धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों, विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजकों एवं डिजिटल वालंटियर्स से त्योहारों को भाईचारे, सौहार्द एवं समन्वय के साथ मनाने की अपील की गई।

# सच्ची श्रद्धा, निष्काम भक्ति से ही होती है आध्यात्मिक शांति व मोक्ष की प्राप्ति

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** कंचन नगर स्थित मां वैष्णो जूनियर हाईस्कूल परिसर में श्री ममतामयी मंडल परिवार के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन गुरुवार को श्रद्धा और भक्ति का वातावरण चरम पर रहा।

कथा व्यास श्री वल्लभचरणाश्रित केशव देव भक्तमाली ने सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन करते हुए कृष्ण-सुदामा की निस्वार्थ मित्रता और अनन्य भक्ति का भावपूर्ण प्रसंग सुनाया। कथा श्रवण कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। व्यास जी ने श्रीमद्भागवत महात्म्य के माध्यम से सात दिनों की कथा का सार प्रस्तुत करते हुए जीवन में भक्ति, समर्पण और सत्कर्मों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सच्ची श्रद्धा और निष्काम भक्ति से ही मनुष्य को आध्यात्मिक शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम में विधि-विधान से व्यास पूजन एवं आरती की गई। श्रद्धालुओं ने व्यासपीठ का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा समापन पर श्री शुकदेव जी द्वारा राजा परीक्षित को मोक्ष प्रदान करने का प्रसंग सुनाया गया, जिसके बाद उनकी भावपूर्ण विदाई का वर्णन हुआ। अंत में भगवान के साथ फूलों की दिव्य होली खेली गई और आनंद उत्सव मनाया गया। पूरा परिसर भक्ति रस में डूबा नजर आया।



कथा व्यास को प्रतीक चिन्ह देते पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि।

## न्यूज ब्रीफ

### मध्यस्थता अभियान सफल बनाने को बैठक

**हरदोई, अमृत विचार।** मध्यस्थता अभियान 2.0 के सफल आयोजन तथा अधिक से अधिक व्यक्तियों को मध्यस्थता के माध्यम से अपने वादों के निस्तारण कराए जाने हेतु जागरूक करने संबंधी गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव, न्यायाधीश काव्या सिंह ने पराविधिक स्वयं सेवकों के साथ बैठक की। 22 फरवरी को प्रस्तावित मेगा/वृहद विधिक जागरूकता एवं सेवा शिविर को सफल और प्रभावी बनाने विषय में विस्तृत रूप से दिशा- निर्देश दिए गए। साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु निर्देश दिए।

### कृष्ण लीला में पूतना वध का किया मंचन

**परियर, उन्नाव।** बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में रामलीला और रात्रि में कृष्ण लीला का मंचन किया जा रहा है, जिसे देखने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंच रहे है। रात्रि में रास बिहारी रासलीला मंडल के कुशल निर्देशक अनुभव शुक्ला के निर्देशन में पूतना वध की लीला का मनमोहक मंचन किया गया। भगवान कृष्ण द्वारा राक्षसी पूतना के उद्धार का दृश्य देख भक्त भाव-विभोर हो उठे और पूरा परिसर जय श्री कृष्णा के उद्घोष से गूंज उठा।

### एसएसपी ने गंगा तट का किया निरीक्षण

**परियर, उन्नाव।** महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने हेतु गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ परियर गंगा तट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाटों पर मौजूद सुरक्षा प्रबंध, बैरिकेडिंग एवं अन्य सुविधाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# गेस्ट हाउस व्यवसायी की हत्या

## थाने के पीछे से निकले सुखेता नाले में शव, खेत में पड़ा था बांका

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** गेस्ट व्यवसायी की बांका से हत्या कर शव लोनार थाने के पीछे से निकले सुखेता नाले में फेंक दिया गया। पुलिस ने शव के साथ ही वहीं पास के गेंहू के खेत से बांका भी बरामद कर लिया है।

बताया गया है कि लोनार थाने के पुरौरी निवासी 42 वर्षीय अनिल भदौरिया उर्फ नीशू पुत्र पहलवान पेशे से व्यवसायी था और उसी थाने के बाज़पुर नकटौरा पुलिया पर गेस्ट हाउस के अलावा टेंट हाउस और उसी में पेंट की दुकान भी है। बताया गया है कि गुरुवार की सुबह नीशू बाइक से कहीं जाने के लिए निकला था, उसके पास 5 से 6 लाख कैश रुपये थे, साथ 50 ग्राम सोने की चैन भी पहने हुए था। उसी बीच दोपहर में लोनार थाने के बगल में एक महाविद्यालय है, उसके पीछे सुखेता नाला निकला हुआ है, उसी नाले में एक शव पड़ा था, जिसका चेहरा लहूलुहान था,



अनिल भदौरिया उर्फ नीशू की फाइल फोटो।

इसका पता होते ही पुलिस की टीम पहुंच कर की गई छानबीन से पता चला कि शव अनिल भदौरिया उर्फ नीशू का है। इसका पता होते ही उसके घर वाले वहां पहुंच गए। एसपी अशोक कुमार मीणा, एएसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रताप सिंह व सीओ हरपालपुर सत्येंद्र सिंह वहां पहुंचे और वारदात से जुड़ी ज़रूरी जानकारी जुटाई, उसी दौरान नाले के पास एक खेत में बांका पड़ा था, माना जा रहा है कि उसी बांके से नीशू की हत्या की गई थी। फिलहाल कुछ लोगों के नाम सामने आए है। एसपी का कहना है कि जांच की जा रही है, तहरीर के मुताबिक आगे की कार्रवाई की जाएगी। नीशू भदौरिया का इकलौता बेटा अजय कुमार भदौरिया है। बुधवार को घर में कार्यक्रम था, रिश्तेदार आए हुए थे, उसी बीच हत्या की खबर से नीशू की पत्नी नीलम भदौरिया का बुरा हाल है, उसके घर-परिवार में कोहराम बरपा हो गया।

नीशू की हत्या लूट के इरादे से की गई। बेटे अजय कुमार भदौरिया के मुताबिक उसके पिता गले में 50 ग्राम सोने की चैन पहने रहते थे, घर से निकलने से पहले उनके पास लाखो का कैश भी था, जोकि गायब है।

## बालिका से दुष्कर्म में 10 साल की कैद, 20 हजार का जुर्माना

**हरदोई, संवाददाता।** अपर सत्र न्यायाधीश मनमोहन सिंह ने एक फैसले में एक बालिका के साथ रेप करने के मामले में आरोपी को जुर्म साबित होने पर 10 साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। जज ने आरोपी पर 20,000 का जुर्माना भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि थाना बिलग्राम क्षेत्र के शेरपुर जरौली निवासी जीशान ने तीन अप्रैल 2016 को एक 13 वर्षीय बालिका को जो की दुकान पर जा रही थी को बहला फुसलाकर उसे भगा ले गया और रिश्तेदारी में रखकर उसके साथ रेप किया। इस मामले के रिपोर्ट बालिका की माता ने दर्जकराई। सत्र न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों को सुनकर आरोपी पर जुर्म साबित पाया और उसे 10 साल की कड़ी कैद और 20000 जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई। जुर्माना की धनराशि में से आधी धनराशि पीड़िता को दिलाए जाने का आदेश दिया गया है।



## जहरीला पदार्थ खाने से तड़प रहे राज्य पक्षी सारस की बचाई जान



**हसनगंज, उन्नाव, अमृत विचार।** हसनगंज पुलिस और वन विभाग की टीम ने तत्परता दिखाकर उत्तर प्रदेश के राज्य पक्षी सारस को मौत के मुंह से बाहर निकाल लिया। खेतों में कीटनाशक युक्त दाना चुगने से सारस की हालत गंभीर हो गई थी, जिसे समय रहते इलाज मुहैया कराया गया।

पिछवाड़ा स्थित धरमंगल तालाब के किनारे एक सारस ने खेतों में पड़ा कोई जहरीला पदार्थ खा लिया था। जहर के असर से पक्षी की हालत बिगड़ने लगी और उसके मुंह से झाग निकलने लगा। इसी बीच विद्युत विभाग के लाइनमैन नसीम की नजर तड़पते हुए पक्षी पर पड़ी, जिन्होंने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही हल्के के दरोगा अजय सिंह और दीवान रामसेवक मौके पर पहुंचे। पक्षी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्होंने वन विभाग की टीम का इंतजार करने के बजाय, खुद अपने निजी वाहन से सारस को लेकर पशु चिकित्सालय भागे। उनकी इस सक्रियता ने पक्षी के इलाज में लगने वाले कीमती समय को बचा लिया। पशु चिकित्सालय में डॉक्टरों ने तत्काल सारस का उपचार शुरू किया। वन विभाग के डिप्टी रेंजर श्रीकांत त्रिवेदी ने बताया कि किसानों द्वारा खेतों में कीटनाशकों के छिड़काव के कारण अक्सर पक्षी इसकी चपेट में आ जाते हैं।

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे की लाला बाजार से घर लौट रहे एक वृद्ध को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे दर्दनाक मौत हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मल्लावां कोतवाली के भिंठाई निवासी मंगल (67) खेती किसानी



करते थे। गुरुवार को घर से साइकिल से लाला बाजार गए थे, जहां से प्याज़ की बेल लेकर वापस घर लौट रहे थे। तभी कजीपुर जाने वाले अंडर पास के पास तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें उनकी मौत हो गईं। वहीं चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना जैसे ही परिजनों को मिली तो कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के तीन पुत्र और तीन पुत्री है। कोतवाल शिवाकांत पांडे ने बताया कि शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और वहां की तलाश की जा रही है।

## गैर इरादतन हत्या में पिता-पुत्र और दो सगे भाइयों को कैद

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश कुसुम लता ने एक फैसले में गैर इरादतन हत्या के मामले में आरोपित पिता-पुत्र और दो सगे भाइयों को जुर्म साबित होने पर 10 साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। जज ने इन आरोपियों पर जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना बेनीगंज क्षेत्र के कोठावा गांव निवासी रामचंद्र व राजेंद्र दोनों सगे भाई और छैलू व उसका बेटा करुणा शंकर ने 20 अक्टूबर 2011 को सुबह करीब 6:15 बजे लाठी डंडों से अपने पड़ोसी सिरदार को मारा पीटा ।जिससे उसे गंभीर चोटें आई। इसके साथ ही बचाने आई रामकली व तेजपाल को भी मारा पीटा। बाद में सरदार की मृत्यु हो गई। इस मामले की रिपोर्ट रामदुलारे ने दर्ज कराई।कहा कि उसके व सरदार के तालाब के किनारे शामिल लाती चक है। जिसमें उसका मकान बना है।। पास में ही आरोपी चालू का भी मकान है आरोपित उसके खेत से आवागमन के लिए रास्ता चाहते थे ।इसी को लेकर घटना के दिन जब लैट्रिन होकर आ रहा था तभी कहा सुनी हुई और आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया। न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों को सुनकर चारों आरोपितों पर जुर्म साबित पाया और उन्हें 10-10 साल की कड़ी कैद और विभिन्न धाराओं में सभी पर 11500 रुपए जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई। जुर्माना न देने पर अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी पड़ेगी।


**पूर्वोत्तर रेलवे** सूचना सं. 12/2026

रेल यात्रियों के लिए होली स्पेशल महत्वपूर्ण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों को सुविधा प्रदान करने हेतु होली स्पेशल (टीओडी) रेल गाड़ियाँ चलाई जाएगी।



**01) गाड़ी संख्या. 05005/05006 बढ़नी-अमृतसर-बढ़नी होली स्पेशल (टीओडी)**

गाड़ी संख्या. 05005 : बढ़नी बुधवार 04.03.2026 से 25.03.2026 = 04 फेरा
गाड़ी संख्या. 05006 : अमृतसर बृहस्पतिवार 05.03.2026 से 26.03.2026 = 04 फेरा

| गाड़ी संख्या 05005 (बढ़नी - अमृतसर) | | | गाड़ी संख्या 05006 (अमृतसर - बढ़नी) | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 15.10 | बढ़नी | 8.15 | -- |
| 15.48 | 15.50 | तुलसीपुर | 07.20 | 07.22 |
| 16.16 | 16.18 | बलरामपुर | 06.48 | 06.50 |
| 17.05 | 17.15 | गोंडा जंक्शन | 06.00 | 06.05 |
| 18.20 | 18.22 | बुढ़वाल | 04.57 | 05.02 |
| 19.48 | 19.58 | सीतापुर जंक्शन | 02.28 | 02.38 |
| 23.08 | 23.10 | बरेली | 22.51 | 22.56 |
| 00.45 | 00.55 | मुरादाबाद | 21.22 | 21.30 |
| 03.57 | 04.02 | सहारनपुर जंक्शन | 18.00 | 18.10 |
| 04.25 | 04.27 | यमुनानगर जगाधरी | 17.30 | 17.32 |
| 05.12 | 05.20 | अंबाला कैंट | 16.40 | 16.50 |
| 06.45 | 06.55 | ढंडारी कलां | 15.05 | 15.15 |
| 08.05 | 08.10 | जालंधर सिटी | 13.53 | 13.58 |
| 08.43 | 08.45 | ब्यास | 13.15 | 13.17 |
| 09.30 | -- | अमृतसर | -- | 12.45 |

रेक रेल संरचना: वाताकुलित 3 टीयर–02, वाताकुलित 2 टीयर–01, शयनयान–11, साधारण श्रेणी–4, एसएलआर–2 कुल = 20

**02) गाड़ी संख्या. 05023/05024 गोमती नगर-खातीपुरा-गोमती नगर होली स्पेशल (टीओडी)**

गाड़ी संख्या. 05023 : गोमती नगर बृहस्पतिवार 03.03.2026 से 24.03.2026 = 04 फेरा
गाड़ी संख्या. 05024 : खातीपुरा बुधवार 04.03.2026 से 25.03.2026 = 04 फेरा

| गाड़ी संख्या. 05023 (गोमती नगर-खातीपुरा) | | | गाड़ी संख्या. 05024 (खातीपुरा–गोमती नगर) | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23.55 | गोमती नगर | 11.45 | -- |
| 00.05 | 00.10 | बादशाह नगर | 11.30 | 11.35 |
| 00.15 | 00.45 | डालीगंज | 10.50 | 11.20 |
| 03.55 | 04.00 | सीतापुर जंक्शन | 08.50 | 09.00 |
| 07.14 | 07.16 | बरेली | 05.45 | 05.47 |
| 09.00 | 09.10 | मुरादाबाद | 04.22 | 04.27 |
| 11.23 | 11.25 | गाजियाबाद | 01.25 | 01.27 |
| 12.10 | 12.20 | दिल्ली जं. | 00.25 | 00.35 |
| 12.50 | 12.52 | दिल्ली कैंट | 22.50 | 22.52 |
| 13.06 | 13.08 | गुडगांव | 22.30 | 22.32 |
| 14.25 | 14.35 | रेवड़ी | 21.55 | 22.05 |
| 15.27 | 15.30 | अलवर | 20.30 | 20.33 |
| 16.30 | 16.32 | बांदीकुयी | 19.40 | 19.42 |
| 17.30 | -- | खातीपुरा (केडब्ल्यूपी) | -- | 18.50 |

रेक रेल संरचना: वाताकुलित 3 टीयर–02, वाताकुलित 2 टीयर–01, शयनयान–11, साधारण श्रेणी–4, एसएलआर–2 कुल = 20

मुजाधि/टी–100–बी मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर

"ट्रैनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"


## दो बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल, एक को किया रेफर

**सफीपुर, उन्नाव, अमृत विचार।** चकलवंशी-परियर मार्ग पर बरमौला गांव के पास बृहस्पतिवार सुबह दो बाइकों के बीच हुई टक्कर में एक किशोरी सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां से एक की हालत चिंताजनक होने पर उसे कानपुर के हैलेट अस्पताल ले जाया गया है।

कानपुर देहात के शिवली, राजपुर गांव निवासी रजोल (21) पुत्र रामबाबू अपने रिश्तेदारी में माखी थाना क्षेत्र के रायपुरा गांव आया था। बृहस्पतिवार सुबह वह अपनी ममेरी बहन साधना और उसकी ननद शीतू (17) पुत्री गोकरन यादव को बाइक पर बिठाकर चकलवंशी स्थित भीमेश्वर मंदिर में दर्शन कराने ले गया था। वापस रायपुरा लौटते समय, जैसे ही उनकी बाइक माखी थाना क्षेत्र के बरमौला गांव के पास पहुंची, सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और सड़क पर चीख-पुकार मच गई। घटना में रजोल और शीतू के साथ दूसरी बाइक पर सवार छोटू (25) पुत्र ज्वाला प्रसाद निवासी खानपुर, शिवली भी गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया।

सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने तीनों घायलों को सफीपुर सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने रजोल और छोटू की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों के मुताबिक, रजोल की नाजुक हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए कानपुर के हैलेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।

### अस्पताल संचालक ने फंदे से लटक कर की खुदकुशी

**उन्नाव, अमृत विचार।** निजी अस्पताल के संचालक ने अस्पताल के कमरे में फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जिसमें उसकी हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई। मौरावां थानाक्षेत्र के हिलौली गांव के मजरा मोतीखेड़ा निवासी अंकित कुमार (29) पुत्र राजाराम हिलौली पीएचसी गेट के पास एक निजी अस्पताल का संचालक था। बुधवार देर रात उसने अपने निजी अस्पताल में बने कमरे में फंदा बना कर लटक गया। रात में लखनऊ से लौटे छोटे भाई अंशुमान ने उसका शव लटका देख पीआरवी को सूचना दी। इसकी जानकारी मिलते मां कुसमा देवी सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों में चर्चा रही कि प्रेम प्रसंग के कारण युवक ने आत्महत्या का कदम उठाया है। प्रेमिका से शादी न होने पर उसने खुदकुशी कर ली। बताते है कि उसकी प्रेमिका की 13 फरवरी को बरात आनी है। एसओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है। पिता राजाराम की तहरीर पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



अंकित का फाइल फोटो।


**कार्यालय जिलाधिकारी, बहराइच।**

(खनन अनुभाग)

पत्रांक 54/तीस–खनन/2026 दिनांक : 11/02/2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार के पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना संख्या–125 दिनांक 15.01.2016 एवं Sustainable Sand Mining Management Guidelines 2016 तथा Enforcement And Monitoring Guidelines For Sand Mining 2020 के अनुक्रम में जनपद बहराइच के जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में विद्यमान 06 क्षेत्रों के अतिरिक्त 05 नये क्षेत्रों को जोड़ते हुए नवीन ड्राफ्ट–जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार किया गया है। जिसे गठित SDC समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है।

जनपद बहराइच के ड्राफ्ट जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार कर सर्वसाधारण से टिप्पणी/आपत्ति प्राप्त किये जाने हेतु जनपद बहराइच की पब्लिक डोमेन https://bahraich.nic.in पर दिनांक 14.02.2026 से दिनांक 15.03.2026 (30 दिन) हेतु अपलोड तथा कार्यालय जिलाधिकारी बहराइच, कार्यालय अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) बहराइच एवं खनिज कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जायेगा। सर्वसाधारण से प्राप्त टिप्पणियों/आपत्तियों पर विचार किया जायेगा तथा उपयुक्त पाये जाने पर उन्हे अन्तिम रूप से दी जाने वाली जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (D.S.R.) में शामिल किया–जायेगा। यदि कोई व्यक्ति उक्त के सम्बन्ध में अपना सुझाव/आपत्ति देना चाहता है, तो वह दिनांक 14.02.2026 से दिनांक 15.03.2026 (30 दिन) के अन्दर कार्यालय जिलाधिकारी (खनन अनुभाग) बहराइच में प्रस्तुत कर सकता है।

(अक्षय त्रिपाठी)
जिलाधिकारी
बहराइच।

UP - **245869 दिनांक:** 11/02/2026
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**



**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल मुख्य परीक्षा सन–1985 अनुक्रमांक–1199022 का प्रमाण–पत्र वास्तव में खो गया है। MOHAMMAD SAIF (मोहम्मद सैफ़) पुत्र AFZAL AHMAD (अफजाल अहमद), निवासी–म0नं0–107/44, बाइसी की मस्जिद, लखनऊ, उ0प्र0–226001

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
मेरा नाम राज कुमार श्रीवास्तव था जिसे बदल के मैंने राज कुमार रखा है अतः मुझे राज कुमार के नाम से जाना और पहचाना जाए। **राज कुमार पुत्र कृष्ण मोहन, निवासी– ग्राम अंधियारी तहसील मनकापुर पोस्ट अंधियारी, अंधियारी गोंडा उत्तर प्रदेश– 271302**

**सूचना**
मैने अपना नाम MOHAMMAD SHAHAVAN से बदलकर SAHBAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। FATHER NAME -IRFAN ADD-VILLAGE SARKATIYA POST AND PS-RUDAULI DIST-AYODHYA-224120 (U.P.)

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम CHANDRA PRAKASH GUPTA था से बदलकर CHANDRA PRAKASH रख लिया है। अब मुझे CHANDRA PRAKASH के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-VISHVA NATH GUPTA, ADD-94/109, NEAR SAI BABA MANDIR NAVAIYA GANESHGANJ PARK AMINABAD DIST-LUCKNOW-226018 (U.P.)

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम MITHILESH KUMAR SHARMA था से बदलकर MITHILESH SHARMA रख लिया है। अब मुझे MITHILESH SHARMA के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-RAJESH SHARMA ADD-76 BADHAI TOLA PO-MATHIA-BUZURG DIST-KUSHINAGAR-274802 (U.P.)

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम TABREZ AHMAD KHAN था से बदलकर TABREZ AHMED KHAN रख लिया है। अब मुझे TABREZ AHMED KHAN के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SHABBIR AHMED KHAN ADD-314, SITALAPUR MANKAURA NUNGO SHITLAPUR DIST-BALRAMPUR-271208(U.P.)

**सूचना**
पहले मेरा नाम RAKESH KUMAR था अब मैने बदलकर अपना नाम RAKESH KUMAR JAISWAL रख लिया है भविष्य में मुझे RAKESH KUMAR JAISWAL के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- ISHWAR CHANDRA JAISWAL R/O- WARD N0 7 BILTHARA ROAD, PO- BILTHARA ROAD, DISTT- BALLIA UTTAR PRADESH- 221715

**Public Notice**
Delisha Anwar daughter of Lt. Sabir Anwar Siddiqui is now to be known as Dalisha Anwar Siddiqui as her name has been corrected in the school records as it was a manual error done by her parents.

**सूचना**
मैं **पिन्की गुप्ता पत्नी ललित कुमार गुप्ता निवासिनी 5/417, विकास नगर, लखनऊ, उ0प्र0,** सर्वसाधारण को विदित करना है कि पिन्की सिंह, श्री ललित कुमार गुप्ता की पत्नी हैं। इनके नाम में पिन्की सिंह के स्थान पर पिन्की गुप्ता जाना जाए।

**सूचना**
सूचित हो हम **नन्द गोपाल तिवारी पुत्र जगन्नाथ प्रसाद तिवारी व साधना तिवारी पत्नी नन्द गोपाल तिवारी निवासी – 2/30 जिला जेल ब्लॉक 8 मोहनलालगंज लखनऊ, वर्तमान पता – प्लाट सं0 – 39 खसरा सं0–9 गंगोत्री विहार फेज–2 गोमतीनगर विस्तार लखनऊ** अपने बडे पुत्र ओमकार तिवारी व बडी पुत्रवधू अंचल शुक्ला व पौत्र एकाक्ष तिवारी को उनके अनैतिक कृत्यो से क्षुब्ध होने के कारण हम उपरोक्त से सम्बन्ध समाप्त कर चुके हैं, इनके द्वारा किये गये कृत्यो एवं संव्यवहारों से हमारा व हमारे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं है।

**सूचना**
मैं सचिन यादव घोषित करता हूँ कि मेरी द्वितीय वर्ष की अंक तालिका 5 फरवरी को जिसका रोल नं 210721 है। यह (बीबीएयू) बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ की है और गुम हो गयी है। यदि किसी को मिलती है, तो कृपया निम्नलिखित पते पर सूचित करने का कष्ट करें : सचिन यादव 7985877251 आप बीबीएयू के परीक्षा विभाग को भी सूचित करा सकते हैं।

**सूचना**
सूचित हो कि निरमा कुमारी का नाम आधार कार्ड में निरमा कुमारी (NIRAMA KUMARI) दर्ज है, जबकि हाईस्कूल प्रमाण पत्र में निरमा कुमारी (NIRMA KUMARI) अंकित है। प्रमाण पत्र पर अंकित नाम (NIRMA KUMARI) शपथी आधार कार्ड में भी दर्ज करवाना चाहती है। **निरमा कुमारी पुत्री जय प्रकाश निवासी खल्ला निद्धिपुरवा कोतवाली मुर्तिहा, जिला बहराइच, यूपी**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सूची परगना व तहसील सलोन, जिला रायबरेली की भूमि प्रबंधन समिति की खुली बैठक दिनांक 20–02–2026 को पंचायत भवन सूची में बुलाई गई है। जिसमें अनुसूचित जाति जनजाति एवं गरीब व्यक्तियों को आवासीय एवं कृषि भूमि आवंटन पर विचार विमर्श किया जायेगा। सभी ग्राम वासियों से अनुरोध है कि बैठक में पहुंचने की कृपा करें। – **अध्यक्ष/सचिव, ग्राम पंचायत सूची**



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा**

पत्रांकः– 605/98काम–गो0वृ0/25–26 दिनांक 05.02.2026

ई–निविदा सूचना
(स्वीकृति की प्रत्याशा में)

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में मार्ग हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है ।

| क्र0 सं0 | जनपद/खण्ड का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जीएसटी रहित) (लाख में) | धरोहर धनराषि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्ष ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | | | | | | | |
| विधान सभा–मनकापुर | | | | | | | |
| 1 | गोण्डा / प्रान्तीय खण्ड | ग्राम पंचायत दुर्गापुर सकरी चौराहा से ऐलनपुर ग्रन्ट मुरावनडीह होते हुए अमवा राजकरन वर्मा के पुरवा तक सम्पर्क मार्ग | 76.50 | 5.83 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी |
| 2 | गोण्डा / प्रान्तीय खण्ड | अंधियारी जिगना मार्ग से धुसवा गांव होते हुए खैराही डिहवा गांव होते हुए ज्ञानीपुर राम प्रसाद प्राइमरी पाठशाला तक सम्पर्क मार्ग | 44.63 | 4.23 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 3 | गोण्डा / प्रान्तीय खण्ड | बिरतिया सम्पर्क मार्ग | 38.25 | 3.83 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 4 | गोण्डा / प्रान्तीय खण्ड | गौरा चौकी मसकनवा मार्ग से पूरे पाण्डेय पासीपुरवा जगन्नाथपुर गांव होते हुए गोपालपुर तक सम्पर्क मार्ग | 77.78 | 5.89 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट– http://etender.up.nic.in पर दिनांक 14.02.2026 से 24.02.2026 तक दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 24.02.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 24.02.2026 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/षर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई–टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 24.02.2026 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई–पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा ।

UP - **245862 दिनांक:** 11/02/2026
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

(पी0 के0 त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, गोण्डा

(योगेन्द्र सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता,
गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा



**कार्यालय नगर पंचायत सलोन जनपद–रायबरेली**

पत्रांक: 693/अधि0अधि0न0प0स0/ई–टेण्डर/2025–26 दिनांक: 12.02.2026

**अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना (द्वितीय आमन्त्रण)**

एतद्वारा ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य वित्त आयोग/निकाय निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत सलोन में निम्नांकित कार्य हेतु यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिल्डर्स/कान्ट्रेक्टर्स/बेन्डर्स से दिनांक– 13.02.2026 से 19.02.2026 सांय 05:00 बजे तक ई–निविदाएं आमन्त्रित की जाती है, जिसकी समस्त कार्यवाही www.etender.up.nic.in पर ही की जायेगी। दिनांक 20.02.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे निविदाएँ खोली जायेगी। किसी एक अथवा समस्त टेण्डर को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। शासन के निर्देशानुरूप जी.एस.टी. भी मान्य होगी। ई–निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**टेण्डर शेड्यूल (www.etender.up.nic.in पर)**

| क्र0 | नगर पंचायत | ठेकेदार | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender Release | | 12.02.2026 | - |
| 2. | | Tender Download | 13.02.2026 - 10 AM | 19.02.2026 - 05 PM |
| 3. | | Bid Submission | 13.02.2026 - 10 AM | 19.02.2026 - 05 PM |
| 4. | Bid Opening | | 20.02.2026 - 11 AM | |

**''कार्य–विवरण''**

| क्र0 सं0 | कार्य स्थल का विवरण | अनुमानित लागत (GST रहित) | जमानत राशि 10 प्रतिशत | निविदा फार्म शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पंचायत सलोन के अन्तर्गत वार्ड नं0 15 मोहल्ला मिल्कियाना पश्चिमी में रबरमोल्ड इन्टरलॉकिंग रिपेयरिंग व नाली मरम्मत का कार्य। | 423263.00 | 42350.00 | 500.00 | 01 माह |
| 2. | नगर पंचायत सलोन के अन्तर्गत वार्ड नं0 13 मोहल्ला करीमगंज में जिया राईन के मकान से नफीस के मकान तक नाली रिपेयरिंग व पत्थर रखने का निर्माण कार्य। | 121776.00 | 12200.00 | 150.00 | 01 माह |
| 3. | रायबरेली प्रतापगढ रोड़ में बिजली घर के सामने नाला व पाइप डालने का निर्माण कार्य। | 502374.00 | 50250.00 | 600.00 | 01 माह |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत सलोन**
**रायबरेली**

**प्रशासक**
**नगर पंचायत सलोन**
**रायबरेली।**

न्यूज ब्रीफ

### पंडित दीनदयाल हर पीढ़ी के पथ प्रदर्शक बने रहेंगे : श्री प्रकाश



**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** भारतीय जन संघ के संस्थापक रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर ब्लॉक सभागार में प्रमुख रवि प्रकाश ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। ब्लॉक प्रमुख श्री प्रकाश ने कहा कि मूल्यों पर आधारित पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांत और विचार देश की हर पीढ़ी के लिए वे पथ प्रदर्शक बनें रहेंगे। बीडीओ इंद्रसेन नाथ ने पंडित दीनदयाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर एडीओ पंचायत नरेंद्र वर्मा, सचिव कुलदीप श्रीवास्तव, प्रधान सर्वेंद्र राव, उदयराज, अरविंद, ओमशंकर पाल, सर्वेश काकूमऊ, आवेश लिलवल, सतीश चंद्र आदि मौजूद रहे।

### हादसे और अपराधों के साये में रहता हाईवे का गौराडांडा तिराहा

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** सीतापुर नेशनल हाईवे स्थित मेडिकल कॉलेज गौराडांडा तिराहे पर दुकानदारों में असुरक्षा का भय है। छह जनवरी वर्ष 2025 को परचून दुकानदार जितेंद्र सिंह के दुकान का ताला तोड़कर हजारों का सामान और कुछ नकदी चोरी होने घटना हो चुकी है। हेयर कटिंग सैलून के संचालक रजनीश ने कहा कि हाईवे का मेडिकल कॉलेज तीव्र मोड़ वाला तिराहा है, ऐसे में अक्सर राहगीर हादसे का शिकार होते है। दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने कहा कि यहां 24 घंटे सुरक्षाकर्मी की तैनाती होने के साथ पर्याप्त रोशनी और हादसों पर रोक को लेकर अस्थाई बैरिगेटिंग और संकेतक बोर्ड लगाये जाएं।

# खेत पर काम कर रही महिला की गला रेत कर हत्या

## पति हिमाचल प्रदेश में करता है मजदूरी, मृतका के देवर ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** गुरुवार को पूर्वान्ह 11 बजे खेत पर काम करने गई एक महिला की गला रेत कर हत्या कर दी गई हत्या की खबर से इलाके में सनसनी व्याप्त हो गई । घटना की सूचना पाकर सबसे पहले प्रभारी निरीक्षक और क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा और अपर पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना कर बच्चों और ग्रामीणों से बातचीत की। मृतका के देवर ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है। शाहाबाद कोतवाली के ग्राम अमिरता निवासी सुरेश चंद्र की 42 वर्षीय पत्नी श्रीदेवी गुरुवार को सुबह लगभग 8:30 बजे अपने बेटे आलोक 12 वर्ष और अंशुल 8 वर्ष को लेकर खेत पर प्याज गाड़ने के लिए गई थी। थोड़ी देर बाद दोनों बेटे खाना खाने के लिए घर चले आए और खाना खाकर मां के लिए खेत पर खाना ले गए, लेकिन श्रीदेवी दोनों बेटों को खेत पर नहीं मिली तो दोनों बेटे घर वापस आए और अपनी बड़ी बहन अर्चना 18 वर्ष को पूरी बात बताई कि मां खेत पर नहीं है। अर्चना दोनों बेटों को साथ लेकर खेत पर गई। उसने भी खेत में देखा उसकी मां नहीं है, लेकिन उसको खून के छींटे नजर आए तो खून की दिशा में वह चलती चली गई। करीब 20 कदम दूर श्याम लाल के गेहूं के खेत में श्रीदेवी का रक्त रंजित शव पड़ा हुआ था। शव देखकर उसके होश उड़ गए। गले में गहरी चोट के निशान थे। अर्चना चीखने और चिल्लाने लगी। आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। कुछ ही देर में श्रीदेवी की हत्या की खबर आम हो गई। घटनास्थल पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई। तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। क्षेत्राधिकारी आलोक राज नारायण, प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। महिला की हत्या की सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा और अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी मार्तंड प्रकाश सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे और बारीकी से घटनास्थल का मौका मुआयना करने के बाद बच्चों और ग्रामीणों से बात की। मृतका की गर्दन पर धारदार हथियार के निशान थे, जिससे लगता था कि महिला की बेरहमी के साथ गर्दन रेत कर हत्या की गई।

मृतका का पति हिमाचल प्रदेश में एक फैक्ट्री में मजदूरी करता है। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित किये। मृतका के देवर पिंटू पुत्र भैया लाल ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है।



ग्रामीणों से जानकारी लेते एसपी अशोक मीणा व श्रीदेवी की फाइल फोटो (इनसेट में)।

### पिकअप ने दो छात्राओं को मारी टक्कर, घायल

**हरदोई, अमृत विचार।** साइकिल सवार छात्राओं को पिकअप ने टक्कर मार दी। मौके पर मौजूद लोगों ने पिकअप को पकड़ कर ड्राइवर को पुलिस के हवाले कर दिया। दोनों छात्राओं को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, वहां से एक को हायर सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। साण्डी थाने के रसूलपुर गोवा निवासी दृगपाल की 11 वर्षीय पुत्री स्वाति गुरुवार की सुबह मुकेश के घर दूध लेने जा रही थी। साथ में उसी गांव की 11 वर्षीय प्रिया उर्फ दिव्या भी थी। उसी दौरान ज्ञानपुरवा के पास पिकअप ने टक्कर साइकिल में टक्कर मार दी, जिससे स्वाति और प्रिया ज़ख्मी हो गईं। प्रिया को हायर सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है।

# भगवान राम का आदर्श पूजनीय : डा. रोहितानंद

संवाददाता, भरखनी, हरदोई

**अमृत विचार।** क्षेत्र की कमालपुर ग्राम पंचायत के सहुरापुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा के दौरान कथा व्यास डॉ. रोहितानंद महाराज ने भगवान श्रीराम के दिव्य जन्म की मार्मिक एवं भावपूर्ण कथा का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

कथा व्यास ने बताया कि भगवान श्रीराम को भगवान विष्णु का सातवां अवतार माना जाता है, जिन्होंने त्रेता युग में अधर्म के नाश और धर्म की स्थापना के लिए अवतार लिया। डॉ. रोहितानंद महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम केवल एक राजा ही नहीं, बल्कि आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति और आदर्श मित्र के रूप में भी पूजनीय हैं। प्रभु श्रीराम के जीवन से हमें त्याग, संयम और कर्तव्य पालन की शिक्षा मिलती है। इस अवसर पर यजमान राजन सिंह, प्रधान ज्ञानेंद्र कुमार सिंह सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा के अंत में आरती और प्रसाद वितरण किया गया। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और भक्ति का सुंदर संगम देखने को मिला।



श्रीराम कथा सुनाते डा. रोहितानंद।

### आपदा प्रतिक्रिया एवं अग्निशमन अभ्यास का हुआ आयोजन

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** नगर पंचायत पतसेनी कार्यालय परिसर में गुरुवार को आपदा प्रतिक्रिया प्रशिक्षण एवं अग्निशमन अभ्यास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भंवर सिंह प्रभारी फायर सर्विस, संडीला एवं एस के गौतम कॉन्स्टेबल द्वारा आग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। बताया गया कि आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय संयम से काम लेना चाहिए। विशेष रूप से गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए, इस पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। अधिशासी अधिकारी देवांशी दीक्षित ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम कर्मचारियों के लिए अत्यंत आवश्यक हैं, जिससे किसी भी आपदा की स्थिति में जन-धन की हानि को कम किया जा सके।

# सड़क हादसे में दुल्हन व उसके रिश्तेदार घायल

- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में शामिल होने के लिए जाते समय लोग हुए दुर्घटना के शिकार
- मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** दुल्हन और उसके रिश्तेदार पिकअप वाहन में सवार होकर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होने आ रहे थे। तभी सण्डीला में एक ढाबे के पास उनका ओवरलोड पिकअप वाहन हाई-वे पर पलट गया। हादसे के बाद आस-पड़ोस के लोग दौड़ पड़े, पुलिस ने दुल्हन समेत करीब नौ सवारियों को ज़ख्मी हालत में बाहर निकाला और उन्हे एम्बुलेंस-108 से सीएचसी कछौना पहुंचाया, वहां से दुल्हन समेत पांच लोगों को मेडिकल कालेज भेजा गया है।

गुरुवार को शहर के बगल में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वैवाहिक समारोह का आयोजन किया गया था, उसी में सण्डीला की रचना की भी शादी होनी थी, गुरुवार की सुबह रचना अपने रिश्तेदारों के साथ पिकअप से समारोह में आ रही थी। वह सण्डीला से बाहर निकल कर हाई-वे पर एक ढाबे के पास पहुंची, उसी बीच वह पलट गई, उसकी सवारियों की चीख-पुकार सुन कर आस-पड़ोसी वहां पहुंचे, उनका कहना था कि ओवरलोडिंग के अलावा तेज़ रफ्तार हादसे की वजह बनी। इसका पता होने पर पुलिस ने हादसे में ज़ख्मी हुई दुल्हन रचना के अलावा उसके रिश्तेदार सावित्री, रिंकी, शशिकला और बीकापुर निवासी राहुल कुमार समेत करीब 9 लोग ज़ख्मी हुए, जिन्हे एम्बुलेंस-108 से सीएचसी कछौना पहुंचाया, वहां से दुल्हन रचना समेत 5 को मेडिकल कालेज भेजा गया है।

### ई-रिक्शे को ओवरटेक कर रही दुल्हन की कार पलटी, मौसेरी बहन की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** दुल्हन के मायके वाले उसकी चौथी विदा कर कार से लौट रहे थे, रास्ते में ड्राइवर ने आगे चल रहे ई-रिक्शे को ओवरटेक किया, उसी बीच सामने से बाइक आ गई, जिसे बचाने में बेकाबू रफ्तार के बीच कार पलट गई, जिससे उस पर सवार सारे लोग दब गए, जिन्हे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, वहां पहुंचते ही दुल्हन की मौसेरी बहन की मौत हो गई। पुलिस जांच कर रही है। अरवल थाने के खद्दीपुर चैन निवासी रामनिवास की पुत्री शिवानी की 6 फरवरी को बेहटा गोकुल थाने के शाहपुर से शादी हुई थी। बुधवार को उसकी चौथी थी, मायके वाले उसे विदा कराने गए और उसी दिन देर रात को कार से वापस लौट रहे थे। रास्तें में साण्डी-शाहाबाद रोड पर भदेउना गांव के पास गांव निवासी 25 वर्षीय ड्राइवर अभिषेक ने आगे चल रहे ई-रिक्शे को ओवरटेक किया, उसी बीच सामने से बाइक आ गई, जिसे बचाने में कार पलट गई, उस पर सवार दुल्हन शिवानी के अलावा 17 वर्षीय मौसेरी बहन सोनाली पुत्री शिवकुमार, शिवानी की 15 वर्षीय छोटी बहन मोहिनी, मौसा शिवकुमार के 45 वर्षीय भाई शिवशंकर और ड्राइवर अभिषेक ज़ख्मी हो गया। मेडिकल कालेज पहुंचते ही सोनाली की मौत हो गई, बाकी का इलाज चल रहा है। सोनाली आदर्श ग्रामीण शिक्षण संस्थान टिकार में आठवीं की छात्रा थी।



मृतका सोनाली की फाइल फोटो।

# भतीजे के हत्यारोपी चाचा व चाची गिरफ्तार

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** पुलिस ने दिनदहाड़े बीच रास्तें में भाला घोंप कर और ताबड़तोड़ लाठियां बरसाते हुए भतीजे की बेरहमी से हत्या करने वाले चाचा और चाची को गिरफ्तार कर लिया, जबकि फरार चल रहे दो हत्यारोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द उन्हे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बताते चलें कि मंगलवार (10 फरवरी) की सुबह बेहटा गोकुल थाने के बलेहरा निवासी कृष्ण कुमार सिंह उर्फ छुटकुन्नू सिंह का पुत्र अक्षय सिंह शौच कर लौट रहा था, घेराबंदी कर उसे रास्तें में रोक लिया गया और वहीं पर ताबड़तोड़ भाला घोंप कर व लाठियों से वार पर वार करते हुए अक्षय सिंह की वहीं पर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी, वारदात का वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेज़ी से वायरल हो रहा है। इस मामले में पुलिस ने अक्षय सिंह के भाई सूरज सिंह की तहरीर चाचा जगदीश सिंह, अजीत सिंह उर्फ पिंकू पुत्र मुलायम सिंह, चाची पुष्पा पत्नी जगदीश समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। हत्या के पीछे प्रेम-प्रसंग की रंजिश होना बताई गई थी। एसपी अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए सीओ हरपालपुर सत्येंद्र सिंह की निगरानी में पुलिस की टीमें जुटी थी, उसी के तहत हत्यारोपी जगदीश सिंह, अजीत सिंह उर्फ पिंकू व जगदीश की पत्नी पुष्पा को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि फरार चल रहे दो हत्यारोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।



पकड़े गए हत्यारोपी चाचा और चाची। अमृत विचार

अमृत विचार Follow UP

### कर्मचारी विरोधी नीतियों को लेकर किया प्रदर्शन

**हरदोई, अमृत विचार।** उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के महामंत्री के निदेशक अनुसार गुरुवार को हरदोई/बालामऊ शाखा ने अपनी मांगों को लेकर सफीपुर स्टेशन पर एक गेट मीटिंग का आयोजन किया। शाखा सचिव राजीव गुप्ता के नेतृत्व में सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों का जोरदार नारों के माध्यम से विरोध किया गया। मांगो में पुरानी पेंशन बहाली और आठवें पे कमीशन का फिटमेंट फैक्टर रहा । इस मौके पर सहायक शाखा सचिव धर्मेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष रामसेना के सत्यपाल दिनेश कुमार, सुनील कुमार सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बैंकों में हड़ताल से उपभोक्ता रहे परेशान

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** केंद्रीय श्रम संगठनों के आह्वान देश व्यापी आम हड़ताल का गुरुवार को व्यापक असर जिले की बैंकों में भी रहा। काउंटर पर काम करने वाले कार्मिकों के हड़ताल पर चले जाने से बैंको का कारोबार कहीं आंशिक तो कहीं पूरी तरह प्रभावित रहा। करीब 200 करोड़ का बैंकिंग लेनदेन हड़ताल के चलते प्रभावित हुआ।

यूपी बैंक इम्प्लाइज यूनियन के जिला मंत्री ने हड़ताल की सफलता का दावा करते हुए कहा कि काउंटरों पर काम करने वाले कार्मिकों व अधीनस्थ स्टाफ के हड़ताल पर होने से बैंको में सन्नाटा पसरा रहा। केनरा बैंक, यूनियन बैंक, सेंट्रल बैंक, पीएनबी, बैंक ऑफ बड़ोदा, यूको बैंक, नैनीताल बैंक में हड़ताल के चलते कामकाज बुरी तरह प्रभावित रहा जबकि बैंक ऑफ इंडिया में आंशिक प्रभाव रहा। भारतीय स्टेट बैंक हड़ताल में शामिल नहीं थी। हड़ताली बैंककर्मी यूनियन बैंक, केनरा बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा पर पहुंच कर विरोध प्रदर्शन किया। काले श्रम कानूनों के विरोध में संगठन के आह्वान पर सभी साथी पूरे उत्साह से हड़ताल को सफल बनाने के लिए एकजुट हुए।



यूनियन बैंक पर प्रदर्शन करते हड़ताली बैंककर्मी।

### पत्नी और बेटे से बिछड़ने से निराश युवक ने की खुदकुशी

**हरदोई, बिलग्राम, अमृत विचार।** मेहनत-मज़दूरी करने वाले युवक की पत्नी इकलौते बेटे को साथ ले कर उसे अकेला छोड़ गई, अकेलेपन के चलते युवक शराब का लती हो गया, बुधवार की रात उसने अपने कमरें में गमछे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली, सुबह उसका शव देखा गया, वहां पहुंची पुलिस ने शव को कमरें से बाहर से निकाला और इस बाबत पूछताछ की।

बिलग्राम कोतवाली के नूरपुर हथौड़ा निवासी 36 वर्षीय पप्पू पुत्र फूल चन्द्र दो भाइयों में बड़ा था, वह मेहनत-मज़दूरी कर पत्नी रेखा और इकलौते बेटे का पेट पालता था, उसका छोटा भाई हरिनाम गुजरात में मज़दूरी करता है, । करीब 13 साल पहले पत्नी बेटे को साथ ले कर पप्पू को अकेला छोड़ कर चली गई थी, उसके बाद से पप्पू शराब का लती हो गया था। रिश्ते में उसके भतीजे अंकुल ने बताया कि गुरुवार की सुबह वह पप्पू को चाय के लिए बुलाने पहुंचा, जहां कमरें में उसका शव लटक रहा था।



पप्पू की फाइल फोटो।

# सामूहिक विवाह में एक-दूसरे के हुए 48 जोड़े

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गुरुवार को राजकीय आईटीआई परिसर में सम्पन्न हुआ, जिसमें 47 हिन्दू जोड़े एवं एक मुस्लिम जोड़े कुल 48 जोड़े अपने रीति रिवाज के साथ वैवाहिक गठबंधन में बंधे।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सभी के विकास का संकल्प लिया है। इसी क्रम में उन वर्गों के बालिकाओं की विवाह की व्यवस्था भी सरकार ने की है, जिनके माता-पिता विवाह का खर्च उठाने में असमर्थ हैं। सरकार पढ़ाई से लेकर विवाह तक की जिम्मेदारी उठा रही है। जिलाध्यक्ष भाजपा अजीत सिंह ने कहा कि अब किसी भी कमजोर वर्ग के व्यक्ति को बेटी के विवाह की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सरकार ने विवाह के लिए सभी व्यवस्थाएं की हैं, इस योजना से सैकड़ों लोग लाभांवित हो चुके हैं। इस मौके नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा,, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राज्य) प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील त्रिपाठी, जिला अतिरिक्त मजिस्ट्रेट / समाज कल्याण अधिकारी पूनम भाष्कर मौजूद रहे।



नव वर-वधू को आशीर्वाद देते अतिथि। अमृत विचार

### मामा की हत्या में भांजे को आजीवन कैद और जुर्माना

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला व सत्र न्यायाधीश रीता कौशिक ने मामा की हत्या के मामले में आरोपी भांजे को जुर्म साबित होने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जज ने आरोपी पर 5000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

ला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सत्येंद्र कुमार सिंह व चंदन कुमार सिंह ने बताया कि थाना लोनार क्षेत्र के नसोली गोपाल निवासी श्रवण कुमार ने 28 अप्रैल 2019 की रात अपने मामा रामेश्वर की गला दबाकर हत्या कर दी। इस मामले की रिपोर्ट श्रवण कुमार ने अज्ञात में दर्ज कराई। घटना के कारण में संपत्ति का विवाद रहा। कहा गया अभी अपने मामा रामेश्वर के पास रहता था। रामेश्वर ने अपनी संपत्ति की वसीयत श्रवण कुमार की पत्नी का नाम कर दी थी। जिसके बाद से ही अभियुक्त व उसकी पत्नी ने रामेश्वर की देखभाल करना बंद कर दिया । इसी को लेकर झगड़ा होता था। जिसके चलते रामेश्वर की हत्या कर दी गई। न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए साक्षी के आधार पर और दोनों पक्षों को सुनकर आरोपी पर हत्या का जुर्म साबित पाया और उसे सजा सुनाई।

बैठक — नैमिषारण्य में हरदोई और सीतापुर के अधिकारियों के साथ महन्तों ने बैठक में कहा

# पड़ाव स्थलों पर तत्काल सुनिश्चित की जाएं सभी सुविधाएं

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के हरैंया गांव दूसरे पड़ाव स्थल तक आने में नैमिषारण्य की पौराणिक चौरासी पोषीय परिक्रमा के शुभारम्भ में चंद 7 दिन शेष हैं। चौरासी कोष परिक्रमा के सचिव श्री बनगढ़ महन्त सन्तोष दास खाकी के बताया कि पड़ाव स्थलों और मार्गों की व्यवस्थाएं अब भी डामाडोल हैं। इन्हीं मामलों को लेकर गुरुवार को हरदोई सण्डीला अतरौली और सीतापुर के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ महन्तों ने नैमिषारण्य के पहला आश्रम मे मन्थन किया।

अतरौली थाना क्षेत्र में पड़ने वाले हरैंया के दूसरे पड़ाव स्थल पर जगह जगह गन्दगी है। पेयजल बिजली की व्यवस्था भी पूर्णतः दुरुस्त न होने की बात पड़ाव प्रभारी निर्भय सिंह ने उठायी है। हरैंया की सबसे बड़ी सयस्या गोमती नदी स्नान घाट पर जलकुम्भी का जंजाल है। श्रृद्धालुओं को स्नान करने में दिक्कत आयेगी।

एसडीएम नारायणी भाटिया ने कहा कि पूरी टीम के साथ पढ़ावों का निरीक्षण कराया गया है। साधु सन्तों के द्वारा बुधवार के दिन जिन बिन्दुओ को मेरे संज्ञान में लाया गया है उनपर तुरंत कार्य किया जाएगा। पूरी परिक्रमा को 10 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। मोबाइल ड्यूटी लगाई जायेगी। सभी प्रधानों को सूचित किया जाएगा और सभी विभागों को मौके पर जाने के लिए निर्देशित किया जाएगा। हरैया पड़ाव में सभी बिन्दुओ को संज्ञान में लिया गया है। जलकुम्भी की समस्या दो दिन पहले दूर कर दी जायेगी। अन्य सभी कार्य भी समय पर कर दिये जायेंगे। एसडीएम ने महन्तों से आग्रह किया कि हमारे क्षेत्र की जो भी समस्याएं है उन्हें सीधे मुझे अवगत करायें मैं सम्बंधित विभागों द्वारा कार्य तुरन्त कराऊंगी। संस्कृतिक कार्यक्रम के लिए पड़ाव स्थल पर अलग से जगह निर्धारित की जायेगी, जिससे सड़क पर भीड़ इकठ्ठा न होने पाये। परिक्रमा में ढाई लाख से अधिक श्रृद्धालुओं के आने की सम्भावना है। परिक्रमा अध्यक्ष महन्त नारायणदास, विमल, श्याम सहित तमाम साधु सन्त महन्त मौके पर रहे।



नैमिष के पहला आश्रम में परिक्रमा को लेकर अधिकारियों के साथ मंथन करते साधु-संत व महंत।

- साफ-सफाई, पेयजल, बिजली आपूर्ति व्यवस्था व सड़कों की मरम्मत कराने की मांग

# समय से मानदेय दिलाने की मांग



कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देते एनएचएम कर्मी। अमृत विचार

संवाददात, हरदोई

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग में एनएचएम के तहत कार्यरत कर्मचारियों ने समय से मानदेय दिलाने तथा लंबित मानदेय व अन्य देयकों का भुगतान तत्काल कराने की मांग करते हुए प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे उक्त संविदा कर्मियों ने कहा कि उनका मानदेय महीनों नहीं मिलता है। कभी तकनीकी कमी कभी अन्य वजह बताकर कई-कई महीने मानदेय का भुगतान न हो पाने से उनकी रोजी रोटी संकट आ जाता है। बच्चों की फीस, राशन जैसी जरूरी चीजें लेने तक के लिए लोगों से रुपये उधार लेने पड़ जाते हैं। ज्ञापन में प्रत्येक माह की सात तारीख तक भुगतान कराने, लंबित मानदेय व अन्य देयकों का भुगतान कराने की मांग की गई है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि यदि प्रत्येक माह की सात तारीख तक मानदेय भुगतान सुनिश्चित नहीं किया गया तो नो वर्क नो पे पर कर्मचारी विवश होंगे, जिसकी विभाग की जिम्मेदारी होगी। ज्ञापन देने वालों में संघ के जिलाध्यक्ष जावेद खान, मंत्री आरएल गुप्ता, अजय शुक्ला, मो. रफी, अमन तिवारी सहित दर्जनों संविदा कर्मी मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

### अनूप खेतान बने हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष

**सीतापुर।** हनुमानगढ़ी (अयोध्या) के महंत राजू दास ने व्यापारी अनूप खेतान को 'हिंदू सुरक्षा सेवा संघ' का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत राजू दास ने उम्मीद जताई कि खेतान के नेतृत्व में संगठन प्रदेश भर में सनातन संस्कृति और गौरक्षा के क्षेत्र में प्रभावी कार्य करेगा। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अनूप खेतान ने जिम्मेदारी मिलने पर आभार जताते हुए कहा कि सनातन और नैतिक मूल्यों का विस्तार करना है।

### प्रधान-शिक्षक समन्वय संगोष्ठी का आयोजन

**कमलापुर।** कसमंडा बीआरसी पर गुरुवार को ग्राम प्रधान व प्रधानाध्यापकों की ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी आयोजित की गई। ब्लॉक प्रमुख मुन्नी देवी व बीईओ अजय गुप्त मौर्य ने बताया कि इस आयोजन का लक्ष्य आपसी समन्वय से स्कूलों का विकास करना है। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए और शिक्षकों ने टीएलएम प्रदर्शनी के माध्यम से शिक्षण कौशल का प्रदर्शन किया। मौके पर बीडीओ राकेश श्रीवास्तव, एसआरजी मदनेश मिश्र, एआरपी अमिताभ दुबे व गिरजेश अवस्थी सहित समस्त बीआरसी स्टाफ मौजूद रहा।

### प्राकृतिक खेती से सुधरेगी मिट्टी की सेहत और बढ़ेगी किसानों की आय

**लहरपुर।** राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड लहरपुर के ग्राम महमूदपुर और पतवारा में किसान जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन सत्रों में कुल ढाई सौ किसानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रसायन-मुक्त खेती अपनाने का संकल्प लिया। मुख्य वक्ता कृषि वैज्ञानिक डॉ. शिशिर कांत सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि बढ़ती लागत और मिट्टी की घटती उर्वरता के बीच गाय आधारित प्राकृतिक खेती ही एकमात्र टिकाऊ विकल्प है। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी (कृषि) राज कुमार वर्मा, पंकज पटेल (कृषि रक्षा), प्राविधिक सहायक गंगा राम, अंजू वर्मा, निशा देवी सहित कृषक राम गोपाल वर्मा, योगेंद्र सिंह व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस अलर्ट

**सीतापुर।** शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल मुस्तैद दिखा। कोतवाली नगर के अलावा खैराबाद सहित आसपास इलाकों में देर रात तक गश्त की गई। सिटी सर्किल का नेतृत्व एएसपी विनायक गोपाल भोसले ने किया। नैमिषारण्य, थानगांव सहित अन्य स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। यातायात निरीक्षक फरीद अहमद ने बताया कि नियमों की अनदेखी करने वाले दो पहिया और चार पहिया 227 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई।

### बेकाबू बस दुकानों में घुसी, पांच यात्री घायल

**मिश्रिख।** सीतापुर-मिश्रिख मार्ग पर एक भीषण हादसा हो गया। करियाडीह गांव के पास एक तेज रफ्तार प्राइवेट मिनी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित दो दुकानों को रौंदते हुए अंदर जा घुसी। हादसे में बस सवार पांच यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सीतापुर से आ रही बस की गति काफी अधिक थी। वाहन, चालक श्याम जैसे ही करियाडीह पहुंचा, वाहन से नियंत्रण खो बैठा। बस शिवम राठौड़ और ओमप्रकाश की जूते-चप्पल व एंड्रोल की दुकानों को पूरी तरह ध्वस्त करते हुए रुक गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर अफरा -तफरी मच गई और चीख-पुकार मच गई। हादसे के तुरंत बाद ग्रामीणों ने बचाव कार्य शुरू किया और बस में फंसे घायलों को बाहर निकाला। घायलों में रंजन त्रिवेदी, राधा, पुष्पेंद्र, श्याम और सुमन शामिल हैं। सुमन निवासी महसुनियां गंज के सिर में गंभीर चोट आई है।

### बंद घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार:** कोतवाली देहात क्षेत्र की धर्मदास कॉलोनी में चोरों ने एक बंद पड़े मकान को निशाना बनाते हुए करीब पौने चार लाख की चोरी को अंजाम दिया। वारदात के समय गृहस्वामी परिवार सहित एक शादी समारोह में बाहर गए थे। धर्मदास कॉलोनी निवासी प्रदीप कुमार सोनी के मुताबिक, हैरानी की बात यह रही कि चोरी के दौरान मकान की दूसरी मंजिल पर किरायेदार सो रहे थे, लेकिन उन्हें भनक तक नहीं लगी। चोरों ने घर का ताला तोड़कर 75 हजार नगद और करीब तीन लाख रुपये के जेवरात पार कर दिए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं।

# फैक्ट्री का ले आउट बना, गुपचुप हो गई बैंक डील!

## सीतापुर प्लाईवुड फैक्ट्री पर केके गैंग की नजर, रातों-रात बनवा डाला ले आउट

जीशान कदीर, सीतापुर

अमृत विचार EXCLUSIVE



फैक्ट्री का तैयार हुआ ले आउट।



खस्ताहाल सीतापुर प्लाईवुड फैक्ट्री के भीतर का हाल।

**अमृत विचार:** सीतापुर प्लाईवुड फैक्ट्री केके गैंग के रडार पर है। प्लाटिंग की नियत से रातो-रात ले आउट तैयार कर लिया गया। बात यहीं खत्म नहीं हुई, कागजी हेर-फेर के सहारे कई करोड़ बैंक डील की भी खबर है।

तीन दशकों से बंद पड़ी एशिया की जानी मानी सीतापुर प्लाईवुड फैक्ट्री भूमाफिया केके गैंग के रडार पर है। पहले खैराबाद की फलपट्टी को पट्टी बनाकर बेचने वाले शातिरों के निशाने पर अब सीतापुर प्लाईवुड फैक्ट्री है। जानकारों की मानें तो केके गैंग ने जमीन से सरोकार रखने वाले कुछ लोगों से कानपुर में संपर्क किया। फिर डील आसाम के बागानों में हुई। रातो-रात एक जनप्रतिनिधि और एक अधिकारी के संरक्षण में ले आउट तैयार हो गया। डील यहीं खत्म नहीं हुई, फैक्ट्री की पैमाइश में भी कई निजी भू-लेखक लगाए गए। जानकारों की मानें तो बैंक डील होने की बात भी सामने आई है। फिलवक्त प्रशासन इन बिन्दुओं की गहनता से पड़ताल कर रहा है।

### डीएम ने आपत्तियों को लेकर दिया मौका

वर्षों से कागजी दांव – पेंच में फंसी सीतापुर प्लाईवुड फैक्ट्री को राहत की संजीवनी मिलने जा रही है। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. द्वारा प्लाईवुड फैक्ट्री से जुड़े प्रकरण में पहले जांच कराई गई। आख्या उपजिलाधिकारी सदर धामिनी एम दास द्वारा अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह को प्रेषित की गई। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. का कहना है कि हेनरी थामसन व फर्म के भागीदारों में से किसी की जानकारी नहीं मिल पा रही है। इस प्रकार ये भूमि किसी भी विधिक / वास्तविक स्वामी के स्वामित्व में नहीं है। ऐसे में पक्ष रखने को लेकर तीस दिवस का मौका दिया गया है। अन्यथा की स्थिति में समस्त भूमि को समस्त भारों से मुक्त करते हुए राज्य सरकार की संपत्ति घोषित कर दी जाएगी।

### आठ गाटों में है करोड़ों की संपत्ति

सीतापुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग संपत्ति की कीमत लगभग सौ करोड़ के आसपास बताई जा रही है। इस भूमि का कुल रकबा 6.219 हेक्टयर है। इसमें से कुछ अंश राष्ट्रीय राजमार्ग में चले जाने के कारण कट गया है। ऐसे में पहली गाटा संख्या 79 में रकबा 0.175 हेक्टेयर है। फिर गाटा संख्या 81, 82, 84, 93, 94, 95, 98/1 है। इस तरह कुल रकबा 5.697 हेक्टेयर शेष है।

## सड़क हादसे में साइकिल सवार वृद्ध की मौत

**लहरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लहरपुर-तंबौर मार्ग पर डिंगुरापुर मोड़ के पास बृहस्पतिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में वृद्ध की जान चली गई। ग्राम ददुआपुर निवासी अशर्फीलाल (60) अपनी साइकिल से गांव जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अशर्फीलाल और बाइक चालक विनय कुमार (27) निवासी पुडरिया लालपुर, दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने अशर्फीलाल को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल बाइक चालक विनय को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वृद्ध की मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बंदी की मौत की मजिस्ट्रियल जांच शुरू, साक्ष्य आमंत्रित

**सीतापुर।** जिला कारागार में निरूद्ध सिद्धदोष बंदी विक्रम लोनिया की मृत्यु के मामले में मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए हैं। उपजिलाधिकारी महमूदाबाद को इस प्रकरण की जांच के लिए नामित किया गया है। दरअसल बीते 24 जनवरी को सदरपुर क्षेत्र के अड़ियापुर निवासी बंदी विक्रम लोनिया बैरक में अचेत मिला था। जेल प्रशासन द्वारा उसे तत्काल जिला चिकित्सालय भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसडीएम महमूदाबाद ने सूचित किया है कि इस घटना के संबंध में यदि कोई व्यक्ति साक्ष्य या जानकारी देना चाहता है, तो वह चौदह फरवरी से 21 फरवरी के बीच सुबह ग्यारह बजे से दोपहर दो बजे बजे तक एसडीएम कार्यालय में उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज करा सकता है।

# बैंक हड़ताल : 500 करोड़ रुपये का लेन-देन प्रभावित

कार्यालय संवाददाता




खैराबाद स्थित मुख्य मार्ग पर खाली पड़ा एटीएम।

**सीतापुर, अमृत विचार:** विभिन्न मांगों को लेकर बैंक कर्मचारी यूनियन ने सभी बैंकों में हड़ताल की। हड़ताल के कारण जिले भर में बैंकिंग सेवाएं पूरी तरह बाधित रही। ऐसे में लेन-देन का लगभग 500 करोड़ का कारोबार प्रभावित हुआ। एटीएम में पैसा खत्म होने के कारण बड़ी संख्या में एटीएम खाली रहे।

एआईबीईए यूनियन के कर्मचारी बैंक में प्रमुख मांगों को लेकर सुबह से ही कार्य से विरत रहे। ऐसे में दिन बढ़ने पर काम-काज में असर दिखने लगा। लोगों की कतारे पैसा लेने और जमा करने के लिए लगीं, लेकिन कार्य नहीं हो सका। कारण, अधिकतर कर्मचारी धरने पर मौजूद थे। बैंक परिसरों में धरना-प्रदर्शन हुआ। ऐसे में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में एटीएम में अपरान्ह पूर्व भीड़ दिखी। फिर नकदी खत्म होने के कारण एटीएम में सन्नाटा पसरा दिखा। व्यापारी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि बैंक हड़ताल के कारण पैसे जमा करने में मुश्किले आईं, बट्सगंज निवासी प्यारेलाल का कहना है कि जरूरत के मुताबिक एटीएम से पैसा निकालने आए थे। लेकिन एटीएम खाली मिला।

## फार्मर रजिस्ट्री के बिना नहीं मिलेगी सम्मान निधि

**संवाददाता, नेरी। अमृत विचार :** विकास खंड पिसावा और महोली की दर्जनों ग्राम पंचायतों में कृषि विभाग द्वारा फार्मर रजिस्ट्री को लेकर सघन जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रचार वाहन के माध्यम से ग्राम कारी पाकर, चंद्रा, नेरी, जहांसापुर और फरीदपुर समेत कई गांवों में लाउडस्पीकर द्वारा किसानों को पंजीकरण के लिए प्रेरित किया गया। विभागीय टीम ने कहा कि किसान सम्मान निधि की आगामी किस्तों और कृषि विभाग की अन्य योजनाओं का लाभ पाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है। जिन किसानों ने अभी तक पंजीकरण नहीं कराया है, वे भविष्य में लाभ से वंचित रह सकते हैं। अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे अविलंब राजकीय बीज भंडार या नजदीकी जन सेवा केंद्र पर जाकर अपनी रजिस्ट्री सुनिश्चित कराएं। इस दौरान किसानों को विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई।



व्यवस्थाओं का जायजा लेते आईजी किरण एस। अमृत विचार

### सुरक्षा को लेकर आईजी ने परखा सुरक्षा चक्र

**सीतापुर। अमृत विचार :** आगामी होली मेला और 84 कोसी परिक्रमा को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए गुरुवार सायंकाल पुलिस महानिरीक्षक किरण एस ने नैमिषारण्य और मिश्रिख क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। आईजी ने परिक्रमा मार्ग और प्रमुख पड़ावों का जायजा लेते हुए सुरक्षा व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए व्यवस्थाओं पर विशेष जोर दिया। घाटों और भीड़ वाले स्थानों पर सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से पैनी नजर रखी जाएगी। नदी और घाटों पर जल पुलिस व एसडीआरएफ की तैनाती के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में मजबूत बैरिकेडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सुगम दर्शन के लिए डिजिटल साइनेज, खोया-पाया केंद्र और एकीकृत नियंत्रण कक्ष सक्रिय रहेंगे। निरीक्षण के दौरान आईजी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भीड़-भाड़ वाले संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए और यातायात प्रबंधन के लिए पार्किंग की समुचित व्यवस्था हो। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, एएसपी (दक्षिणी) दुर्गेश सिंह समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# नाबालिग से यौन उत्पीड़न में दोषी को बीस साल की कैद

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** पॉक्सो कोर्ट ने नाबालिग के यौन उत्पीड़न के तीन साल पुराने मामले में फैसला सुनाते हुए ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय ने आरोपी को बीस वर्ष के कठोर कारावास और बीस हजार रुपये अर्थदंड की सजा दी है।

दरअसल मामला यह था कि वर्ष 2021 में थाना तम्बौर में आरोपी कमल किशोर उर्फ कमलू निवासी लहरपुर के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज हुआ था। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के आदेशानुसार पुलिस ने वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए और समयबद्ध तरीके से न्यायालय में पेश किए। जिसके बाद विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) ने उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर कमल किशोर को पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी करार दिया। अर्थदंड न भरने पर अभियुक्त को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

> जनपद में महिला एवं बाल अपराधों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति है। इस फैसले से अपराधियों में कड़ा संदेश जाएगा।
> – अंकुर अग्रवाल, एसपी



कारागार में निर्मित दरियों की गुणवत्ता परखते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विजय भान।

### कारागार का हुआ निरीक्षण, व्यवस्थाएं परखीं

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** जनपद न्यायाधीश आशीष जैन के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विजय भान ने गुरुवार को जिला कारागार का साप्ताहिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने महिला बैरक, पाकशाला, बच्चा बैरक और जेल अस्पताल का जायजा लिया। उन्होंने महिला बंदियों से उनके अधिवक्ताओं के विषय में जानकारी ली और पाकशाला में भोजन की गुणवत्ता जांची। जेल अस्पताल में भर्ती मरीजों के उपचार पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने लाइब्रेरी और लीगल एड क्लिनिक का भी निरीक्षण किया। इस दौरान बंदियों को कानूनी अधिकारों और शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर जेल अधीक्षिका प्रीती यादव समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधायक की मौजूदगी में 34 जोड़ों ने रचाया ब्याह

संवाददाता, सीतापुर।



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के दौरान आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित नव दंपति।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद के विभिन्न विकास खंडों में सामूहिक विवाह कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। रेउसा स्थित खेल के मैदान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर कुल 34 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया, जिसमें विकास खंड रेउसा के 26, रामपुर मथुरा के सात और महमूदाबाद का एक जोड़ा शामिल रहा। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी रेउसा और जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विधायक ने नवदंपतियों को सरकारी योजनाओं के लाभ के साथ सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं।



सपा महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह का स्वागत करते कार्यकर्ता।

### समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत

**संवाददाता, मिश्रिख।** समाजवादी महिला महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह का नैमिषारण्य जाते समय सिधौली के महमूदाबाद चौराहे पर अभिनंदन किया गया। सपा प्रदेश महासचिव रामपाल भार्गव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान जूही सिंह ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पार्टी की संगठनात्मक एकजुटता और महिला सशक्तिकरण के संकल्प पर जोर दिया गया। स्वागत समारोह में मुख्य रूप से रिंकी सिंह, दिग्विजय देव सिंह, किरण पासी, सुरेश राजपूत, विकास गौतम, आबिद अली और सुमित वाजपेई समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनहित की योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

संवाददाता, सीतापुर।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विभिन्न बैठकों के दौरान विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्रों तक समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पहुंचाया जाए।

मंगलवार को हुई बैठक में डीएम ने पीएम स्वनिधि योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की प्रगति जांची। उन्होंने बैंकों में लंबित आवेदनों का त्वरित निस्तारण करने और पात्रों को दूसरी व तीसरी किस्त समय पर दिलाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा निकायों को आवंटित बजट का उपयोग समय से हो। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। शहरों में स्वच्छता, पेयजल और प्रकाश की समुचित व्यवस्था रहे।

**पीड़ितों को न हो आर्थिक क्षतिपूर्ति:** सीतापुर। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष की बैठक संपन्न हुई। इसमें रेप विक्टिम और दहेज हत्या जैसे मामलों में मृतका के नाबालिग बच्चों को आर्थिक सहायता देने पर चर्चा की गई। समिति के समक्ष आए 32 प्रकरणों के निस्तारण की समीक्षा की गई। डीएम ने पुलिस और मेडिकल स्तर पर लंबित मामलों को तत्काल आगे बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि पीड़ितों को समय पर राहत मिल सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कवियों ने बांधा समां, काव्य पाठ से हुआ महोत्सव का शुभारंभ

**संवाददाता, कमलापुर। अमृत विचार :** सिधौली के सरांय स्थित छत्रपाल बाबा धाम में आयोजित नवदशम रुद्र महायज्ञ महोत्सव का आगाज सारस्वत यज्ञ कवि सम्मेलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सतना से आईं कवयित्री कृपा संगम ने मां सरस्वती की वंदना और बेटियां ईश्वर का उपहार हैं जैसी भावपूर्ण पंक्तियों से किया। कवि कृपाल सिंह दिनकर ने अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाते हुए कहा कि जरूरत पड़ने पर हम बलराम बनने से भी पीछे नहीं हटेंगे। वहीं, केदार नाथ शुक्ला ने आदमी बने रहो के संदेश के माध्यम से मानवीय मूल्यों पर जोर दिया। विकास बौखल ने मंचों पर चुटकुलों के बजाय शुद्ध छंद और कविता की मेहनत को रेखांकित किया। ओज कवि विनीत तिवारी ने शौर्य गाथाएं पढ़ीं। संयोजक प्रमोद मिश्र पंचमेश ने गौ-सेवा के प्रति लोगों को जागरूक किया। संदीप अनुरागी के कुशल संचालन में चले इस कार्यक्रम में अवधेश मिश्र, विश्वकांत और सिद्धार्थ सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।



कवि सम्मेलन में उपस्थित कवि। अमृत विचार

# सीता इंटर कॉलेज में विदाई समारोह आयोजित

संवाददाता, महमूदाबाद।




आशीर्वाद समारोह में प्रस्तुति देतीं छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सीता इंटर कॉलेज परिसर में इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं के लिए आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन और कठिन परिश्रम से किसी भी दुर्गम लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने छात्रों से परीक्षा को बोझ न बनाने और गुरुजनों के मार्गदर्शन में आगे बढ़ने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रदीप वर्मा ने आत्मविश्वास और चरित्र निर्माण पर जोर दिया, जबकि वरिष्ठ प्रवक्ता विनोद गुप्त ने सतत परिश्रम को सफलता का एकमात्र विकल्प बताया। प्रबंधक रमेश वर्मा व उप प्रधानाचार्य यशपाल वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर नीरज वर्मा, प्रतिभा सिंह व कर्मचारी मौजूद रहे।

### मेधावी छात्र हुए पुरस्कृत

समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को नवाजा गया। प्राची निगम व ज्ञानेंद्र वर्मा को ऑल राउंडर, वर्तिका सोनी को ओवरऑल टॉपर 'और अस्मिका व सिद्धांत को मेलोडी ऑफ द स्कूल चुना गया। इनके अलावा अंशिका सिंह, अर्पित वर्मा (स्पोर्ट्स), नीता (आर्टिस्ट), बबिता वर्मा (परफॉर्मर), आस्था व मोनू (अनुशासन), और अमन व श्रेया (बेस्ट स्पीकर) सहित शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले 17 छात्र पुरस्कृत किए गए।

### हड़पी जमीन, तो डीएम की चौखट पर पहुंची पीड़िता

**सीतापुर।** तहसील लहरपुर के नवीननगर निवासी एक महिला ने जिलाधिकारी से गुहार लगाकर अपनी जमीन को कब्जे से मुक्त कराने की मांग की है। पीड़िता खैरुननिशा पत्नी हुसैनी का आरोप है कि उसके सह-खातेदार और एक अन्य खरीदार ने मिलकर उसकी शेष बची भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है। पीड़िता के अनुसार, उसने वर्ष 2012 में एक भूमि के क्षेत्रफल में आधे हिस्से की खरीदारी की थी। आपसी सहमति के अनुसार जमीन के पश्चिमी भाग पर उसका कब्जा था। खैरुननिशा ने अपने हिस्से से 1400 वर्ग फुट जमीन अनारकली पत्नी कलीम को बेची थी। पीड़िता ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर राजस्व अभिलेखों के आधार पर जमीन की पैमाइश कराने और अवैध कब्जेदारों से अपनी भूमि मुक्त कराने की अपील की है।

# बाल उत्सव प्रगति में दिखा सफलता का मंच




बाल उत्सव के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राएं व अन्य। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** मिशन स्कूल में जनपद स्तरीय बाल उत्सव प्रगति, स्वाभिमान और सफलता की ओर 2.0 का शानदार आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विकास अधिकारी, यूनिसेफ के एजुकेशन स्पेशलिस्ट रवि और कम्युनिकेशन स्पेशलिस्ट नूपुर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उत्सव में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय ,खैराबाद की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया, जबकि हरगांव की छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सबका मन मोह लिया। जनपद के 19 विकासखंडों से आए साठ चयनित बच्चों ने मेरे बदलाव की कहानी और कॉमिक्स बुक आधारित कहानी प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाई। जिसमें ब्लॉक स्तर के उत्कृष्ट शिक्षकों और मेधावी छात्र-छात्राओं का भव्य स्वागत किया गया। जनपद स्तर पर चयनित दस बच्चे, प्रत्येक प्रतियोगिता से पांच– पांच अब मंडल स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। जिला व्यायाम शिक्षक राज शर्मा के संचालन में हुए कार्यक्रम का समन्वय जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) श्रुति रूहेला ने किया। इस अवसर पर सारिका अवस्थी, अलका शुक्ला सहित कई शिक्षक और निर्णायक मंडल मौजूद रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### सीओ के नेतृत्व में हुई पीस कमेटी की बैठक

**सतांव, रायबरेली।** गुरुवार को क्षेत्राधिकारी लालगंज अमित सिंह के नेतृत्व में गुरुबक्शगंज थाने में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो, ब्यापारियों व हिन्दू-मुस्लिम धर्म के सम्भ्रात्त लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर ब्यापार मण्डल अध्यक्ष लाला गुप्ता के साथ भारी संख्या में ब्यापारी मौजूद रहे।

### त्योहार को लेकर खीरों थाने में हुई बैठक

**खीरों, रायबरेली।** आगामी महाशिवरात्रि, रमजान, होली जैसे धार्मिक त्योहारों में शान्ति व्यवस्था एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से थाना खीरों में बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम मिथिलेश कुमार त्रिपाठी, सीओ अमित सिंह, प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह सहित सभी पुलिसकर्मी व जनप्रतिनिधि दोनों समुदायों के लोग उपस्थित थे।

### शिवरात्रि को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज कोतवाली परिसर में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपजिलाधिकारी मिथिलेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि त्योहार आपसी सौहार्द और भाईचारे के प्रतीक हैं। क्षेत्राधिकारी अमित सिंह ने व्यापारियों से पटरी से दुकान हटाने और संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने का आग्रह किया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि श्री बाल्हेश्वर बाबा मंदिर और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर सभी प्रकार की व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। बैठक में नितिन मलिक, विवेक शर्मा, रोहित सोनी, शिवम गुप्ता, शीलू त्रिवेदी, सत्यम गुप्ता, सचिन वृंदावन रहे।

### 5 दिवसीय ट्रेनिंग शुरू

**छतोह, रायबरेली।** बुधवार को दिव्यांग बच्चो से संबंधित समावेशी शिक्षा संबंधित पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश ने बताया कि इसका उद्देश्य दिव्यांग बच्चों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण विकसित करना है। इस मौके पर महेश मोदनवाल, चंद्र प्रकाश, गिरजेश सिंह, अनुप्रिया सिंह, शीला यादव, राम कुमार, जय करन आदि उपस्थित रहे।

### हादसे में अधेड़ घायल

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोपाल सिंह निवासी शमशेर (56) पुत्र मंगल पैदल सड़क किनारे जा रहे थे। तभी पीछे से आ रही बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गया। घायल को तुरंत सीएचसी जगतपुर पहुंचाया गया। सीएचसी के डॉ. लईक अहमद ने बताया कि हालत गंभीर देखते हुए घायल को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है।

### किशोरी को भगाया

**डलमऊ, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में एक युवती व एक किशोरी को भगा ले जाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाल राघवन कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### दुष्कर्मी गिरफ्तार

**छतोह, रायबरेली।** बीती मंगलवार की शाम नसीराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में 14 वर्षीय दलित किशोरी शौच करने गई थी। जहां पहले से घात लगाए बैठे दो युवकों ने जबरन पकड़कर उसके साथ मुंहकाला किया। नसीराबाद थाने के उप निरीक्षक करुणा शंकर तिवारी ने बताया कि उमेश पुत्र श्रीराम माली निवासी बसुपुर, कुलदीप सिंह पुत्र कमल सिंह निवासी बिरनावा को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार करके अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

### एसजेएस में 'फंटूरा फिएस्टा' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बछरावां, रायबरेली।** बुधवार को एसजेएस में 'फंटूरा फिएस्टा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि इंजीनियर शांतनु कुमार राय रहे। कार्यक्रम के प्रथम चरण में मेले में विद्यार्थियों ने भारतीय परंपरा एवं ग्रामीण संस्कृति का सजीव परिदृश्य प्रस्तुत कर अपनी समृद्ध विरासत से जुड़ने का संदेश दिया। कहा गया कि विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन का होना जरूरी है। इस मौके पर सह-प्रबंधिका डॉ. अनुश्री सिंह, सुधा सिंह, अग्रज सिंह, कमलेंद्र सिंह, गीतेश श्रीवास्तव, आदर्श श्रीवास्तव, ऋषि अग्रवाल, सुनील राठौर, अमित बच्चन, संतोष शर्मा, आशीष बजाज, रजत अवस्थी, प्रांजल श्रीवास्तव, अमन गुप्ता, जितेंद्र त्रिवेदी, दुर्गेश त्रिपाठी, दिनेश सिंह, पूजा बाजपेई, स्वर्णिमा मिश्रा, अमिता श्रीवास्तव व सुधा गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षा: डीएम व एसपी ने केंद्रवार जानी हकीकत

## जीआईसी में प्रशिक्षण बैठक में पारदर्शी परीक्षा कराने के निर्देश

संवाददाता, रायबरेली



बोर्ड परीक्षा की बैठक में मौजूद डीएम हर्षिता माथुर और एसपी रवि कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद हाईस्कूल और इंटर परीक्षा 2026 के अब चंद दिन ही शेष बचे हैं। ऐसे में प्रशासन व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने में लग गया है।गुरुवार को जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने जीआईसी में बैठक की। इसमें मौजूद जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक को नकलविहीन और पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए गए। परीक्षा 18 फरवरी से 12 मार्च तक चलेगा। इसके लिए जिले में 107 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नामित जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट आवंटित परीक्षा केंद्रों का समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण करते हुए केंद्र पर प्रभावी नियंत्रण रखेंगे। साथ ही अपने संबंधित परीक्षा केंद्रों के स्टैटिक मजिस्ट्रेट मॉनिटरिंग करते हुए परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक परीक्षा तिथि एवं पाली पर उनकी उपस्थिति में सुनिश्चित कराएंगे। जोनल मजिस्ट्रेट परीक्षा अवधि में केन्द्रों पर अवांछित भीड़ इकट्ठा न होने देने के दृष्टिगत पुलिस दल के साथ परीक्षा अवधि में अपने जोन के परीक्षा केन्द्रों में नियमित दौरा करेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली का समय प्रातः 08:30 बजे से 11:45 बजे और द्वितीय पाली का समय अपरान्ह दो बजे से शाम 05:15 बजे तक रहेगा। परीक्षाओं को सुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन संपन्न करने के लिए जनपद को 09 जोन एवं 19 सेक्टर में विभाजित करते हुए जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं।

प्रत्येक परीक्षा केंद्र में स्टैटिक मजिस्ट्रेट केंद्र, व्यवस्थापक व वाह्य केंद्र व्यवस्थापक नियुक्त किए गए हैं। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, प्रधानाचार्य पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज रत्नेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

**कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्रों की लाइव मानिटरिंग:** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में कन्ट्रोल रूम बनाया गया है। यहां परीक्षा केन्द्रों की लाइव मॉनिटरिंग की जायेगी। परीक्षा केन्द्रों से न्यूनतम एक किमी की परिधि में फोटो कापियर्स एवं स्कैनर का संचालन परीक्षा अवधि में पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। स्टैटिक मजिस्ट्रेट अपने परीक्षा केन्द्रों पर प्रत्येक दशा में न्यूनतम एक घंटे पूर्व उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा केन्द्र के स्ट्रांग रूम में मोबाइल फोन के साथ प्रवेश वर्जित रहेगा।

**परीक्षा पर एक नजर**

परीक्षा केंद्र - 107
हाईस्कूल परीक्षार्थी- 38026
बालक - 19178
बालिका- 18848
इंटरमीडिएट परीक्षार्थी- 31635
बालक -15721
बालिका - 15914
कुल परीक्षार्थी- 69661

### शासन से पीड़ित परिवारों को मिली आर्थिक सहायता

**रायबरेली, अमृत विचार।** गंगा एक्सप्रेस वे पर जगतपुर थाना क्षेत्र के कोडर मजरे चूली गांव के पास बीते रविवार हुए सड़क हादसे में चार लड़कियों की मौत हो गई थी। वहीं पांच की हालत गंभीर होने पर इलाज चल रहा था। मामले में डीएम हर्षिता माथुर के प्रयास से शासन से पीड़ित परिवारों के खातों में आर्थिक मदद की धनराशि भेज दी गई है। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से घायलों को प्रति व्यक्ति 50-50 हजार और मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रुपये भेजे गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद दिलाई जा रही है।

# आशीर्वाद समारोह में छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए मनमोहक कार्यक्रम

संवाददाता रायबरेली



छात्रा को पुरस्कृत करतीं मुख्य अतिथि सावित्री सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रोहनिया ब्लॉक के ग्राम उसरैना में श्री जगदीश बालिका इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव व आशीर्वाद समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक स्व. गजाधर सिंह की पत्नी सावित्री सिंह रहीं। समारोह में उन्होंने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देकर सम्मानित किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मो. मुकीम खान, विजय प्रकाश श्रीवास्तव, हरिकेश मौर्या, धर्मेंद्र कुमार, आशीष कुमार, महजबीन बानो, शालिनी मिश्रा, शीला, सरस्वती, स्वाति विश्वकर्मा, विनीत कुमार, अनीता, शिवम यादव, नाज़न बानो, शिवमंगल पाल आदि उपस्थित रहे।

# 34 लोकेटेड आंगनबाड़ी कार्यकत्री को गयी ट्रेनिंग

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** गांवों में दिव्यांग बच्चों की पहचान के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मुंशीगंज बीआरसी में 10 से 12 फरवरी को प्रशिक्षण दिया गया। ब्लॉक संसाधन केंद्र मुंशीगंज में तीन दिनों तक चले प्रशिक्षण में सन्दर्भदाताओं ने दिव्यांग बच्चों की शिक्षा से लेकर उनकी देखभाल के बारे में जानकारी दी गई। ब्लॉक संसाधन केंद्र के प्रशिक्षण के बारे में बीईओ बृजलाल ने बताया कि राही में संचालित प्राथमिक स्तर के विद्यालयों में कार्यरत् को 34 लोकेटेड आंगनबाडी कार्यक्त्री को इक्कीस प्रकार की दिन्यांगता से सम्बन्धित जानकारी दी गई तथा यूडीआईडी कार्ड बनवाने की प्रकिया के विषय में बताया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण से अब आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिव्यांग बच्चों को पहचानने में आसानी होगी। सन्दर्भदाता मल्लिका सक्सेना और नरेश कुमार सक्सेना द्वारा तीन दिवसीय लोकेटेड आंगनबाडी कार्यक्त्री का प्रशिक्षण सम्पन्न कराया। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी राही बृजलाल वर्मा द्वारा किया गया। इस मौके पर आशीष, नीरज, अभिषेक, मनीष मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय को दी श्रद्धांजलि




पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित करते भाजपा पदाधिकारी।

**लालगंज, रायबरेली।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 57वीं पुण्यतिथि पर देशभर में लोगों के द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भाजपा नेता अनूप पांडे ने कहा कि उनके विचार देश की हर पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक हैं। भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने उन्हें अंत्योदय और एकात्म मानववाद के प्रणेता बताया। इसके अलावां भाजपा सभासद कैलाश वाजपेई, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, रविनंदन सिंह चौहान, सुरेंद्र गुप्ता, शिवम गुप्ता, मंटू बाजपेई, अर्पित गुप्ता, राजेश निर्मल ने भी पंडित दीनदयाल को श्रद्धांजलि दी। सुरेश कुमार पाठक, संजय सिंह, जगदेव प्रसाद वर्मा, राम नारायण सिंह, सुरेश वर्मा, अशोक यादव, दिवाकर, रामशरण अग्निहोत्री, शालिनी मिश्रा, लक्ष्मी विश्वकर्मा, शिवांकरी ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### शिव मंदिर से घंटा चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

**शिवगढ़, रायबरेली।** खजुरों शिव मंदिर से घंटा चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो को दबोचा है।गौरतलब हो कि बीती 9 फरवरी की रात चोरों ने थाना क्षेत्र के खजुरों स्थित शिव मंदिर को निशाना बनाकर घंटों के साथ ही छोटी घंटियां पार कर दी थी। 10 फरवरी की सुबह जानकारी होने पर गांव के ही रहने वाले अरुण कुमार मिश्रा ने तहरीर दी थी। गुरुवार को आरोपी दिनेश बड़मानुष पुत्र रामबिलास निवासी थुलेण्डी, सुनील बड़मानुष पुत्र राजू निवासी रानीखेड़ा मजरे राजामऊ थाना बछरावां जो बड़े घंटे को बेचने के लिए जा रहे थे को रानीखेड़ा बॉर्डर स्थित नाले के पास पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने वारदात को स्वीकार किया। शिवगढ़ थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि शिव मंदिर से घंटा और घंटियां चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार का जेल भेज दिया गया है।

### वांछित हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के पूरे बैसन मजरे जिंगना गांव के रहने वाले ऑटो चालक को रामू सिंह को बेटे और पिता ने धक्का दे दिया था। ट्रक के नीचे आ जाने से ऑटो चालक की मौत हो गई थी। वही मृतक के पिता की तहरीर पर गैर इरादतन हत्या का अभियोग पंजीकृत कर लिया गया था। वांछित चल रहे राकेश को पुलिस ने जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि घटना में वांछित आरोपी राकेश निवासी पिछ्वारा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### बैठक में सुरक्षा व्यवस्था के दिए निर्देश

**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज थाना में गुरुवार शाम को आगामी रमजान, होली और महाशिवरात्रि पर्वों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। कोतवाल जगदीश यादव ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में हाजी जियाउलहक, पंकज गुप्ता, उमेश चंद्र मिश्रा, जुगुन तिवारी, रिंकू चौधरी, प्रदीप लोधी आदि लोग उपस्थित रहे।

# सीनियर छात्रों को जूनियर ने दी विदाई

संवाददाता, रायबरेली




डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित विदाई समारोह में मौजूद बच्चे और शिक्षिकाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी ऊंचाहार में सीनियर छात्रों के लिए एक भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह की शुरुआत प्रधानाचार्या प्रतिभा जौहरी ने दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि से की। इसके बाद सभी ने स्वामी दयानन्द सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। सीनियर छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। सभी छात्रों ने अपने अच्छे परिणाम के लिए हवन भी किया। छात्रों ने अपने अनुभव और यादें साझा कीं और कक्षा 11 के छात्रों को शुभकामनाएं दीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा 11 छात्रा की खुशी मौर्य द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुई फिर छात्रों ने सीनियर छात्रों के लिए कई मनोरंजक खेल आयोजित किए गए,जिसने सभी को खूब हंसाया। कक्षा 11 के छात्रों ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुति किया जिस पर तालियों की गड़गड़ाहट देखती ही बनी। प्रधानाचार्या ने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कक्षा 11 के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला प्रस्तुत की गई। उनके नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हेड बॉय आर्यन जायसवाल ने अपनी विद्यालय मे अपने बीती दिनों की यादें संजोई। कार्यक्रम का समापन हेड गर्ल अंशिका मौर्य द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

### एनडीपीएस एक्ट में आरोपी को 7 वर्ष की कैद

**रायबरेली, अमृत विचार।** कोर्ट ने अमेठी जिले के जायस थाना क्षेत्र से जुड़े एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में दोषसिद्ध पाए जाने पर आरोपी को सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 50 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायालय स्थित विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) अभिषेक सिन्हा ने सुनाया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक राम प्रकाश तिवारी के अनुसार मामले की रिपोर्ट थाना जायस के तत्कालीन एसआई संकठा प्रसाद मौर्य ने दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार 8 फरवरी 2025 को रामसमुझ को 60 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने विवेचना के बाद मोहनगंज थाना क्षेत्र के राजा का पुरवा मजरे बारकोट निवासी रामसमुझ लोध के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। कोर्ट ने मामले बहस सुनने के बाद पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर दोषी को कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई।

# अभिनेत्री की झलक पाने को उमड़े लोग

शिवगढ़, रायबरेली



अभिनेत्री मोनालिसा के साथ फोटो खिंचवाते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** महाकुम्भ मेले में माला बेचते हुए वायरल हुईं मोनालिसा को देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। डेब्यू फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' का ट्रेलर प्रयागराज में लांच होने के बाद बुधवार को मोनालिसा फिल्म निर्देशक सनोज मिश्रा के साथ नगर पंचायत शिवगढ़ स्थित ढेकवा पहुंची, जहां पर बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों एवं युवाओं का हुजूम मोनालिसा के साथ सेल्फी लेने के लिए उमड़ पड़ा। गांव के लोगों ने मोनालिसा व माटी के लाल फिल्म निर्देशक सनोज मिश्रा का जोरदार स्वागत किया। मोनालिसा ने ढेकवा स्थित शीतला माता मंदिर और संकट मोचन मंदिर में विधिविधान पूर्वक पूजा अर्चना कर फिल्म की सफलता के लिए कामना की। इस दौरान अभिनेत्री मोनालिसा के पिता जयसिंह भोसले, बहन जसिका, भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष श्रवण पाण्डेय, आशू पाण्डेय, दिनेश सिंह भदौरिया, उमाकान्त अवस्थी, मन्नी अवस्थी, राजबहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

**फिल्म का ट्रेलर रिलीज:** डेब्यू फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' का ट्रेलर सिविल लाइन्स स्थित एक होटल में लॉन्च होने के बाद फिल्म निर्देशक सनोज मिश्रा अपने पैतृक गांव ढेकवा पहुंचे। पत्रकारों से वार्ता के दौरान मोनालिसा ने बताया कि उनकी कामयाबी के पीछे सनोज मिश्रा का हाथ है। मोनालिसा बोली मेरा जो पैतृक व्यवसाय वह वह चलता रहेगा।

### वकीलों ने किया न्यायिक कार्य का बहिष्कार

**ऊंचाहार, रायबरेली।** प्रदेश के रामपुर जिले में एक अधिवक्ता की नृशंस हत्या के विरोध में गुरुवार को तहसील बार एसोसिएशन ऊंचाहार के अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश देखा गया। तहसील मुख्यालय पर एकजुट होकर अधिवक्ताओं ने न केवल प्रदर्शन किया, बल्कि प्रस्ताव पारित कर पूर्ण रूप से न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में रामपुर के अधिवक्ता फारुख अहमद की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। अधिवक्ताओं की मांग है कि हत्या के आरोपियों की तत्काल पहचान कर उन्हें कठोरतम सजा दी जाए। प्रदेश में अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट' को तुरंत लागू किया जाए। महासचिव राजेन्द्र कुमार शुक्ला के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी ऊंचाहार के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन प्रेषित किया।

### कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव ने दी सांत्वना



शिवगढ़ में मृतक के परिजनों को सांत्वना देते कांग्रेस नेता सुशील पासी।

**शिवगढ़, रायबरेली।** एक्सीडेंट में मौत होने की सूचना पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी ने जगन्नाथपुर मजरे सूरजपुर व बैंती बाजार पहुंच कर मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाया। उनके साथ कौशांबी से अखिलेश भारती, युवा नेता राजेंद्र कुमार राज, रामखेलावन, मंशाराम सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई और सड़क सुरक्षा के ठोस इंतजाम की मांग की है।

### घर से जेवरात और नकदी चोरी

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के ओथी निवासी रामसमुझ गांव में ही प्रधान सुनील मौर्य के यहां शादी समारोह में शामिल होने गए थे। उनकी पत्नी सावित्री बगल के कमरे में सो रही थी, तभी चोरों ने बगल के दरवाजे का ताला तोड़ा और अंदर घुसकर अलमारी में रखे जेवरात व 50 हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गए। वापस लौटने पर उसे वारदात की जानकारी हुई। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया छानबीन की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# बजट से किसानों को जगी उम्मीद, मिलेगी सुविधा

महराजगंज, रायबरेली



रविराज सिंह। अमृत विचार



शत्रोहन सोनी। अमृत विचार



धर्मवीर सिंह। अमृत विचार



अमरेंद्र सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार की ओर से बजट में किसानों के हितकारी योजनाओं की घोषणा से किसानों को बेहतर होने की उम्मीद जगी है। बजट में बेसहारा गोवंश संरक्षण के लिए और नए गौ आश्रय स्थल स्थापित करने के लिए किये गए बजट के इंतजाम को भी नाकाफी बताया है। बातचीत के दौरान किसानों ने बताया कि किसानों को बेसहारा गोवंशों व वनरोज के झुण्डों की वजह से कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके पूर्व भी जिन गौ आश्रय स्थल के निर्माण किये जाने का प्रस्ताव था, वे भी पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। योगी सरकार के वर्ष 2026-27 के बजट को लेकर किसानों की मिलीजुली प्रतिक्रिया रही। कुछ योजनाओं की किसानों ने तारीफ़ की तो कुछ योजनाओं को नाकाफी बताया है। क्षेत्र के अलीपुर गांव निवासी किसान रविराज सिंह का कहना है कि निजी नलकूपों के लिए किसानों को मुफ्त बिजली देने के वादे को यूपी सरकार द्वारा जारी रखा जाना मील का पत्थर साबित होगा। धान की फ़सल को अधिक सिंचाई की आवश्यकता होती है, जिससे पहले अधिक बिल देना पड़ता था। सरकार द्वारा मुफ्त सिंचाई सुविधा को आगे भी जारी रखा जाना किसानों के हित में बड़ा सहयोग है। मझिगवां निवासी प्रगतिशील किसान शत्रोहन सोनी कहते हैं कि राजकीय नलकूपों का आधुनिकीकरण और डीजल से चलने वाले नलकूपों को सोलर ऊर्जा चालित नलकूप बनाए जाने के लिए बजट का आवंटन सराहनीय है। इसके लघु एवं सीमांत कृषकों को सिंचाई के लिए ईधन की जरूरत नहीं होगी। टूक गांव निवासी किसान धर्मवीर सिंह ने बताया कि किसानों को उर्वरक और अन्य सामग्री समय पर मिल सके, इसके लिए अग्रिम भंडारण के लिए बजट का आवंटित किया जाना किसानों के हित में है। जब फसलों को समय पर खाद व उर्वरक मिलेंगे तो उत्पादन अच्छा होगा। मोन गांव के किसान अमरेंद्र सिंह का कहना है कि मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना से सहकारी बैंकों से किसानों को ऋण पर ब्याज अनुदान देने के लिए बजट का निर्धारण होने से किसानों को छोटे उद्योगों को लगाने में मदद मिलेगी।

### सड़क दुर्घटना में वृद्ध की गयी जान


**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे कलिका बक्स मजरे ऐहार गांव निवासी बद्री प्रसाद साहू (75) पुत्र स्व. पूर्वीदीन साइकिल से अपने खेत गये थे। लौटते समय सड़क पार कर रहे बद्री प्रसाद को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिसमें बद्री प्रसाद समेत बाइक सवार सुमन पत्नी रमेश व अमित पुत्र रमेश निवासीगण शमशेर का पुरवा थाना गुरुबक्शगंज घायल हो गए। तीनों को उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने बद्री प्रसाद को मृत घोषित कर दिया। जबकि सुमन को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### लायर्स बार एसो. कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। अमृत विचार

**सलोन, रायबरेली।** लायर्स बार एसोसिएशन सलोन की कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को अध्यक्ष विनय कुमार त्रिपाठी एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बार एसोसिएशन रामपुर द्वारा पारित एक दिवसीय प्रस्ताव/ज्ञापन के समर्थन में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में तय किया गया कि 11 फरवरी को जनपद रामपुर के अधिवक्ता फारुख अहमद की जघन्य हत्या के विरोध में 12 फरवरी को समस्त अधिवक्ता पूर्ण रूप से न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। साथ ही उपजिलाधिकारी चंद्रप्रकाश गौतम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी तथा एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को जल्द लागू किए जाने की मांग की जाएगी। बैठक में लालता प्रसाद यादव, मो. ताहिर, जगदीश प्रसाद मौर्य, ज्ञानेंद्र कुमार त्रिपाठी, उमेश कुमार त्रिपाठी, गिरजेश मिश्रा, पवन कुमार श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



प्रेम का उपहार दिया नहीं जा सकता, यह स्वीकार किए जाने की प्रतीक्षा करता है।
–रवींद्रनाथ टैगोर, साहित्यकार

## महत्वाकांक्षी बजट

उत्तर प्रदेश सरकार का तकरीबन सवा नौ लाख करोड़ रुपये का ऐतिहासिक बजट संकेत देता है कि सरकार राज्य को 'ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था' के लक्ष्य पर अग्रसर है। बजट में बुनियादी ढांचे, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और औद्योगिक निवेश पर विशेष जोर है। एक्सप्रेस-वे, डिफेंस कॉरिडोर, डेटा सेंटर और औद्योगिक पार्क जैसी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त प्रावधान प्रशंसनीय हैं। इससे निवेश आकर्षित होगा और दीर्घकाल में रोजगार सृजन की संभावना बढ़ेगी। पूर्वांचल और बुंदेलखंड जैसे अपेक्षाकृत पिछड़े क्षेत्रों के लिए विशेष योजनाएं क्षेत्रीय असमानता कम करेंगी।

सरकार ने कौशल विकास, स्टार्टअप और स्वरोजगार योजनाओं के लिए बजट बढ़ाया है, हालांकि प्रत्यक्ष सरकारी नौकरियों की बड़ी घोषणाएं सीमित हैं। रोजगार सृजन का भरोसा मुख्यतः निजी निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार पर आधारित है। चुनावी वर्ष की आहट को देखते हुए युवाओं के लिए लक्ष्य आधारित कार्यक्रम स्वागत योग्य हैं, लेकिन उनकी ठोस समय सीमा और निगरानी तंत्र भी स्पष्ट होना चाहिए। सरकारी स्कूलों के आधुनिकीकरण, मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाने और डिजिटल शिक्षा पर खर्च बढ़ाने से मानव संसाधन विकास को बल मिलेगा। डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, आईटी पार्क और अनुसंधान केंद्रों के लिए प्रावधान यह संकेत देते हैं कि राज्य तकनीक आधारित विकास मॉडल अपनाना चाहता है। शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को वेतन या स्थायीकरण संबंधी कोई स्पष्ट राहत न मिलना असंतोष का कारण बन सकता है। यह वर्ग लंबे समय से नियमितीकरण और वेतन वृद्धि की मांग कर रहा है। कृषि बजट में सिंचाई, कृषि यंत्रीकरण, फसल बीमा और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की घोषणाओं से उत्पादकता और लागत संतुलन में मदद मिल सकती है, किसानों को तकनीक आधारित सेवाओं और कृषि स्टार्टअप को प्रोत्साहन मिलना दीर्घकालीन सुधार का संकेत है, पर एमएसपी, गन्ना भुगतान या कृषि ऋण राहत जैसे मुद्दों पर कोई बड़ा और नया एलान भी अपेक्षित था। विधवा, वृद्ध और दिव्यांग पेंशन योजनाएं जारी हैं, परंतु वृद्धावस्था पेंशन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी न होना महंगाई के परिप्रेक्ष्य में निराशाजनक माना जा सकता है। सामाजिक सुरक्षा का दायरा विस्तारित हुआ है, पर राशि में बड़े इजाफे की उम्मीद पूरी नहीं हुई। 8वें वेतनमान की घोषणा न होना यह दर्शाता है कि सरकार वित्तीय अनुशासन बनाए रखना चाहती है। वेतन व्यय पहले ही बजट का बड़ा हिस्सा लेता है, संभव है कि इस पर निर्णय केंद्र के संकेतों के बाद लिया जाए। इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश परियोजनाओं में पिछली घोषणाओं का बड़ा हिस्सा लागू हुआ है, फिर भी कई सामाजिक योजनाओं का पूर्ण क्रियान्वयन अभी मूल्यांकन मांगता है। संभव है कि वर्ष के मध्य में अनुपूरक बजट आए, जिसमें छूटे क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त प्रावधान किए जाएं।

इस बजट में आम नागरिक को बेहतर सड़क, स्वास्थ्य और रोजगार अवसर के रूप में अप्रत्यक्ष लाभ की उम्मीद है। मध्यम वर्ग को बुनियादी सेवाओं के विस्तार से फायदा होगा, पर तात्कालिक आर्थिक राहत सीमित दिखती है।

### प्रसंगवश

## रेडियो के वो सुहाने दिन बस यादें रह जाती हैं

आज विश्व रेडियो दिवस है। आज से करीब एक सौ बीस साल पहले रेडियो का आविष्कार हुआ था। रेडियो के आविष्कार ने वैश्विक संचार में अभूतपूर्व क्रांति ला दी थी। भारत में आवाज की इस अनोखी दुनिया को एक सौ तीन वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। पिछली करीब एक सदी की शानदार यात्रा में रेडियो, भारत के जन-जन के जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। नई संचार तकनीकी के अभ्युदय से पहले रेडियो ने भरोसेमंद जनसंचार के एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

तरंगों के द्वारा आवाज को एक स्थान से दूसरे स्थान तक संप्रेषित करने वाले रेडियो नाम के उपकरण को मूर्त रूप लेने में करीब चार दशक लगे। इस कालखंड में अनेक भौतिकविदों एवं अभियंताओं ने रेडियो के क्रमिक विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।



प्रयाग पांडे
वरिष्ठ पत्रकार, नैनीताल

1864 में एक अंग्रेज गणितीय भौतिकविद् जेम्स क्लर्क मैक्सवेल ने पहली बार रेडियो तरंगों के अस्तित्व की भविष्यवाणी की थी। 1888 में एक जर्मन भौतिकविद हेनरिश हट्र्ज ने रेडियो तरंगों के अस्तित्व को तो स्वीकारा, लेकिन उन्होंने रेडियो तरंगों का दूर संचार में उपयोग की संभावनाओं को नकार दिया था। इसी दरम्यान एक अंग्रेज भौतिकविद् रदरफोर्ड ने तीन चौथाई मील दूरी तक रेडियो संकेत भेजकर हट्र्ज की अवधारणा को गलत सिद्ध कर दिया। 12 दिसंबर,1881 में इटली के विद्युत अभियंता मारकोनी ने एक स्थान से भेजी गई आवाज को सुनने और पुनः अपनी आवाज दूसरे स्थान पहुंचाने में सफ़लता प्राप्त कर ली, लेकिन तब रेडियो का वर्तमान स्वरूप अस्तित्व में नहीं आ पाया था। 1904 में विद्युत अभियंता जॉन एम्ब्रोज फ्लेमिंग और 1906 में अमेरिका के डी. फारेस्टर ने रेडियो के आविष्कार को आगे बढ़ाया।

प्रारंभिक चरण में रेडियो का सबसे अधिक उपयोग समुद्री जहाजों द्वारा किया गया। समुद्री जहाज खतरे या दुर्घटना की स्थिति में एक-दूसरे जहाज या तट से सहायता प्राप्त करने के लिए रेडियो का उपयोग करते थे। 25 दिसंबर, 1906 की रात को अचानक जहाजियों ने तारयंत्र से पहले एक पुरूष की आवाज सुनी फिर उन्हें एक महिला का गीत और वायलन की धुन सुनाई दी, इसी के साथ रेडियो को अपना अस्तित्व मिल गया।

शुरुआती दौर में इंग्लैंड में रेडियो को वायरलेस कहा जाता था। अमेरिका में इसे रेडियो टेलीग्राफ कहते थे। बाद में अमेरिकी लोगों ने इसमें से टेलीग्राफ शब्द को छोड़कर सिर्फ रेडियो कहना शुरू कर दिया। 1920 मे वेस्टिंग हाउस कंपनी के एक इंजीनियर ने अमरीकी सरकार से रेडियो प्रसारण का लाइसेंस प्राप्त कर पिट्सबर्ग में दुनिया का पहला रेडियो प्रसारण केंद्र स्थापित किया। डॉ. फ्रैंक कॉनराड ने रेडियो में सांध्य कार्यक्रमों की एक श्रृंखला प्रारंभ की। 23 फरवरी, 1920 को मारकोनी कंपनी ने चेम्सफोर्ड से रेडियो प्रसारण शुरू किया था। नवंबर,1922 में जॉन रीथ के निर्देशन में ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कंपनी की स्थापना हुई। इसके साथ ही इंग्लैंड में रेडियो का नियमित प्रसारण शुरू हो गया।

1923 में रेडियो क्लब, मुंबई ने भारत में रेडियो का पहला प्रसारण शुरू किया। इसी वर्ष कोलकाता समेत अन्य महानगरों में भी रेडियो प्रसारण शुरू हुए। इसके बाद भारत में इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी का गठन हुआ। कंपनी ने 23 जुलाई, 1927 को मुंबई से रेडियो प्रसारण प्रारंभ कर दिया। 1936 में दिल्ली में रेडियो के केंद्रीय स्टेशन की स्थापना हुई। इसी वर्ष इंडियन स्टेट ब्रॉडकास्टिंग कॉपरेशन वजूद में आई। 1936 में इसका नाम ऑल इंडिया रेडियो कर दिया गया था। 1957 में आकाशवाणी।

# लोकसभा अध्यक्ष पर अविश्वास प्रस्ताव व विपक्ष की राजनीति





विवेक सक्सेना
अयोध्या

लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ विपक्षी सांसदों द्वारा पेश अविश्वास प्रस्ताव देश की राजनीति के लिए चिंताजनक है। करीब 120 सांसदों के हस्ताक्षर वाले प्रस्ताव पर नौ मार्च को चर्चा की संभावना है।

वर्तमान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्षी सांसदों द्वारा पेश अविश्वास प्रस्ताव केंद्र सरकार के लिए न सही, पर देश की राजनीति के लिए भी चिंताजनक है। तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर इंडिया गठबंधन के करीब 120 विपक्षी सांसदों के हस्ताक्षर वाले इस प्रस्ताव पर नौ मार्च को चर्चा होने की संभावना है। संविधान के अनुच्छेद 94C के तहत अविश्वास प्रस्ताव का यह नोटिस 10 फरवरी को सौंपा गया था। विपक्षी दलों ने बिरला पर सदन में पक्षपात का आरोप लगाते हुए यह प्रस्ताव पेश किया है। विपक्ष ने अध्यक्ष पर लोकसभा में कुछ अप्रत्याशित कार्रवाई करने की बात करते हुए कांग्रेस सदस्यों के खिलाफ झूठे दावे करने का भी आरोप लगाया है।

तृणमूल ने बिरला को दो दिनों की मोहलत देने की पैरोकारी करते हुए हस्ताक्षर से परहेज किया। राहुल गांधी के भी हस्ताक्षर नहीं हैं, हालांकि इस संदर्भ में तर्क दिया गया कि लोकसभा में नेता विपक्ष का संवैधानिक पद है और इसलिए संसदीय गरिमा-मर्यादा का ध्यान रखते हुए स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर उन्होंने हस्ताक्षर नहीं किए हैं। सपा के कई सांसदों के तो हस्ताक्षर हैं, जिसमें डिंपल यादव भी शामिल हैं, लेकिन अखिलेश यादव ने हस्ताक्षर से परहेज किया है। स्पीकर बिरला ने विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव नोटिस को आगे की प्रक्रिया के लिए लोकसभा सचिवालय को भेज दिया है। इस बीच बिरला ने फैसला किया है कि महाभियोग प्रस्ताव की प्रक्रिया खत्म होने तक सदन की कार्यवाही में हिस्सा नहीं लेंगे। विपक्षी दलों के इस नोटिस के साथ ही लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को धन्यवाद प्रस्ताव पर नहीं बोलने देने के विवाद ने सियासी संग्राम का नया रूख अख्तियार कर लिया है।

भारत में गठबंधन राजनीति की प्रकृति को देखते हुए, स्वतंत्रता के बाद से समय-समय पर अविश्वास प्रस्ताव आते रहे हैं। अविश्वास प्रस्ताव एक राजनीतिक संकट का संकेत होता है, हालांकि ये प्रस्ताव राजनीतिक चर्चा को जटिल बनाते हैं और विपक्ष को अपनी असहमति दर्ज कराने का अवसर प्रदान करते हैं, लेकिन क्या ये प्रस्ताव संकट के समाधान में सहायक होते हैं? जवाहरलाल नेहरू को अविश्वास प्रस्ताव का सामना 1963 में करना पड़ा, जो 1962 के भारत-चीन संघर्ष के बाद की स्थिति थी। इंदिरा गांधी के खिलाफ 1973 में अविश्वास प्रस्ताव पेश हुआ था। इंदिरा गांधी को 1966 से 1977 के बीच अपने कार्यकाल में 12 अविश्वास प्रस्तावों का सामना करना पड़ा। राजनीति के आरोपों से घिरे मोरारजी देसाई के खिलाफ 1979 में संसद में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया।

तीन साल के अंतराल के बाद जब इंदिरा गांधी 1980 में सत्ता में लौटीं, तो उन्हें तीन और अविश्वास प्रस्तावों का सामना करना पड़ा। 1993 में प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को दिसंबर 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना पड़ा, हालांकि राव मामूली अंतर से चुनाव जीतने में कामयाब रहे। 1996 में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा सत्ता में आई, तो उन्हें लोकसभा का विश्वास खोने के कारण 13 दिनों के भीतर ही इस्तीफा देना पड़ा। वाजपेयी को अगस्त 2003 में जॉर्ज फर्नांडीस को रक्षा मंत्री नियुक्त करने के लिए एक और अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना पड़ा।

लोकसभा में दो फरवरी से ही व्यवधान देखा जा रहा है, जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अध्यक्ष द्वारा पूर्व सेवा प्रमुख एमएम नरवाने की किताब के अंश पर आधारित एक लेख को पढ़ने की अनुमति नहीं दी गई थी, जिसमें भारत-चीन संघर्ष का जिक्र था। चार फरवरी को विपक्ष के हंगामे के कारण प्रधानमंत्री मोदी धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का जवाब नहीं दे सके और प्रधानमंत्री के भाषण के बिना ही पांच फरवरी को धन्यवाद प्रस्ताव पारित कर दिया गया। ये अविश्वास प्रस्ताव इसलिए लाया जा रहा है कि उन्होंने राहुल गांधी को सदन में बोलने का अवसर नहीं दिया।

वैसे तो विपक्षी सांसदों की शिकायतों पर सत्ता पक्ष के नेता अपना जवाब देते रहे हैं, पर अब उन्हें ज्यादा गंभीरता से इस प्रस्ताव का सामना करना पड़ेगा। अब सत्ता पक्ष या लोकसभा सचिवालय को भी आंकड़ों के आधार पर बताना होगा कि संसद सत्र में विपक्षी दलों के सांसदों को कितना वक्त बोलने के लिए दिया गया है? विपक्षी दलों के सदस्यों को क्या बोलने से रोका गया है? सत्ता पक्ष की खामियों को उठाना विपक्षी सांसदों का काम है, पर इसको दर्ज कराते समय उससे जुड़े प्रामाणिक तथ्य रखना भी उनकी जिम्मेदारी है, हालांकि संविधान का अनुच्छेद 96 अध्यक्ष को सदन में अपना बचाव करने का अवसर देता है। सदन में अध्यक्ष को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव पेश किए जाने पर अध्यक्ष अपना मत डाल सकते हैं, लेकिन बराबर होने की स्थिति में मत नहीं डाल सकते।

संख्या बल में सरकार आगे है और ओम बिरला के पद पर किसी तरह का खतरा फिलहाल नहीं है, लेकिन इसकी वजह से संसद में कड़वाहट और टकराव कहीं अधिक तीखा होगा। इसका असर संसद की कार्यवाही पर भी पड़ सकता है, फिलहाल कहना कठिन है कि इस अविश्वास प्रस्ताव का क्या हश्र होगा, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कुछ समय पहले विपक्ष ने राज्यसभा के तत्कालीन सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ भी अविश्वास प्रस्ताव लाने की पहल की थी। संख्या बल धनखड़ के पक्ष में था, लेकिन अंततः वह इतने कमजोर हो गए कि इस्तीफा देना पड़ा।

धनखड़ की तुलना में ओम बिरला को सदन चलाने का ज्यादा अनुभव है। देश में लोकसभा अध्यक्ष के रूप में बलराम जाखड़ सर्वाधिक नौ वर्ष से ज्यादा समय तक पद पर रहे और उनके बाद ओम बिरला का ही स्थान है। पूर्व में तीन लोकसभा अध्यक्षों जीवी मावलंकर, हुकुम सिंह और बलराम जाखड़ के खिलाफ विपक्ष की ओर से अविश्वास प्रस्ताव लाया जा चुका है, मगर तीनों ही बार यह खारिज हो गया था। दुर्भाग्य है कि आज की राजनीति में यह निरंतर घट रहा है।

### आमने सामने



जब 'आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना' के तहत जनता को हर तरह का मुफ्त इलाज मिल रहा है, तो इस कानून की अलग से कोई जरूरत ही नहीं है। पिछली कांग्रेस सरकार चुनावी फायदे के लिए आचार संहिता से ठीक पहले राइट टु हेल्थ बिल लाई थी।
–गजेंद्र सिंह खींवसर
स्वास्थ्य मंत्री, राजस्थान

विधानसभा में चिकित्सा मंत्री का 'राइट टू हेल्थ' पर बयान निंदनीय है। हमारी सरकार ने यूनिवर्सल हेल्थकेयर योजनाएं जैसे चिरंजीवी योजना एवं निरोगी राजस्थान योजना लागू होने के बावजूद राइट टू हेल्थ की परिकल्पना की, ताकि आपातकालीन स्थिति में मरीज इलाज से वंचित न रहे।
–अशोक गहलोत
पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान



# धमकी से लेकर घुटने टेकने तक पाक का ड्रामा



विवेक शुक्ला
पूर्व सूचना अधिकारी
यूएई एंबेसी

पाकिस्तान कह रहा था कि उसकी टीम भारत के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप के मैच का बहिष्कार करेगी। अब उसने आईसीसी के आगे घुटने टेक दिए हैं।

पाकिस्तान बीते कई दिनों से कह रहा था कि उसकी टीम भारत के खिलाफ आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप का आगामी 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले मैच का बहिष्कार करेगी। फिर उसने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट संघ (आईसीसी) के दबाव के आगे घुटने टेक दिए। अब उसने कहा है कि वह भारत के खिलाफ मैच खेलेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और उससे जुड़े हलकों ने इस मामले पर जिस तरह से शर्तों और दबाव की भाषा अपनाई है, वह न सिर्फ खेल की मर्यादा के खिलाफ है, बल्कि अंततः उसकी विश्वसनीयता को भी कमजोर करती है। आईसीसी द्वारा पाकिस्तान की किसी भी शर्त को न मानना इस बात का संकेत है कि अंतर्राष्ट्रीय खेल संस्थाएं अब बंदर भभकी और राजनीतिक दबाव की रणनीति से प्रभावित नहीं होने वालीं।

पाकिस्तान लंबे समय से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 'विशेष रियायत' की अपेक्षा करता रहा है। कभी सुरक्षा का हवाला, कभी मेज़बानी के अधिकार, तो कभी बहिष्कार की धमकी। इस बार भी कहानी कुछ अलग नहीं थी। भारत के साथ मुकाबले को लेकर पाकिस्तान ने परोक्ष रूप से यह संदेश देने की कोशिश की कि अगर उसकी शर्तें नहीं मानी गईं, तो वह टूर्नामेंट या मैच से हट सकता है, लेकिन यह धमकी पहले से ही खोखली थी। वैश्विक क्रिकेट को पता है कि भारत–पाक मुकाबला आर्थिक, दर्शक संख्या और प्रसारण तीनों दृष्टि से टूर्नामेंट की रीढ़ होता है और इससे पीछे हटना पाकिस्तान के लिए आत्मघाती कदम होता।

आईसीसी का रुख इस बार स्पष्ट और स्वागतयोग्य रहा। उसने न तो अतिरिक्त शर्तों को स्वीकार किया और न ही किसी तरह का दबाव झेला। यह संदेश साफ है, क्रिकेट अंतर्राष्ट्रीय नियमों और तय ढांचे के अनुसार चलेगा, न कि किसी एक देश की अस्थिर राजनीति या घरेलू दबावों के हिसाब से। कोलंबो जैसे तटस्थ स्थल पर मैच कराने का निर्णय पहले से निर्धारित व्यवस्थाओं के अनुरूप था और इसमें किसी तरह का पक्षपात नहीं था। इसके बावजूद पाकिस्तान का शोर-शराबा यह दर्शाता रहा कि वहां खेल प्रशासन अभी भी भावनात्मक प्रतिक्रिया और तात्कालिक राजनीति से बाहर नहीं निकल पाया है।

ऐसी बयानबाजी से न तो सम्मान मिलता है और न ही सहानुभूति। उल्टा, यह अंतर्राष्ट्रीय मंच पर देश की गंभीरता पर सवाल खड़े करती है। खेल कूटनीति में दृढ़ता का मतलब यह नहीं कि हर बात पर अल्टीमेटम दिया जाए; दृढ़ता का अर्थ है नियमों के भीतर रहकर अपने हितों की रक्षा करना। भारत ने पूरे घटनाक्रम में अपेक्षाकृत संयम दिखाया। न उकसावे का जवाब दिया, न सार्वजनिक बयानबाजी में उलझा। यह परिपक्वता इस बात को रेखांकित करती है कि मजबूत पक्ष अक्सर शोर नहीं करता, वह व्यवस्था पर भरोसा करता है। आईसीसी का फैसला उसी भरोसे की पुष्टि है। इससे यह भी स्पष्ट हुआ कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट अब किसी एक बोर्ड की धमकियों से नहीं चलती, बल्कि सामूहिक नियमों और पारदर्शिता से संचालित होती है।

पाकिस्तान को आत्ममंथन की जरूरत है। क्या बार-बार विवाद खड़ा कर वह सचमुच अपने खिलाड़ियों और प्रशंसकों का भला कर रहा है? क्या हर बड़े मंच पर नकारात्मक सुर्खियां बटोरना, उसकी क्रिकेट विरासत के अनुरूप है? खेल का मैदान प्रतिस्पर्धा के लिए होता है, बयानबाजी और धमकियों के लिए नहीं। अगर पाकिस्तान वास्तव में सम्मान और स्थिरता चाहता है, तो उसे अपनी रणनीति बदलनी होगी। धमकी की जगह प्रदर्शन और राजनीति की जगह खेल भावना को प्राथमिकता देनी होगी।


कोलंबो में होने वाला यह मैच खिलाड़ियों के लिए खुद को साबित करने का अवसर है। दर्शक क्रिकेट देखना चाहते हैं। आईसीसी ने सही संदेश दिया है कि नियम सर्वोपरि हैं और कोई भी बोर्ड उनसे ऊपर नहीं। उम्मीद यही है कि पाकिस्तान इस अनुभव से सबक लेगा और भविष्य में ऐसी बंदर भभकी से परहेज करेगा। आखिरकार, क्रिकेट की जीत इसी में है कि खेल खेला जाए, धमकियां नहीं।

सबसे दुखद बात यह है कि इस पूरे प्रकरण में नुकसान पाकिस्तान के खिलाड़ियों और आम क्रिकेट प्रशंसकों का हुआ। उन्हें एक बार फिर अपने बोर्ड की नाकामी और गैर-जिम्मेदाराना रवैये का खामियाज़ा भुगतना पड़ा। क्रिकेटरों को मैदान पर अपनी मेहनत से पहचान बनानी चाहिए, न कि बोर्ड की बयानबाज़ी से। अगर पाकिस्तान वास्तव में क्रिकेट का भला चाहता है, तो उसे मेच्योर होना होगा। धमकियों से न सम्मान मिलता है, न सहानुभूति। सम्मान मिलता है प्रदर्शन से, अनुशासन से और नियमों के पालन से। बार-बार पीड़ित बनने की कोशिश करना अब अंतर्राष्ट्रीय मंच पर काम नहीं आने वाला। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की हालत उस बच्चे जैसी हो चुकी है जो हर बात पर ज़मीन पर लोटता है, लेकिन जब मां ध्यान नहीं देती तो खुद ही चुप हो जाता है।

### सोशल फोरम

## कहानी रोम के राजा की

न्यूमा पोंपिलियस जब राजा बना, तो रोम के लोग हैरान थे। यह कैसा राजा था, जो तलवार नहीं उठाता? रोमुलस के जमाने में हर विवाद का फैसला खून से होता था, लेकिन न्यूमा के राज में हर फैसले के लिए 'बातचीत' और 'धर्म' का सहारा लिया जाने लगा। न्यूमा ने सबसे पहले रोम के लोगों को एक नई दिशा दी। उसने कहा, 'हम सिर्फ लड़ने के लिए पैदा नहीं हुए हैं। हमें देवताओं को खुश रखना होगा।' उसने रोम में धर्म की नींव रखी। उसने पुजारियों का एक समूह बनाया जिसे 'पोंटिफेक्स' (Pontifex) कहा जाता था। इनका काम था देवताओं और इंसानों के बीच पुल का काम करना। आज भी 'पोंटिफ' शब्द का इस्तेमाल कैथोलिक चर्च के प्रमुख (पोप) के लिए किया जाता है, जिसकी जड़ें यहीं से जुड़ी हैं।



कलम रंगदार
ब्लॉगर

न्यूमा ने रोम के लिए एक और खास चीज बनाई- 'वेस्टल वर्जिन्स' (Vestal Virgins)। ये कुंआरी लड़कियां थीं, जो देवी 'वेस्टा' (Vesta) के मंदिर में पवित्र आग की रक्षा करती थीं। रोमनों का मानना था कि जब तक यह आग जलती रहेगी, रोम सुरक्षित रहेगा। अगर आग बुझ गई, तो रोम का विनाश तय है। इन लड़कियों को समाज में बहुत ऊंचा दर्जा मिलता था, लेकिन उनकी जिंदगी बहुत सख्त नियमों से बंधी थी। अगर उनसे कोई गलती हो जाती, तो सजा मौत से भी बदतर होती थी। उन्हें जिंदा दफना दिया जाता था, लेकिन न्यूमा का सबसे बड़ा योगदान कुछ और था। उस समय रोम का कैलेंडर बहुत अजीब था। साल में सिर्फ 10 महीने होते थे और सर्दियां कैलेंडर से गायब थीं। खेती-बाड़ी का कोई हिसाब नहीं था। न्यूमा ने देखा कि यह व्यवस्था ठीक नहीं है। उसने चांद की चाल को देखा और हिसाब लगाया। उसने साल में दो नए महीने जोड़े- 'जेनुअरियस' (Januarius) और 'फेब्रूअरियस' (Februarius)। जी हां, जनवरी और फरवरी।

जेनुअरियस, जो 'जेनस' देवता के नाम पर था- दो चेहरों वाले देवता, जो एक साथ पीछे (अतीत) और आगे (भविष्य) देख सकते थे और फेब्रूअरियस, जो शुद्धिकरण का महीना था। न्यूमा ने साल को 355 दिनों का बना दिया (जो बाद में और सुधरा)। उसने दिनों को 'फास्टि' (Fasti-काम करने के दिन) और 'नेफास्टि' (Nefasti-छुट्टी/धार्मिक दिन) में बांटा। आज हम जो छुट्टी मनाते हैं, उसकी शुरुआत कहीं न कहीं न्यूमा की इसी सोच से हुई थी। न्यूमा ने रोम की सीमाओं को भी बदला, लेकिन युद्ध से नहीं। उसने खेतों की सीमाओं पर 'टर्मिनस' देवता की मूर्तियां लगवा दीं।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## बेवजह के विवादों से प्रचार पातीं फिल्में

फिल्मों को एक सुनियोजित रणनीति के तहत विवादों में परोसना और फिर उस पर वितंडा खड़ा करके प्रचार पाना, अब कोई नयी बात नहीं रह गई है। दरअसल फिल्मकारों ने आस्था, भावना और मूल्यों के खिलाफ फिल्में बनाकर बेशुमार धन इकठ्ठा करने का एक चलन बना लिया है। भले ही इससे किसी जाति, धर्म आस्था और भावना को चोट क्यों न पहुंचती हो। ऐसी ही एक फिल्म 'घूसखोर पंडत' भी रुपहले पर्दे पर आने को तैयार है, जिसके टाइटल को लेकर वितंडा उठ खड़ा हुआ है। देश के विभिन्न हिस्सों में इस फिल्म के टाइटल को लेकर विरोध-प्रदर्शन जारी है।

खुद फिल्म निर्माता संघ (एफएमसी) ने इस फिल्म को लेकर निर्माता नीरज पांडेय को नोटिस जारी किया है और कहा है कि फिल्म निर्माता ने नियमों के अनुसार शीर्षक के लिए अनिवार्य अनुमति प्राप्त नहीं की है। इसका सीधा मतलब यह हुआ कि फिल्म निर्माता ने जानबूझकर फिल्म को विवादों की परिधि में लाकर प्रचार पाने के लिए यह सारा उपक्रम किया था। अब जब विवाद चरम पर पहुंच गया है और फिल्म भी खूब प्रचार पा ली है, तो फिल्म निर्माता नीरज पांडेय और अभिनेता मनोज वाजपेई द्वारा सफाई दी जा रही है कि उनका मकसद किसी की भावना को ठेस पहुंचाना नहीं था। वे अब विवादित प्रचार सामग्री को हटाने की भी दुहाई दे रहे हैं। सच तो यह है कि फिल्म निर्माता ने अपनी फिल्म को विवादों के जरिए जितना प्रचार पाना चाहा था, उतना पा लिया। उनका मकसद पूरा हुआ। अब सवाल यह है कि क्या ऐसे फिल्म निर्माताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी, जो धन कमाने के निमित्त इस किस्म का घिनौने हथकंडा अपनाते हैं। कहना मुश्किल है, इसलिए कि इस तरह के हथकंडे बार-बार अपनाए जा रहे हैं।



अरविंद जयतिलक
लेखक

अभी गत वर्ष पहले अनुराग कश्यप निर्देशित फिल्म 'उड़ता पंजाब' विवादों के केंद्र में रहा। इस फिल्म का कथानक पंजाब में नशाखोरी के इर्द-गिर्द गढ़ा-बुना गया था। इसके कुछ दृश्यों और डॉयलाग को लेकर बवाल मचा। बेशक एक फिल्मकार को अधिकार है कि वह फिल्मों का निर्माण करे, लेकिन उसका उत्तरदायित्व भी है कि वह धर्म, संस्कृति और इतिहास को पढ़े-समझे और उसकी वास्तविकताओं एवं भावनाओं का ख्याल रखकर फिल्मों का निर्माण करे। उसे ध्यान रखना चाहिए कि फिल्मों के जरिए समाज के नैसर्गिक स्वभाव और आस्था पर बुरा असर न पड़े।

फिल्मकारों ने यह धारणा पाल रखी है कि फिल्मों पर जितना अधिक बवाल होगा उनकी कमाई में उतना ही इजाफा होगा। बेशक एक स्वस्थ लोकतांत्रिक समाज में कहने-सुनने, लिखने-पढ़ने और दिखने-दिखाने की आजादी होनी चाहिए। विशेष रूप से कला के क्षेत्र में तो और भी अधिक, क्योंकि समाज में जो कुछ भी घटित होता है, उसे कला के जरिए पर्दे पर उकेरा जाता है, लेकिन कला और अभिव्यक्ति की आड़ लेकर अरबों कमाने की लालच में धर्म और आस्था पर प्रहार कहां तक उचित है?

एक वक्त था जब फिल्मों का कथानक समाज और राष्ट्र के जीवन में चेतना का संचार करता था। युवाओं को प्रेरणा देता था। आजादी की लड़ाई को धार देने से लेकर समाज के गुणसूत्र को बदलने-रचने में फिल्मों की अहम भूमिका रही है। आज भी कुछ फिल्में सामाजिक व राष्ट्रीय सरोकारों को उकेरती दिख जाती हैं, लेकिन अधिकांश फिल्में वास्तविकताओं से दूर अतिरंजित और फूहड़पन से लैस होती हैं। अगर किसी फिल्म के शीर्षक, कथानक या डॉयलाग से समाज का कोई वर्ग आहत होता है, तो सेंसर बोर्ड की जिम्मेदारी है कि वह इसे पास न करे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## खोज

# ऐसे हुआ मोबाइल का आविष्कार




1970 के दशक में अमेरिका की प्रतिष्ठित शोध संस्था बेल लैब्स में एक ऐसी अवधारणा पर प्रयोग शुरू हुए, जिसने भविष्य की संचार दुनिया की दिशा ही बदल दी। शोधकर्ताओं का विचार था कि पूरे देश को षट्भुजाकार (हेक्सागोनल) सेल के एक विशाल नेटवर्क से ढक दिया जाए। प्रत्येक सेल में एक बेस स्टेशन होगा, जो रेडियो आवृत्तियों के माध्यम से मोबाइल फोन से संदेश भेजेगा और प्राप्त करेगा। तकनीकी चतुराई यह थी कि दो आसन्न सेल अलग-अलग आवृत्तियों पर काम करें, ताकि सिग्नल हस्तक्षेप की समस्या न आए।

ये बेस स्टेशन रेडियो सिग्नलों को मुख्य दूरसंचार नेटवर्क से जोड़ते थे और जैसे ही कोई उपयोगकर्ता एक सेल से दूसरे सेल में प्रवेश करता, उसका फोन स्वत: ही फ्रीक्वेंसी बदल लेता। इस निर्बाध हैंडऑफ की कल्पना उस समय क्रांतिकारी थी। 1970 के दशक के अंत तक बेल लैब्स का एडवांस्ड मोबाइल फोन सिस्टम (एएमपीएस) छोटे पैमाने पर सफलतापूर्वक चालू हो चुका था, जिसने व्यावहारिक सेलुलर नेटवर्क का रास्ता खोल दिया। इसी दौर में मोटोरोला में कार्यरत इंजीनियर मार्टिन कूपर एक अलग ही सपने को साकार करने में जुटे थे। वे टीवी सीरीज स्टार ट्रेक के कम्युनिकेटर से इतने प्रभावित थे कि उन्होंने एक ऐसा पोर्टेबल फोन बनाने का लक्ष्य तय कर लिया, जिसे हाथ में लेकर कहीं भी बात की जा सके। कूपर की टीम ने पहला हैंडहेल्ड मोबाइल फोन विकसित किया, जो बेल के एएमपीएस नेटवर्क से कनेक्ट हो सकता था।


1984 में मोटोरोला ने इस सपने को 'डायनाटैक' के रूप में बाजार में उतारा। एक किलोग्राम से अधिक वजन वाले इस फोन को प्यार से 'द ब्रिक' कहा गया। कीमत आज के हिसाब से लगभग 10,000 डॉलर थी, इसलिए यह आम लोगों की पहुंच से बाहर रहा, लेकिन अमीर फाइनेंसरों और उद्यमियों के बीच यह जल्द ही स्टेटस सिंबल बन गया। 1987 की फिल्म वॉल स्ट्रीट ने डायनाटैक को धन और लालच के प्रतीक के रूप में अमर कर दिया, जब माइकल डगलस द्वारा निभाया गया गॉर्डन गेको समुद्र तट पर टहलते हुए इसी फोन पर बात करता नजर आया। यहीं से मोबाइल फोन सिर्फ तकनीक नहीं, बल्कि आधुनिक शक्ति और महत्वाकांक्षा का प्रतीक भी बन गया।

### वैज्ञानिक के बारे में



मार्टिन कूपर को भले ही दुनिया मोबाइल फोन के जनक के रूप में जानती हो, लेकिन उनकी निजी जिंदगी उतनी ही संतुलित, प्रेरक और मानवीय रही है। उनका जन्म 26 दिसंबर 1928 को अमेरिका के शिकागो शहर में हुआ। एक यहूदी प्रवासी परिवार में पले-बढ़े कूपर ने बचपन से ही पढ़ाई और तकनीक में गहरी रुचि दिखाई। उनकी निजी जिंदगी में सबसे अहम भूमिका उनकी पत्नी आर्लीन हैरिस की रही। आर्लीन स्वयं भी एक प्रतिष्ठित इंजीनियर और उद्यमी हैं और उन्हें वायरलेस टेलीफोन सिस्टम के विकास में महत्वपूर्ण योगदान के लिए जाना जाता है। मार्टिन कूपर का निजी जीवन दिखावे से दूर रहा। वे कभी भी केवल प्रसिद्धि या धन के पीछे नहीं भागे। उनका मानना था कि तकनीक का उद्देश्य मनुष्य को स्वतंत्र बनाना है, न कि उसे मशीनों पर निर्भर करना। यही सोच उनकी जीवनशैली में भी झलकती है, सादा जीवन, गहरी सोच और भविष्य को लेकर आशावादी दृष्टिकोण।

# अंतरिक्ष में वायरस और बैक्टीरिया की जंग




एक नए अध्ययन में पाया गया कि पृथ्वी पर रहने वाले बैक्टीरिया-संक्रमित करने वाले वायरस अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन की लगभग वजन-रहित 'माइक्रोग्रैविटी' स्थिति में भी अपने ई. कोलाई होस्ट को संक्रमित करने में सफल रहे, लेकिन वायरस-बैक्टीरिया की आपसी लड़ाई पृथ्वी से काफी अलग थी। अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ विस्कॉन्सिन-मैडिसन के फिलहस और उनके साथियों के नतीजे बीती 13 जनवरी, 2026 को ओपन-एक्सेस जर्नल 'एलओएस बायोलॉजी' में प्रकाशित हुए। एक प्रयोग के दौरान जब वैज्ञानिकों ने बैक्टीरिया को संक्रमित करने वाले वायरस को अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर भेजा, तो ये सूक्ष्म जीव पृथ्वी पर जैसा व्यवहार करते हैं, वैसा नहीं किया।



डॉ. इरफान ह्यूमन
विज्ञान लेखक

माइक्रोग्रैविटी (कम गुरुत्वाकर्षण) में संक्रमण तो हुआ, लेकिन समय के साथ वायरस और बैक्टीरिया दोनों ही अलग-अलग तरीके से विकसित हुए। जेनेटिक बदलाव आए, जिनसे वायरस बैक्टीरिया से चिपकने का तरीका बदल गया और बैक्टीरिया ने खुद को बचाने के नए हथियार विकसित कर लिए। ये खोज फेज थेरेपी (वायरस से बैक्टीरिया को मारने की तकनीक) को बेहतर बनाने में मदद कर सकती है, खासकर दवा-प्रतिरोधी संक्रमणों के खिलाफ।

**नए रहस्य** ये बदलाव पृथ्वी से अलग 'ट्रेजेक्टरी' (राह) पर होते हैं यानी स्पेस माइक्रोबियल इकोसिस्टम को नए तरीके से आकार देता है। उदाहरण के लिए स्पेस के फेज पृथ्वी पर दवा-प्रतिरोधी ई. कोलाई (जो यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन पैदा करते हैं) के खिलाफ ज्यादा प्रभावी साबित हुए। इससे पता चलता है कि माइक्रोग्रैविटी बैक्टीरिया-फेज की को-इवोल्यूशन (सह-विकास) को रीशेप करती है, जो सूक्ष्मजीवों के अनुकूलन के बुनियादी सिद्धांतों को चुनौती देती है। यह रिसर्च पहली बार आईएसएस पर फेज-बैक्टीरिया की लंबी अवधि की डायनामिक्स को ट्रैक करती है, जो पहले की जमीन आधारित सिमुलेशंस से आगे जाती है।



### एक पृथ्वी, तो दूसरा अंतरिक्ष में

फेज यानी वो वायरस जो बैक्टीरिया को संक्रमित करते हैं और उनके होस्ट के बीच की लड़ाई सूक्ष्मजीवीय पारिस्थितिकी (माइक्रोबियल इकोसिस्टम) में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसे अक्सर एक 'एवोल्यूशनरी आर्म्स रेस' (विकास की हथियार दौड़) कहा जाता है, जहां बैक्टीरिया वायरस से बचने के लिए डिफेंस सिस्टम बनाते हैं और वायरस उन डिफेंस को तोड़ने के नए तरीके ईजाद करते हैं। पृथ्वी पर इस लड़ाई का अध्ययन हो चुका है, लेकिन माइक्रोग्रैविटी बैक्टीरिया की फिजियोलॉजी (शरीर क्रिया) और वायरस-बैक्टीरिया के टकराव की भौतिकी को बदल देती है, जिससे सामान्य इंटरैक्शन बिगड़ जाते हैं, अब पता चला है। फिर भी माइक्रोग्रैविटी में फेज-बैक्टीरिया की डायनॉमिक्स पर बहुत कम अध्ययन हुए हैं। इस कमी को दूर करने के लिए हस और उनके साथियों ने दो सेट बैक्टीरियल ई. कोलाई सैंपल्स लिए, जिनमें टी-7 नाम का फेज संक्रमित किया गया, एक सेट पृथ्वी पर रखा और दूसरा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर।

- **संक्रमण की गति में बदलाव-** शुरुआत में संक्रमण धीमा हुआ, क्योंकि माइक्रोग्रैविटी बैक्टीरिया की फिजियोलॉजी (शरीर क्रिया) और फेज-बैक्टीरिया के टकराव की भौतिकी को प्रभावित करती है। उदाहरण के लिए गुरुत्वाकर्षण की कमी से बैक्टीरिया की कोशिकाएं अलग-अलग तरीके से इकट्ठा होती हैं, जिससे फेज का लगाव (अटैचमेंट) मुश्किल हो जाता है।
- **आनुवंशिक उत्परिवर्तन-** अंतरिक्ष के फेज में ऐसे उत्परिवर्तन यानी म्यूटेशन्स जमा हुए, जो उनकी संक्रमण क्षमता या बैक्टीरियल संग्राहक यानी रिसेप्टर्स से चिपकने की ताकत बढ़ाते हैं। वहीं, बैक्टीरिया ने बचाव और अंतरिक्ष में जीवित रहने के नए आनुवंशिक बदलाव विकसित किए। डीप म्यूटेशनल स्कैनिंग तकनीक से पता चला कि फेज का रिसेप्टर बाइंडिंग प्रोटीन (आरबीपी) स्पेस में अलग तरीके से बदलता है।
- **अंतरिक्ष अन्वेक्षण में उपयोगिता-** अंतरिक्ष अन्वेक्षण में सूक्ष्मजीव एक बड़ी चुनौती हैं, क्योंकि वे अंतरिक्ष यान (स्पेसक्राफ्ट) को दूषित कर सकते हैं और क्रू की सेहत को प्रभावित कर सकते हैं। यह रिसर्च इन रहस्यों से कई फायदे दे सकती हैं।
- **क्रू हेल्थ प्रोटेक्शन-** लॉन्ग-टर्म मिशन्स (जैसे मंगल यात्रा) में माइक्रोग्रैविटी बैक्टीरिया को ज्यादा विरुलेंट (खतरनाक) बना सकती है, लेकिन फेज उन्हें नियंत्रित कर सकते हैं। अध्ययन दिखाता है कि स्पेस में फेज बैक्टीरिया के साथ अनुकूलित होकर नए बचाव तरीके ईजाद करते हैं, जो स्पेस में माइक्रोबियल कंट्रोल के लिए नए टूल्स दे सकता है।
- **ग्रहीय सुरक्षा-** स्पेस में सूक्ष्मजीवों के अनुकूलन को समझने से हम अन्य ग्रहों (जैसे मंगल) पर पृथ्वी के जीवों को फैलने से रोक सकते हैं। फेज रिसर्च से पता चलता है कि माइक्रोग्रैविटी बैक्टीरिया के जीनोम में बदलाव लाती है, जो स्पेसक्राफ्ट स्टरलाइजेशन के नए तरीके सुझा सकती है। भविष्य में यह ज्ञान हमारी ग्रहीय सुरक्षा (प्लैनेटरी प्रोटेक्शन) के काम आएगा।
- **भविष्य के मिशन -** नासा और ईएसए जैसे संगठन अंतरिक्ष में माइक्रोबायोलॉजी को समझने के लिए आईएसएस का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह रिसर्च अर्टेमिस या मंगल मिशन्स में क्रू को बैक्टीरियल संक्रमणों से बचाने के लिए फेज-आधारित थेरेपी विकसित करने में मदद करेगी। कुल मिलाकर, ये रहस्य अंतरिक्ष अन्वेक्षण को सुरक्षित और टिकाऊ बनाते हैं, क्योंकि सूक्ष्मजीव अंतरिक्ष में अप्रत्याशित तरीके से व्यवहार करते हैं।
- **मानव स्वास्थ्य के लिए उपयोगिता-** पृथ्वी पर, एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस एक वैश्विक संकट है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, 2050 तक इससे 10 मिलियन मौतें हो सकती हैं। यह शोध मानव स्वास्थ्य में क्रांति ला सकता है।

### आइए जानते हैं

#### बेहतर फेज थेरेपी

स्पेस में हुए म्यूटेशन्स से फेज को इंजीनियर करके दवा-प्रतिरोधी बैक्टीरिया (जैसे एमडीआर ई. कोलाई) के खिलाफ ज्यादा प्रभावी बनाया जा सकता है। अध्ययन में पाया गया कि अंतरिक्ष के फेज यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (यूटीआई) पैदा करने वाले स्ट्रेन्स को बेहतर तरीके से मारते हैं। इससे फेज थेरेपी को क्लिनिकल स्तर पर मजबूत किया जा सकता है, जो एंटीबायोटिक्स का विकल्प है।



#### नई अंतर्दृष्टि

माइक्रोग्रैविटी बैक्टीरिया की प्रतिरक्षा (इम्यूनिटी) और फेज की इवोल्यूशन को अलग तरीके से प्रभावित करती है, जो पृथ्वी पर संक्रमणों के मॉडल्स को सुधार सकती है।

#### व्यापक प्रभाव

यह रिसर्च जैव चिकित्सा उन्नति को बढ़ावा देगी, जैसे कैंसर थेरेपी या वैक्सीन विकास में फेज का इस्तेमाल। शोधकर्ताओं का कहना है कि अंतरिक्ष-प्रेरित बदलावों से पृथ्वी पर 'फार सुपीरियर एक्टिविटी' वाले फेज बनाए जा सकते हैं। इससे अस्पतालों में सुपरबग्स से लड़ना आसान हो सकता है।

## मरीन लाइफ



# सी पेनः समुद्र की गहराइयों में खड़ी एक जीवित कलम

सी पेन (Sea Pen) एक अत्यंत रोचक और कम चर्चित समुद्री जीव है, जो देखने में जितना साधारण लगता है, व्यवहार में उतना ही अनोखा है। यह जीव आमतौर पर एक ही स्थान पर स्थिर रहता है और बहुत अधिक हिलता-डुलता नहीं है। अपनी संरचना और जैविक बनावट के कारण यह समुद्री एनीमोन्स और कोरल से काफी मिलता-जुलता है। एनीमोन्स वही जीव हैं, जिनका नाम फिल्म फाइंडिंग नीमो में नीमो ठीक से नहीं बोल पाता था। सी पेन का नाम उसके आकार से ही पड़ा है। यह बिल्कुल उस पारंपरिक कलम की तरह दिखता है, जिससे कभी लोग लिखते थे। नीचे एक मोटा आधार और ऊपर पंखनुमा फैलाव। वास्तव में सी पेन कोई एकल जीव नहीं होता, बल्कि यह सैकड़ों-हजारों सूक्ष्म जीवों (पॉलीप्स) की एक कॉलोनी होती है, जो मिलकर एक इकाई के रूप में कार्य करते हैं। इसका निचला हिस्सा समुद्र की नरम मिट्टी में धंसा रहता है, जिससे इसे स्थिरता मिलती है। सी पेन दुनियाभर के उष्णकटिबंधीय और समशीतोष्ण जलक्षेत्रों में पाए जाते हैं। ये आमतौर पर समुद्र की गहराइयों में रहते हैं, जहां रोशनी कम और तापमान स्थिर होता है। हालांकि ये पूरी तरह समुद्र तल से चिपके नहीं रहते। जरूरत पड़ने पर ये अपना स्थान बदल सकते हैं और उन क्षेत्रों में पहुंच जाते हैं, जहां जलधाराएं तेज होती हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि तेज धारा के साथ प्लवक, जो इनका मुख्य और पसंदीदा भोजन है। सीधे इनके पास पहुंच जाता है।

सी पेन की एक और खास विशेषता इसकी जैवदीप्ति है। कुछ प्रजातियां खतरे की स्थिति में हल्की रोशनी उत्पन्न करती हैं, जो समुद्र की अंधेरी गहराइयों में किसी जादुई दृश्य जैसा प्रतीत होती है। यह रोशनी शिकारियों को भ्रमित करने या डराने के काम आती है। कुल मिलाकर, सी पेन समुद्री दुनिया का एक शांत-स्थिर, लेकिन बेहद रहस्यमय जीव है, जो यह साबित करता है कि समुद्र की गहराइयों में आज भी प्रकृति के अनगिनत चमत्कार छिपे हुए हैं।

## वैज्ञानिक फैक्ट



# लेजर, पानी और भौतिकी का जादू

यह सुनने में अजीब लग सकता है, लेकिन लेजर किरण वास्तव में पानी की धारा के भीतर 'फंस' सकती है। यह कोई जादू नहीं, बल्कि भौतिकी की एक प्रसिद्ध और रोचक घटना है, जिसे पूर्ण आंतरिक परावर्तन (Total Internal Reflection) कहा जाता है। यही सिद्धांत आज फाइबर ऑप्टिक्स और हाई-स्पीड इंटरनेट की नींव भी है। इस घटना को समझाने के लिए हार्वर्ड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक सरल, लेकिन प्रभावशाली प्रयोग किया। उन्होंने साफ पानी से भरे एक टैंक के एक सिरे पर लेजर लगाया। टैंक के दूसरे सिरे पर एक छोटा सा छेद बनाया गया, जिससे पानी बाहर निकलकर बाल्टी में गिर रहा था। जब लेजर किरण को बहती हुई पानी की धारा पर डाला गया, तो आश्चर्यजनक रूप से रोशनी पानी के बाहर नहीं फैली, बल्कि धारा के साथ-साथ मुड़ती चली गई।

असल में, पानी और हवा के बीच अपवर्तनांक (Refractive Index) का अंतर इस प्रभाव के लिए जिम्मेदार होता है। पानी में मौजूद भारी कण लेजर की गति को धीमा कर देते हैं। जब लेजर किरण एक विशेष कोण पर पानी और हवा की सीमा से टकराती है, तो वह बाहर निकलने के बजाय बार-बार अंदर ही परावर्तित होती रहती है। इसी कारण लेजर किरण पानी की धारा के भीतर "कैद" हो जाती है। इस प्रयोग के दौरान बहता हुआ पानी लाल रंग के चमकदार झरने जैसा दिखाई देता है, क्योंकि लेजर की लाल रोशनी पूरी धारा में फैल जाती है। खास बात यह है कि जब पानी का प्रवाह धीरे-धीरे कम किया गया, तब भी लेजर किरण धारा के भीतर बनी रही। जैसे ही पानी पूरी तरह बंद हुआ, लेजर किरण भी अचानक गायब हो गई। यह प्रयोग न केवल देखने में बेहद आकर्षक है, बल्कि हमें यह भी समझाता है कि आधुनिक संचार तकनीक, जैसे ऑप्टिकल फाइबर असल में प्रकाश को 'फंसाकर' ही सूचना को एक जगह से दूसरी जगह तक पहुंचाती है।

# महासागरों की रहस्यमयी दुनिया

भूमंडल के 70 प्रतिशत भाग पर जलमंडल और 30 प्रतिशत भाग पर स्थल है। संपूर्ण भूमंडल का क्षेत्रफल 51.6 करोड़ वर्ग किमी है। इसमें 36.17 करोड़ वर्ग किमी पर जल और 14.89 करोड़ वर्ग किमी पर स्थल का विस्तार पाया जाता है। इस प्रकार महासागरों की दुनिया पृथ्वी से काफी बड़ी है। जलमंडल के अंतर्गत महासागर, सागर, खाड़ियां आदि सम्मिलित हैं। महासागरों में इतनी विशाल जलराशि है कि यदि इसे धरातल पर समतल रूप में फैला दिया जाए, तो पूरी पृथ्वी पर 4.8 किमी गहरा सागर लहराने लगेगा। महासागरों की तली धरातल की भांति ऊंची-नीची है। महासागर इतने गहरे हैं कि उसमें हिमालय जैसे अनेक विशाल पर्वत समा सकते हैं। धरती की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट की ऊंचाई 8850 मीटर है, जबकि प्रशांत महासागर के मेरियाना गर्त की गहराई 11776 मीटर है। इस प्रकार महासागरों की दुनिया आज भी मानव के लिए एक अनबूझ पहेली बनी हुई है।



समुद्र केवल जलराशि के ही विशाल स्रोत नहीं, बल्कि यह खनिज सम्पदा, नमक, रत्न, मूंगा, मोती, मछलियां, शंख, घोंघा, सीप के भी विशाल भंडार हैं और मानव के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। यह जैविक संपदा के भी भंडार हैं। हमारे महासागरों और सागरों में मौजूद अपार जल संपदा के कारण ही पृथ्वी को 'वाटर प्लेनैट' भी कहा जाता है। जल के कारण ही पृथ्वी पर जीवन है। समुद्रों की महत्ता को बताने और उसके संरक्षण के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। समुद्र के जल का बढ़ता तापमान पृथ्वी और मानवता के लिए शुभ संकेत नहीं है।

आज पृथ्वी ही नहीं समुद्र के लिए भी सबसे बड़ा खतरा प्लास्टिक वेस्ट है। प्लास्टिक वेस्ट और समुद्र में हो रहे अंधाधुंध परमाणु विस्फोटों के कारण समुद्र का पानी उबल रहा है। इस वजह से तल में मौजूद समुद्री वनस्पतियां तेजी से खत्म होती जा रही हैं। यू.के. सरकार द्वारा हाल में जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करने वाली वेबसाइट 'इको वॉच' के अनुसार समुद्र में प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण की वजह से प्रत्येक वर्ष 10 लाख से ज्यादा पक्षी एवं एक लाख से ज्यादा समुद्री जीवों की मौत हो रही है। पानी का तापमान बढ़ने से समुद्र में ऊंची-ऊंची लहरें उठ रही हैं, जिसके भयानक समुद्री तूफान आने की आशंका बनी हुई है।

वैज्ञानिकों के अनुसार हम सब श्वांस लेने के लिए जिस ऑक्सीजन का प्रयोग करते हैं, उसकी दस फीसदी मात्रा हमें समुद्र से ही प्राप्त होती है। समुद्र में मौजूद सूक्ष्म बैक्टीरिया ऑक्सीजन का उत्सर्जन करते हैं, जो पृथ्वी पर मौजूद जीवन के लिए बेहद जरूरी है। वैज्ञानिकों को अध्ययन में पता चला है कि समुद्र में प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण की वजह से ये बैक्टीरिया पनप नहीं पा रहे हैं। इससे समुद्र में ऑक्सीजन की मात्रा भी लगातार घट रही है और पशु-पक्षियों समेत इंसानों के लिए बहुत बड़ा खतरा है।



सुरेश बाबू मिश्रा
लेखक

अंतर्राष्ट्रीय संगठन 'वर्ल्ड वाइड फंड' द्वारा हाल ही में जारी रिपोर्ट के मुताविक 2030 तक पृथ्वी पर प्लास्टिक प्रदूषण दोगुना हो जाएगा। वैज्ञानिकों के अनुसार समुद्र में 1950 से 2016 के बीच 66 वर्षों में जितना प्लास्टिक जमा हुआ है इतना केवल आगामी 10 सालों में जमा हो जाएगा। इससे महासागरों में प्लास्टिक कचरा 30 करोड़ टन तक पहुंच सकता है। समुद्र में 2030 तक प्लास्टिक दहन पर कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन तिगुना हो जाएगा, जो हृदय संबंधी बीमारियों को तेजी से बढ़ाएगा। हर साल उत्पादित होने वाले कुल प्लास्टिक में से महज 20 फीसदी ही रिसाइकल हो पाता है। 39 फीसदी जमीन के अंदर दबाकर नष्ट किया जाता है और 15 फीसदी जला दिया जाता है। प्लास्टिक के जलने से उत्सर्जित होने वाली कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा 2030 तक तीन गुनी हो जाएगी, जिससे हृदय रोग के मामले में तेजी से वृद्धि होने की आशंका है।

डब्ल्यू डब्ल्यू एफ का लक्ष्य 2030 तक स्ट्रा और पॉलिथीन बैग जैसी सिर्फ एक बार प्रयोग की जा सकने वाली प्लास्टिक की वस्तुओं को इस्तेमाल से हटाने का है। वैज्ञानिकों के अनुसार एक बार यूज होने वाली प्लास्टिक सबसे ज्यादा खतरनाक है। प्लास्टिक कचरे में सबसे ज्यादा मात्रा सिंगल यूज प्लास्टिक की होती है। हर साल तकरीबन 10.4 करोड़ टन प्लास्टिक कचरा समुद्र में मिल जाता है। 2050 तक समुद्र में मछली से ज्यादा प्लास्टिक के टुकड़े होने का अनुमान है। प्लास्टिक के मलवे से समुद्री जीव बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। कछुओं की दम घुटने से मौत हो रही है और व्हेल इसके जहर का शिकार हो रही है। प्रशांत महासागर में 'दा ग्रेट पैसिफिक गार्बेज बैच' समुद्र में कचरे का सबसे बड़ा ठिकाना है। यहां पर 80 हजार टन से ज्यादा प्लास्टिक जमा हो गया है। इस प्रकार प्लास्टिक वेस्ट समुद्र और समुद्री जीवन के लिए बहुत बड़ा खतरा बनता जा रहा है। समुद्र के जल का तापमान निरंतर बढ़ रहा है, जिससे समुद्र में ऊंची-ऊंची लहरें उठ रही हैं। समुद्री तूफानों के आने की आशंका बनी रहती है।

समुद्र मानव जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी है। विश्व के लगभग एक तिहाई लोगों का मुख्य भोजन समुद्री मछलियां हैं। जापान, नार्वे, फिनलैंड, आयरलैंड तथा भारत के समुद्र तटीय प्रदेश अपनी आजीविका के लिए समुद्र तटीय प्रदेश अपनी आजीविका के लिए समुद्र पर ही निर्भर हैं। विश्व का 80 प्रतिशत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार समुद्री मार्ग से ही होता है। समुद्र, पृथ्वी पर होने वाली वर्षा का स्रोत है। समुद्र के जल से ही वाष्प बनती है, जिससे पृथ्वी पर वर्षा होती है। इस प्रकार समुद्र पृथ्वी पर जीवन का आधार है। समुद्र के जल में बढ़ता प्रदूषण पृथ्वी और मानवता के अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा है। प्लास्टिक वेस्ट को समुद्र में जाने से रोककर ही हम समुद्र और पृथ्वी के अस्तित्व को बनाए रख सकते हैं।

अमृत विचार

लखनऊ, शुक्रवार, 13 फरवरी 2026

www.amritvichar.com




## बिजनेस ब्रीफ

### आरसीएफ फॉस्फोरिक एसिड संयंत्र के लिए 865 करोड़ करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (आरसीएफ) महाराष्ट्र में फॉस्फोरिक एसिड संयंत्र लगाने के लिए 865 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। गुरुवार को एक नियामकीय सूचना में, कंपनी ने बताया कि उसके निदेशक मंडल (बोर्ड) ने महाराष्ट्र के अलीबाग में थाई यूनिट में 300 टन प्रति दिन की प्रस्तावित क्षमता वाला एक नया फॉस्फोरिक एसिड संयंत्र लगाने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। इस संयंत्र को लगाने के लिए कुल 865.25 करोड़ का निवेश ज़रूरी है और इसे ऋण और इक्विटी के जरिये पूरा किया जाएगा। आरसीएफ देश की सबसे बड़ी उर्वरक बनाने वाली कंपनियों में से एक है।

### सेल का दो करोड़ टन बिक्री का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने 2025-26 में दो करोड़ टन बिक्री दर्ज करने का लक्ष्य रखा है। 2024-25 में यह 1.79 करोड़ टन रही थी। कंपनी भविष्य के विस्तार की तैयारी के तहत ऋण घटाने, लागत नियंत्रण और परिचालन दक्षता बढ़ाने पर जोर दे रही है। सेल के निदेशक (वित्त) डॉ. एके पंडा ने बताया कि अप्रैल-दिसंबर 2025 की नौ महीने की अवधि में कंपनी ने 5,000 करोड़ का ऋण चुकाया है। 31 दिसंबर 2025 तक कुल ऋण 24,852 करोड़ था जिसमें जनवरी 2026 में 2,000 करोड़ की और कमी आई। परिचालन दक्षता, लागत अनुकूलन और मजबूत कोष प्रबंधन आदि से वित्तीय स्थिति में सुधार हुआ है और विकास निवेशों के लिए अवसर बने हैं।

### एचयूएल का लाभ दोगुना होकर 6,603 करोड़

**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) का एकीकृत लाभ सालाना आधार पर दोगुना होकर 6,603 करोड़ तक पहुंच गया। एचयूएल ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि कंपनी ने 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में अपने आइसक्रीम व्यवसाय को क्वालिटी वॉल्स को बेच दिया था जिससे उसके लाभ में यह वृद्धि दर्ज की गई। नई श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन से तिमाही के दौरान 576 करोड़ रुपये के असाधारण मद (हानि) दर्ज किए।

# अधिक आयकर संग्रह मध्य वर्ग के आगे बढ़ने का सबूत : सीतारमण

## उच्च सदन में बोलीं- दस साल में किए आर्थिक सुधारों से मध्य वर्ग का हुआ विस्तार

- वित्त मंत्र ने वृद्धि में योगदान देने वालों का मजाक उड़ाने का विपक्ष पर लगाया आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी



बजट पर चर्चा का जवाब देतीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि व्यक्तिगत आयकर संग्रह बढ़ने का मतलब यह नहीं है कि देश में मध्य वर्ग को दबाया जा रहा है। उन्होंने 2026-27 के केंद्रीय बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि देश में मध्य वर्ग को दबाने का कोई सबूत नहीं है, बल्कि उनके आगे बढ़ने के सबूत जरूर हैं। सीतारमण ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना अर्थव्यवस्था को मृत बताने वाले उनके बयान को नकारात्मक करार देते हुए कहा कि वह देश की जनता का मजाक उड़ा रहे हैं, जो वास्तव में भारत के वृद्धि में अपना योगदान दे रही है।

विपक्ष ने आरोप लगाया कि मध्य वर्ग, अमीर और गरीब वर्गों के बीच फंसा हुआ है। इस पर सीतारमण ने कहा कि ऐसा इसलिए लगता है क्योंकि व्यक्तिगत आयकर का संग्रह कॉरपोरेट कर से अधिक है। वास्तव में दस साल में किए गए आर्थिक सुधारों से ऐतिहासिक रूप से मध्य वर्ग का विस्तार हुआ है। इसके पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। व्यक्तिगत आयकर का अधिक संग्रह का मतलब यह नहीं है कि मध्य वर्ग को दबाया जा रहा है। आज कर योग्य आय वाले लोगों की संख्या अधिक है। अब संगठित क्षेत्र में अधिक आय दिखाई देती है। अर्थव्यवस्था अब केवल कुछ गिने-चुने वर्ग तक सीमित नहीं है बल्कि इसमें भागीदारी बढ़ी है। मध्य वर्ग का दायरा बढ़ रहा है। 2013-14 और 2024-25 के बीच, करदाताओं की संख्या, यानी रिटर्न दाखिल करने वाले या टीडीएस कटवाने वालों की संख्या, 5.26 करोड़ से बढ़कर 12.13 करोड़ हो गई है। 11 वर्षों में करदाताओं की संख्या दोगुनी हो गई है। यह संचयी रूप से सालाना 7.9 प्रतिशत की वृद्धि है।

वित्त मंत्री ने कहा कि यह इस देश में मध्य वर्ग का सबसे बड़ा संरचनात्मक विस्तार है। इसलिए, अगर कर का दायरा बढ़ रहा है तो दबाव नहीं हो सकता। लोग कर देने के लिए आगे आ रहे हैं और वे इसलिए आगे नहीं आ रहे हैं क्योंकि हम दरें बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस विस्तार के बावजूद, आयकर सीमा सभी के लिए 12 लाख रुपये और वेतनभोगी वर्ग के लिए 12.75 लाख रुपये तक बढ़ायी गई है। अगर 12.75 लाख रुपये कमाने वाले वेतनभोगी वर्ग को कर नहीं देना पड़ता, तो फिर दबाने वाली बात कहां है? दूसरा, मानक कटौती भी बढ़ाई गई है। नई कर व्यवस्था ने कर रिटर्न भरने और जांच-पड़ताल को सरल बना दिया है। जीएसटी सुधारों और दरों को युक्तिसंगत बनाये जाने से भी घरेलू खर्च कम हुए हैं।

# भारत-अमेरिका समझौता : देश को परिधान उद्योग में बांग्लादेश के बराबर मिलेगा लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी



- उद्योग मंत्री गोयल बोले- इसका भारतीय कपास किसानों पर कोई असर नहीं पड़ेगा
- बांग्लादेश वस्त्रों पर शून्य शुल्क तभी लगेगा जब वे अमेरिकी कपास और कृत्रिम रेशों से बने हों

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत को अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते के तहत अमेरिकी धागा और कपास से बने परिधान पर वही रियायती शुल्क का लाभ मिलेगा, जो बांग्लादेश को वर्तमान में मिल रहा है। अमेरिका, बांग्लादेश की वस्तुओं पर जवाबी शुल्क घटाकर 19 प्रतिशत कर देगा, लेकिन वस्त्रों पर शून्य शुल्क तभी लगेगा जब वे अमेरिकी कपास और कृत्रिम रेशों से बने हों। वर्तमान में बांग्लादेशी परिधानों पर 31% शुल्क लगता है (12% तरजीही राष्ट्र शुल्क और 19% जवाबी शुल्क) और यदि उनमें अमेरिकी रेशों का उपयोग किया जाता है, तो शुल्क घटकर 12% हो जाता है।

गोयल ने कहा, बांग्लादेश को जो मिला है, वही भारत को भी अंतिम समझौते में मिलने वाला है। अगर कोई भारतीय कंपनी अमेरिका से धागा और कपास खरीदकर परिधान बनाती है और उन्हें अमेरिका को निर्यात करती है, तो उन परिधानों को भी बांग्लादेशी कंपनियों की तरह अमेरिका में शुल्क-मुक्त प्रवेश मिलेगा। गोयल ने कहा कि यह बात अमेरिका-बांग्लादेश समझौते में लिखी है और हमारे समझौते में भी होगी। इसका भारतीय कपास किसानों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। मंत्री ने बताया कि अमेरिका में कपास का उत्पादन सीमित है। उसका निर्यात केवल 50 लाख अमेरिकी डॉलर है, जबकि भारत का लक्ष्य 50 अरब डॉलर है। भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के लिए एक रूपरेखा तैयार कर ली है। इसे मार्च में लागू किए जाने की संभावना है। ये टिप्पणियां महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौता पूरी तरह से आत्मसमर्पण है, जिसमें भारत की ऊर्जा सुरक्षा अमेरिका को सौंप दी गई है और किसानों के हितों से समझौता किया गया है।

### घरेलू चिकित्सा उपकरण उद्योग को रियायती शुल्कों पर मिलेगा व्यापक बाजार

मेडटेक, इनोवेशन और स्टार्टअप कार्यक्रम में गोयल ने कहा कि भारत के अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों से घरेलू चिकित्सा उपकरण उद्योग को रियायती शुल्कों पर व्यापक बाजार पहुंच प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि कुछ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) में भारतीय चिकित्सा उपकरणों को शुल्क में छूट भी मिलेगी। मंत्री ने कहा कि हम नौ एफटीए के माध्यम से विकसित बाजारों के लिए द्वार खोल रहे हैं, जिनमें 38 ऐसे देश शामिल हैं जहां की आबादी समृद्ध है और प्रति व्यक्ति आय अधिक है। गोयल ने कहा कि राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (एनआईसीडीसी) देश में चिकित्सा उपकरण इकाइयों के लिए 50 से 100 एकड़ भूमि आरक्षित करने पर विचार कर सकता है।

# इंटेल पर 27.38 करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी



- बीएमपी के संबंध में अलग वारंटी नीति पर सीसीआई ने की अमेरिकी कंपनी पर कार्रवाई

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने डेस्कटॉप कंप्यूटर के लिए बॉक्स्ड माइक्रो प्रोसेसर (बीएमपी) के संबंध में भारत के लिए एक अलग वारंटी नीति अपनाने को लेकर अमेरिकी कंपनी इंटेल कॉर्प पर 27.38 करोड़ का जुर्माना लगाया है। इंटेल अमेरिका की प्रमुख बहुराष्ट्रीय सेमीकंडक्टर कंपनी है, जो कंप्यूटर प्रोसेसर और चिप विनिर्माण के लिए जानी जाती है।

आयोग ने गुरुवार को कहा कि इंटेल ने भारत में बीएमपी के बाजार में अपनी दबदबे की स्थिति का दुरुपयोग किया है। प्रतिस्पर्धा आयोग की जांच में पाया गया कि भारत के लिए इंटेल की अलग वारंटी नीति चीन, ऑस्ट्रेलिया और अन्य देशों में लागू उसकी वारंटी नीतियों की तुलना में भेदभावपूर्ण थी। सीसीआई के अनुसार, अमेरिकी कंपनी की इस नीति ने उपभोक्ताओं और समानांतर आयातकों के विकल्प सीमित करने का काम किया, जिससे भारतीय उपभोक्ताओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। समानांतर आयात का मतलब ऐसे वैध उत्पादों के आयात से है, जो किसी कंपनी के आधिकारिक वितरण चैनल के बाहर से खरीदे जाते हैं।

आयोग ने कहा कि डेस्कटॉप कंप्यूटर के बीएमपी पर वारंटी संबंधी इंटेल की यह नीति आठ वर्षों तक लागू रही। इसको ध्यान में रखते हुए नियामक ने इंटेल के औसत प्रासंगिक कारोबार के आठ 8% के बराबर जुर्माना तय किया। 1 अप्रैल, 2024 से नीति वापस लेने को ध्यान में रखते हुए आयोग ने जुर्माने को घटाकर 27.38 करोड़ रुपये कर दिया।

# डिजिटल भुगतान का प्रसार पहली छमाही में भी रहा जारी

मुंबई, एजेंसी



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को कहा कि देश में डिजिटल भुगतान का दायरा बढ़ने का सिलसिला अप्रैल-सितंबर, 2025 के दौरान भी जारी रहा। आरबीआई ने कहा कि उसका डिजिटल भुगतान सूचकांक (आरबीआई-डीपीआई) सितंबर, 2025 में 516.76 पर पहुंच गया, जो सितंबर, 2024 में 465.33 और मार्च, 2025 में 493.22 पर था।

देशभर में डिजिटल भुगतान के प्रसार और दायरे को मापने वाला यह सूचकांक जनवरी, 2021 से प्रकाशित किया जा रहा है और मार्च, 2018 को आधार वर्ष मानता है। आरबीआई ने कहा कि सूचकांक में वृद्धि का मुख्य कारण भुगतान प्रदर्शन और भुगतान सक्षम कारकों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी है।

आरबीआई-डीपीआई पांच प्रमुख मानकों पर आधारित है। इसमें भुगतान सक्षम कारक (25 प्रतिशत भार), मांग पक्ष का भुगतान ढांचा (10 प्रतिशत), आपूर्ति पक्ष का भुगतान ढांचा (15 प्रतिशत), भुगतान प्रदर्शन (45 प्रतिशत) और उपभोक्ता केंद्रीकरण (पांच प्रतिशत) शामिल हैं। इन सभी मानकों के कई उप-मानक और मापनीय संकेतक रखे गए हैं, जिनके आधार पर समय-समय पर डिजिटल भुगतान की प्रगति का आकलन किया जाता है।

### केसीसी का दायरा बढ़ाने को मसौदा संशोधन जारी

**मुंबई।** आरबीआई ने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना के दिशा-निर्देशों में संशोधन और एकीकरण के लिए बृहस्पतिवार को मसौदा जारी किया जिसका उद्देश्य कवरेज का विस्तार, परिचालन प्रक्रियाओं का सरलीकरण और कृषि क्षेत्र की उभरती जरूरतों का ध्यान रखना है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि विनियमित संस्थाएं, आम लोग और अन्य हितधारक छह मार्च, 2026 तक मसौदे पर टिप्पणियां और सुझाव दे सकते हैं। आरबीआई ने केसीसी ऋण की स्वीकृति और पुनर्भुगतान कार्यक्रम में एकरूपता लाने के लिए फसल सत्रों की अवधि को मानकीकृत करने का प्रस्ताव भी रखा है। इसके तहत कम अवधि में तैयार होने वाली फसलों को 12 माह के चक्र और लंबी अवधि वाली फसलों को 18 माह के चक्र के रूप में परिभाषित किया गया है। लंबी अवधि की फसलों के चक्र के अनुरूप ऋण अवधि तय करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की कुल अवधि छह वर्ष करने का प्रस्ताव रखा गया है।



# बजट : पक्ष-विपक्ष में गतिरोध बरकरार

## सत्ता ने किया अर्थव्यवस्था मजबूत होने का दावा, विपक्ष बोला- कोई उपलब्धि नहीं

- राज्यसभा में चर्चा के दौरान भाजपा ने कहा- सरकार का केवल विरोध करना है इसलिए बजट की आलोचना नहीं की जानी चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी



आम आदमी के विकास को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए राज्यसभा में सत्ता पक्ष ने कहा कि भारत का दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना बताता है कि सरकार ने कितना काम किया है। वहीं विपक्ष ने दावा किया कि उपलब्धियों के नाम पर सरकार के खाते में कुछ भी नहीं है।

राज्यसभा में बजट पर हो रहीं चर्चा में भाजपा के मदन राठौर ने कहा कि यह पूर्ण बजट है और इसमें पिछले साल तक हुए सरकार के कामकाज को आगे बढ़ाने के लिए समुचित प्रावधान किए गए हैं। केवल विरोध करना है इसलिए बजट की आलोचना नहीं की जानी चाहिए बल्कि उसके सकारात्मक पक्षों को भी देखना चाहिए। अगर कांग्रेस के कार्यकाल से तुलना की जाए तो यह बजट हर मायने में बेहतर है। कांग्रेस के जीसी चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार का ध्यान विज्ञापनों पर है, वह पुरानी योजनाओं को समाप्त कर रही है और कई का नाम बदल रही है। उपलब्धियों के नाम पर उसके खाते में कुछ भी नहीं है।

भाजपा के शंभुशरण पटेल ने कहा कि यह बजट 140 करोड़ देशवासियों के सपने साकार करने वाला बजट है। मयंक नायक ने कहा कि हर मद में बजट बढ़ाया गया और कोई भी वर्ग उपेक्षा का दावा नहीं कर सकता। भाजपा के केसरीदेव सिंह झाला ने कहा कि प्रदूषण की समस्या के हल को बजट में 20 हजार करोड़ तय करना बेहतर कदम है। भाजपा के अमरपाल मौर्य ने कहा कि यह बजट देश के दीर्घकालिक निर्माण की नींव रखता है। सीमा द्विवेदी ने हर जिले में महिला छात्रावास खोलने की सरकार की घोषणा को सराहनीय बताया। राजीव भट्टाचार्य ने कहा कि शिक्षा के बजट में 14.2 फीसदी की वृद्धि की गई है।


भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संदोष कुमार पी ने कहा कि सरकार खुद बताए कि उसने आम आदमी के लिए इस बजट में क्या दिया है। शिवसेना (उबाठा) की प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि बजट से 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग बजट में अपने लिए कुछ सुविधा की उम्मीद लगाए हुए थे लेकिन वह लोग निराश हो गए।

## मप्रः सिंगरौली में दो लोगों की दी गई बलि आरोपी गिरफ्तार

**सिंगरौली।** मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले में अंधविश्वास से जुड़े मानव बलि के मामले में गुरुवार को तड़के दो लोगों की हत्या कर दी गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर लोहरा गांव के बेरिहवा टोल में 21 वर्षीय युवक को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने बताया कि आरोपी ने फूलकुमारी सिंह गोंड और कमल नारायण सिंह गोंड को घर बुलाकर धारदार हथियार से उन पर हमला किया, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। जब दो ग्रामीणों सुमित्रा सिंह और राम भजन सिंह ने हस्तक्षेप की कोशिश की तो आरोपी ने उन्हें घायल कर दिया। यह घटना सुबह चार से पांच बजे के बीच हुई और यह पूर्व नियोजित थी। हत्याओं को आरोपी के घर के बाहर आंगन में चबूतरे के पास अंजाम दिया गया। पुलिस को घटनास्थल से धार्मिक अनुष्ठानों की सामग्री मिली, जिससे संदेह है कि यह अपराध अंधविश्वास और जादू-टोना के कारण हुआ होगा।

# निशिकांत ने की राहुल गांधी के खिलाफ दिए नोटिस पर सदन में चर्चा की मांग



- भाजपा सांसद बोले- कांग्रेस नेता की सदस्यता रद्द होनी चाहिए, वह कभी चुनाव नहीं लड़ पाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने गुरुवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर अर्बन नक्सल की तरह व्यवहार करने का आरोप लगाया और कांग्रेस नेता के खिलाफ दिये गए विशिष्ट नोटिस पर सदन में चर्चा कराने की मांग की। शून्य काल के दौरान, भाजपा सांसद ने राहुल पर सोरोस फाउंडेशन और फोर्ड फाउंडेशन के साथ संबंध रखने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अर्बन नक्सल की तरह व्यवहार करते हैं। भाजपा सदस्य ने दावा किया कि राहुल गांधी केवल देशद्रोहियों से मिलने वियतनाम, कंबोडिया, बहरीन और थाईलैंड जाते हैं।

### कांग्रेस को राहुल को समझाना चाहिए कि वह नियमों का उल्लंघन कर नहीं बोल सकते : रीजीजू



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने कांग्रेस के सांसदों से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को यह समझाने के लिए कहा कि यदि वह सदन में नियमों और प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए बोलते हैं तो उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया जा सकता है। सदन को गुमराह करने और बेबुनियाद बयान देने के लिए राहुल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस देने की घोषणा के एक दिन बाद रीजीजू ने यह बात कही।

### मुझ पर मुकदमा हो या विशेषाधिकार हनन किसानों के लिए लड़ूंगा : राहुल



राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर देश और किसानों को अमेरिका के हाथों बेचने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार उनके खिलाफ चाहे मुकदमा दर्ज करवाए या विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाए, वह किसानों की लड़ाई लड़ते रहेंगे। राहुल गांधी ने एक्स और व्हाट्सएप चैनल पर वीडियो जारी करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा समझौता जो किसानों की रोज़ी-रोटी छीने या खाद्य सुरक्षा को कमजोर करे, वह किसान-विरोधी है। किसान-विरोधी सरकार को अन्नदाताओं के हितों से समझौता नहीं करने देंगे। मोदी ने अन्नदाताओं को, उनके खून-पसीने को ट्रंप के हाथों बेच दिया है।

# माल्या जब तक भारत नहीं लौटता, नहीं होगी सुनवाई

मुंबई, एजेंसी

- बंबई उच्च न्यायालय ने एफईओ के प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिका पर की टिप्पणी

बंबई उच्च न्यायालय ने गुरुवार को अपने इस रुख को दोहराया कि वह भगोड़े कारोबारी विजय माल्या द्वारा दायर याचिका पर तब तक विचार नहीं करेगा, जब तक वह भारत वापस नहीं लौट आता। अदालत ने यह टिप्पणी माल्या की उस याचिका पर दी जिसमें उसने भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम (एफईओ) के प्रावधानों को चुनौती दी है।

मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने कहा कि माल्या को पहले यह स्पष्ट करना होगा कि वह भारत लौटेंगे या नहीं। माल्या को वापस लौटना होगा... अगर आप वापस नहीं आ सकते तो हम इस याचिका पर सुनवाई नहीं कर सकते। माल्या 2016 से ब्रिटेन में है। उसने उच्च न्यायालय में दो याचिकाएं दायर की हैं, जिनमें से एक में उसने भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने के आदेश को चुनौती दी है जबकि दूसरी याचिका में उसने 2018 के अधिनियम की संवैधानिकता पर सवाल उठाया है। शराब कारोबारी माल्या (70) भारत में धोखाधड़ी और धनशोधन के आरोपों में कई मुकदमों का सामना कर रहा है।

## आर्थिक वृद्धि में पशु चिकित्सकों की भूमिका अहम : भागवत

**नागपुर।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि देश के आर्थिक विकास में पशु चिकित्सकों की अहम भूमिका है और उन्होंने उनसे पारंपरिक जिम्मेदारियों से आगे बढ़कर अपना नजरिया व्यापक करने की अपील की।

भागवत ने सह-अस्तित्व की भावना पर कहा कि मनुष्यों, जानवरों और प्रकृति के बीच बेहतर सामंजस्य होना चाहिए और समाज को इस पर गंभीरता से सोचना चाहिए कि संतुलित सह-अस्तित्व कैसे तय किया जाए। भागवत इंडियन सोसाइटी फॉर एडवांसमेंट ऑफ कैनाइन प्रैक्टिस और पशु एवं मत्स्य पालन विज्ञान विवि के संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

# वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद लेह में हिंसा नियंत्रण में आई



- उच्चतम न्यायालय को केंद्र बताया- भीड़ को उकसाने वाले मुख्य शख्स हैं सोनम

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि राजस्थान की जोधपुर जेल में बंद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक पिछले साल 24 सितंबर को लेह में हुई हिंसा में भीड़ को उकसाने वाले मुख्य शख्स थे। केंद्र से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज ने न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ को बताया कि वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद आंदोलन और हिंसा नियंत्रण में आ गयी।

नटराज ने पीठ को बताया कि वह हिंसा को मुख्य रूप से उकसाने वाले थे। इस हिंसा में चार लोग मारे गए थे और 60 लोग घायल हुए थे। हिरासत आदेश में स्पष्ट संबंध दिखता है, इसमें स्पष्ट रूप से सोची-समझी रणनीति का इस्तेमाल किया गया है। उनकी गिरफ्तारी के बाद आंदोलन और हिंसा नियंत्रण में आ गई। इसलिए यह साबित हो गया कि गिरफ्तारी का आदेश सटीक था जो उस स्थिति में उचित था। विधि अधिकारी ने कहा कि वांगचुक की हिरासत के लिए इन सभी प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं का सावधानीपूर्वक पालन किया गया है। न्यायालय ने अब इस मामले की सुनवाई के लिए 16 फरवरी की तारीख तय की है।

### ऐसे शीर्षक से किसी वर्ग को अपमानित नहीं किया जा सकता

**फिल्म घूसखोर पंडत**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने घूसखोर पंडत शीर्षक पर अप्रसन्नता जताते हुए फिल्म निर्माता नीरज पांडे से गुरुवार को कहा कि आप इस तरह के शीर्षक का इस्तेमाल करके समाज के किसी वर्ग का अपमान नहीं कर सकते। न्यायालय ने ओटीटी मंच नेटफ्लिक्स पर मनोज बाजपेयी अभिनीत फिल्म की रिलीज पर रोक लगाए जाने संबंधी याचिका की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने फिल्म के खिलाफ दायर याचिका पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड और पांडे को नोटिस जारी किये। पीठ ने कहा, इस तरह के शीर्षक का इस्तेमाल करके आप समाज के एक वर्ग को अपमानित क्यों कर रहे हैं? अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक अलग बात है, लेकिन यह किसी को भी अपमानित करने का अधिकार नहीं देती। यह नैतिकता और सार्वजनिक व्यवस्था के विरुद्ध है। जब तक आप हमें बदला हुआ शीर्षक नहीं बताते, हम आपको फिल्म रिलीज करने की अनुमति नहीं देंगे। हमने सोचा था कि फिल्म निर्माता, पत्रकार आदि जिम्मेदार लोग होते हैं। याचिका में आरोप लगाया गया कि फिल्म का शीर्षक और कथानक प्रथम दृष्टया आपत्तिजनक हैं और ये ब्राह्मण समुदाय को अपमानजनक तरीके से चित्रित करते हैं। जनहित याचिका में पंडत शब्द के घूसखोर शब्द के साथ इस्तेमाल पर आपत्ति जताई गई है।

## नीट की छात्रा की मौत के मामले को सीबीआई ने संभाला

**नई दिल्ली।** पटना में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रही छात्रा की मौत के मामले की जांच सीबीआई ने स्थानीय पुलिस से अपने हाथ में ले ली है।

जहानाबाद निवासी छात्रा 6 जनवरी को पटना के चित्रगुप्त नगर स्थित महिला छात्रावास में बेहोश मिली थी। बाद में वह कोमा में चली गई और पांच दिन बाद निजी अस्पताल में उसकी मौत हो गई। छात्रा की मौत के बाद मचे हंगामे से बिहार सरकार ने 31 जनवरी को मामला सीबीआई को सौंप दिया। परिजनों ने पीड़िता के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया। पीड़िता के परिवार ने अधिकारियों पर मामले को दबाने का भी आरोप लगाया।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### भारत ने चुनाव में मदद के लिए उपहार में दिए नेपाल को 270 वाहन

**काठमांडू।** भारत सरकार ने बृहस्पतिवार को नेपाल को चुनाव से संबंधित सहायता की तीसरी खेप के तौर पर 270 वाहन सौंपे। नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने गृह मंत्रालय में आयोजित एक समारोह में यह तीसरी खेप नेपाल के गृह मंत्री ओम प्रकाश अर्याल को सौंपी। भारतीय दूतावास ने एक विज्ञप्ति में बताया कि इसमें 270 वाहन शामिल है, जिनमें 50 ट्रक नेपाल सेना के लिए हैं। साथ ही पांच मार्च को होने वाले चुनाव की तैयारियों के लिए नेपाल की मांग के अनुरूप अन्य सामग्री भी सौंपी गई है। भारत सरकार चुनाव में सहायता के लिए पहली दो खेप जनवरी में नेपाल को सौंप चुकी है, जिसमें 310 से अधिक वाहन और अन्य सामग्री शामिल थी। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि आने वाले दिनों में कुछ अतिरिक्त सामग्री भी प्रदान की जाएगी।

### व्हाट्सएप का आरोप, रूस ने की एप को ठप करने की कोशिश

**मास्को।** रूस ने देश में व्हाट्सएप पर पूरी तरह से रोक लगाने का प्रयास किया है। सोशल मीडिया कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह इंटरनेट पर नियंत्रण कड़ा करने के सरकार का नया प्रयास है। व्हाट्सएप के एक प्रवक्ता ने बुधवार देर रात बताया कि रूसी अधिकारियों की यह कार्रवाई 'उपयोगकर्ताओं को सरकारी स्वामित्व के निगरानी वाले ऐप की ओर धकेलने' के उद्देश्य से की गई है। यह रूसी सरकारी समर्थित 'मैक्स' मैसेजिंग एप की ओर इशारा है, जिसे आलोचक एक निगरानी उपकरण मानते हैं। व्हाट्सएप के प्रवक्ता ने बताया, "यह 10 करोड़ से अधिक लोगों को निजी और सुरक्षित संचार से अलग करने का प्रयास है और इससे रूस में लोगों की सुरक्षा में ही कमी आएगी। हम लोगों को आपस में जोड़े रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

### नेतन्याहू के साथ बैठक में ट्रंप का ईरान से वार्ता जारी रखने पर जोर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की और ईरान के साथ वार्ता जारी रखने पर जोर दिया। अमेरिका ईरान के साथ परमाणु समझौते को आगे बढ़ाना चाहता है। ट्रंप और नेतन्याहू के बीच यह मुलाकात व्हाइट हाउस में हुई। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा, यह मुलाकात बहुत अच्छी रही और दोनों देशों के बीच शानदार रिश्ते जारी रहेंगे। उन्होंने कहा, कुछ भी निश्चित नहीं हुआ है, सिवाय इसके कि मैंने ईरान के साथ बातचीत पर यह देखने के लिए जोर दिया कि यह समझौता हो सकता है या नहीं।

## भारतीय छात्रा की मौत के मामले में 2.9 करोड़ डॉलर में समझौता

**सिएटल, एजेंसी**

- **सिएटल में तेज रफ्तार गाड़ी की चपेट में आकर हुई थी मौत, आरोपी पुलिस अधिकारी बर्खास्त**

अमेरिका के सिएटल शहर ने 2023 में एक पुलिस अधिकारी की तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर लगने से जान गंवाने वाली भारत की 23 वर्षीय छात्रा जाह्नवी कंदुला के परिवार के साथ 2.9 करोड़ डॉलर (262.65 रुपये)के समझौते पर सहमति जताई है। कंदुला को अधिकारी केविन डेव की गाड़ी ने उस समय टक्कर मारी थी, जब वह 40 किमी घंटे की सीमा वाले क्षेत्र में 119 किमी की रफ्तार से जा रहे थे।

कंदुला सिएटल स्थित नॉर्थ ईस्टर्न यूनिवर्सिटी परिसर में इन्फॉर्मेशन सिस्टम्स में मास्टर डिग्री के लिए पढ़ाई कर रही थीं। कंदुला के परिवार के वकीलों ने तत्काल प्रतिक्रिया नहीं दी। दोनों पक्षों ने पिछले शुक्रवार को किंग काउंटी सुपीरियर कोर्ट में समझौते की सूचना दाखिल की। कंदुला की मौत के बाद व्यापक प्रदर्शन हुए थे।

लोगों का आक्रोश इस बात पर भड़का जब एक अन्य अधिकारी के बॉडी कैमरा की रिकॉर्डिंग सामने आई, जिसमें वह हंसते हुए कंदुला के जीवन को मामूली बताते और यह कहते सुनाई दिया कि शहर को सिर्फ एक चेक लिख देना चाहिए। डेनियल ऑडरर नाम के इस अधिकारी को बर्खास्त कर दिया गया था। पुलिस विभाग ने वाहन चला रहे अधिकारी को भी बर्खास्त कर दिया और उसे 5,000 डॉलर का जुर्माना भरने का आदेश दिया गया।

## यौन अपराधी खादी कहीं संत के चोले में

# भारत के 'एप्स्टीन'

जेफ्री एप्स्टीन की फाइल्स सार्वजनिक होने के साथ उसके घिनौने अपराधों पर दुनिया में नए सिरे से एक बहस छेड़ी है लेकिन एप्स्टीन को छोड़ भी दिया जाए तो दुनिया का इतिहास क्रूर यौन अपराधों से भरा हुआ है। अपनी संस्कृति और संस्कारों की वजह से जाने जाने वाले भारत में भी ऐसे अपराधों की कमी नहीं है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की अगस्त 2024 में जारी रिपोर्ट ऐसे ही घिनौने सच का पर्दाफाश करती है जिसके मुताबिक देश के 151 से ज्यादा मौजूदा सांसदों और विधायकों पर यौन अपराधों और महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले दर्ज हैं। संत के चोले में भी तमाम यौन अपराधियों के क्रूर कारनामे जगजाहिर हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि समाज में दबदबा रखने वाले कई यौन अपराधियों के खिलाफ पुलिस के भ्रष्टाचार या राजनीतिक दबाव की वजह से पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाया।





### सफेदपोश यौन अपराधी

- देश के 151 मौजूदा सांसदों और विधायकों ने चुनावी हलफनामों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित मामलों की घोषणा की है।
- एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार इनमें 16 सांसद और 135 विधायक शामिल हैं। दो सांसद, 14 विधायकों पर बलात्कार के आरोप दर्ज हैं।
- भाजपा के सबसे अधिक 54 सांसदों और विधायकों पर ऐसे मामले दर्ज हैं। 23 के साथ कांग्रेस दूसरे 17 के साथ टीडीपी तीसरे स्थान पर है।
- पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 25 जनप्रतिनिधि, आंध्र प्रदेश में 21 और ओडिशा में 17 जनप्रतिनिधियों पर यौन अपराधों के मामले दर्ज हैं।

### सर्वाधिक चर्चित मामले

- पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा के पोते पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के यौन शोषण के हजारों वीडियो वायरल हुए थे। उसे अगस्त 2025 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।
- उत्तर प्रदेश के पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को 2017 में एक नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार करने का दोषी पाया गया। उसे उम्रकैद की सजा दी गई।
- हरियाणा के पूर्व मंत्री गोपाल कांडा पर एयरहोस्टेस गीतिका शर्मा के यौन उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगा, सुसाइड नोट में नाम आया।
- मध्य प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री पर उनके घरेलू पुरुष सहायक ने कुकर्म के आरोप लगाए थे, मामला सुर्खियों में आने के बाद उन्हें इस्तीफा देने को मजबूर होना पड़ा था।

### दुनिया के सबसे क्रूर

- जापान के जुंको फुरुता में 1988 में 17 वर्षीय छात्रा को अगवा कर 44 दिनों में 400 से अधिक बार बलात्कार किया गया, उसकी मृत्यु हो गई।
- ऑस्ट्रेलिया में नर्स अनीता कोबी का अपहरण कर सामूहिक बलात्कार किया गया और फिर होश में रहते बेरहमी से उनकी गर्दन काट दी गई।
- दिल्ली में 2012 में चलती बस में छात्रा से हुई दरिंदगी ने दुनिया को झकझोरा जिसकी मृत्यु हो गई। ये मामला निर्भया कांड के नाम से मशहूर हुआ।

**खौफनाक आंकड़ा** | यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में 37 करोड़ से अधिक लड़कियां और महिलाएं बलात्कार या यौन हमले का शिकार हुई हैं।

### संतों के चोले में यौन अपराधी

- आसाराम बापू नाबालिग लड़कियों से बलात्कार पर जोधपुर और गांधीनगर की अदालत से उम्रकैद।
- डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को दो महिला अनुयायियों से बलात्कार पर 20 साल जेल।
- आसाराम के बेटे नारायण साई को भी शिष्या से बलात्कार के जुर्म में सूरत की अदालत से उम्रकैद।
- तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली स्थित आश्रम संचालक प्रेमानंद ने 13 महिलाओं से बलात्कार किया।
- केरल का स्वयंभू संत अमृता चैतन्य नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के मामले में दोषी पाया गया।

# बांग्लादेश में हिंसा की घटनाओं के बीच 13वें आम चुनाव के लिए हुआ मतदान

## भारी सुरक्षा तैनाती के बावजूद मतदान केंद्रों पर धमाके, देर शाम मतगणना शुरू

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश में आम चुनाव के लिए लोगों ने बृहस्पतिवार को हिंसा की घटनाओं के बीच मतदान किया। जटिल 84 सूत्री सुधार पैकेज पर जनमत संग्रह के साथ हुए 13वें आम चुनाव में देश भर में 300 में से 299 संसदीय सीट के लिए सुबह साढ़े सात बजे मतदान शुरू हुआ जो शाम साढ़े चार बजे तक जारी रहा। मतदान पूरा होने के बाद ज्यादातर जगहों पर मतगणना भी शुरू कर दी गई। एक उम्मीदवार की मृत्यु होने के कारण एक निर्वाचन क्षेत्र में मतदान रद्द कर दिया गया है।

हसीना की अब भंग हो चुकी अवामी लीग की गैरमौजूदगी में मुख्य मुकाबला बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और उसकी पूर्व सहयोगी जमात-ए-इस्लामी के बीच है। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने शेख हसीना की अवामी लीग को पिछले साल भंग कर दिया था और पार्टी के चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी थी। बांग्लादेश निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ सचिव अख्तर अहमद के मुताबिक दोपहर दो बजे तक 48 प्रतिशत मतदान हुआ। देश भर में 299 निर्वाचन क्षेत्रों में 42,779 मतदान केंद्रों पर लगभग 12.7 करोड़ मतदाता पंजीकृत थे। बांग्लादेश की दो प्रमुख प्रतिद्वंद्वी पार्टियों के शीर्ष नेताओं के साथ मुख्य सलाहकार यूनुस ने शुरूआत में ही मतदान किया।



ढाका के एक मतदान केंद्र पर बृहस्पतिवार को अपना वोट डालकर लौटतीं महिलाएं।

**कुल 50 राजनीतिक दलों के 1,755 उम्मीदवार और 273 निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। बीएनपी के सर्वाधिक 291 उम्मीदवार हैं, चुनाव में 83 महिला उम्मीदवार हैं।**

### एक के बाद एक मतदान केंद्रों पर होते रहे बम के धमाके

मतदान के बीच कई जगहों से चुनावी हिंसा की खबरें आती रहीं। गोपालगंज में बम हमले में 13 वर्षीय लड़की सहित तीन लोग घायल हो गए। बृहस्पतिवार सुबह करीब नौ बजे निचुपाड़ा स्थित रेशमा इंटरनेशनल स्कूल में बने मतदान केंद्र में विस्फोट हुआ। इस घटना में चुनाव सुरक्षा के लिए जिम्मेदार अर्द्धसैनिक सहायक बल 'अंसार' के दो सदस्य भी घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी जहिरुल इस्लाम ने बताया कि घायलों को मामूली चोट आई थी और मतदान थोड़ी देर बाद फिर शुरू हो गया। एक अन्य घटना में मुंशीगंज-3 निर्वाचन क्षेत्र के एक मतदान केंद्र के बाहर सिलसिलेवार बम विस्फोट हुए, जिससे मतदान अस्थाई रूप से बाधित हो गया। सुबह करीब 10 बजकर 15 मिनट पर मखाती गुरुचरण हाई स्कूल में बने मतदान केंद्र के सामने विस्फोट हुए। अधिकारियों ने बताया कि 10 से 12 देसी बमों में धमाका हुआ। केंद्र पर मतदान कुछ देर के लिए रोक दिया गया। पीठासीन अधिकारी मोहम्मद तितुमिर ने कहा कि विस्फोटों से मतदाताओं में दहशत फैल गई लेकिन कुछ देर बाद मतदान फिर से शुरू हो गया। इसके अलावा, खुलना में एक मतदान केंद्र के बाहर जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के साथ झड़प के दौरान एक बीएनपी नेता की मौत हो गई। बीएनपी का कहना है कि जमात के एक नेता के धक्का देने की वजह से पेड़ से टकराकर वह घायल हो गए थे, जिससे उनकी मौत हुई।

### ऐतिहासिक: हिंसा रोकने के लिए 10 लाख सुरक्षा कर्मी

निर्वाचन आयोग ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम कर लगभग 10 लाख सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया जो देश के चुनावी इतिहास में सुरक्षाकर्मियों की अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। इसके अलावा प्रशासन ने राजधानी के प्रमुख इलाकों में बख्तरबंद वाहन और त्वरित कार्यबल (आरएटी) तैनात किए हैं। पहली बार चुनाव सुरक्षा के लिए ड्रोन का भी इस्तेमाल किया गया। करीब 81 स्थानीय संगठनों के 55,454 पर्यवेक्षकों ने चुनाव की निगरानी की, जबकि विदेशी चुनाव पर्यवेक्षकों की संख्या 394 रही। अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों में से 80 विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों की तरफ से हैं, जबकि बाकी अलग-अलग देशों से हैं, जिनमें स्वतंत्र यूरोपीय पर्यवेक्षक भी शामिल हैं।

### धांधली और फर्जी मतदान की भी तमाम खबरें

उत्तर पश्चिमी जॉयपुरहाट के कलाई इलाके में एक पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच मतपत्रों की फोटोकॉपी वितरित करने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा, उत्तर पूर्व सिलहट के बालागंज उप-जिले में मतपत्रों की हेराफेरी के आरोपों में जमात और बीएनपी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई, जहां एक स्थानीय जमात नेता और कई अन्य लोग आधी रात के आसपास एक मतदान केंद्र में घुस गए तभी बीएनपी कार्यकर्ताओं ने उन पर धावा बोला, जिसके परिणामस्वरूप हाथापाई हुई जिस पर पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा।

## मतदान से पहले हिंदू मजदूर की हत्या

- **चाय बागान में मिला खून से लथपथ शव, रस्सी से बंधे थे हाथ-पैर**

**ढाका।** पूर्वोत्तर बांग्लादेश के मौलवी बाजार इलाके में एक युवा हिंदू चाय बागान मजदूर का खून से लथपथ शव मिला जिसके हाथ-पैर रस्सियों से बंधे हुए थे। बांग्लादेश में आम चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को मतदान से पहले यह लगातार दूसरे दिन किसी हिंदू व्यक्ति की हत्या का मामला है।

पुलिस ने बुधवार को ढाका से लगभग 200 किमी उत्तर-पूर्व में स्थित मौलवी बाजार के कमलगांज उपजिले के एक चाय बागान से 28 वर्षीय रतन शुवो कार का शव बरामद किया। 'द डेली स्टार' ने कमलगांज पुलिस थाने के प्रभारी अब्दुल अवाल के हवाले से खबर दी कि मृतक रतन शुवो कार इस्लामपुर यूनियन के अंतर्गत चंपारा चाय बागान में बतौर मजदूर काम करता था। लोगों ने बुधवार पूर्वाह्न करीब 10:00 बजे बागान में शव को देखा और अधिकारियों को सूचना दी। स्थानीय लोगों के मुताबिक शव पर चोट के स्पष्ट निशान थे और वह खून से लथपथ था। रतन के बड़े भाई लक्ष्मण कार ने बताया कि परिवार मंगलवार रात से ही उसकी तलाश कर रहा था। उन्होंने बताया, बुधवार सुबह हमें सूचना मिली कि उसका शव बागान में पड़ा है। हम वहां गए और उसकी पहचान की। हमें नहीं पता कि उसकी हत्या क्यों की गई।

## इतालवी तटों पर कड़ी नौसैनिक नाकाबंदी का विधेयक पारित

**रोम।** इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के नेतृत्व वाली रूढ़िवादी सरकार ने अवैध आव्रजन से निपटने के लिए एक विधेयक को मंजूरी दी है जिसके तहत इतालवी तटों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे प्रवासी पोतों के लिए नौसैनिक नाकाबंदी करने का प्रावधान भी शामिल है।

विधेयक को मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी दे दी गई। यह विधेयक संसद के दोनों सदनों में चर्चा और मंजूरी के बाद प्रभावी होगा। इसमें सीमाओं पर कड़ी निगरानी और यूरोपीय एजेंसियों के साथ सहयोग का प्रावधान शामिल है। विधेयक प्रवासन और शरण संबंधी नए यूरोपीय संघ समझौते को मंजूरी दिए जाने के एक दिन बाद पारित किया गया है।

## भारत के साथ समझौता ऐतिहासिक, विशाल ऊर्जा निर्यातक बनेंगे हम : ट्रंप

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार समझौते को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि अमेरिका भारत और उन देशों को कोयले का निर्यात बढ़ाएगा जिनके साथ उसने व्यापार समझौते किए हैं। ट्रंप ने 'चैंपियन ऑफ कोल' शीर्षक वाले एक कार्यक्रम के दौरान कहा, हमारे नेतृत्व में हम एक विशाल ऊर्जा निर्यातक बन रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में ही हमने जापान, कोरिया, भारत और अन्य के साथ ऐतिहासिक व्यापार समझौते किए हैं ताकि हमारे कोयला निर्यात को बढ़ाया जा सके। अमेरिका और भारत ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि वे व्यापार पर एक अंतरिम समझौते की रूपरेखा पर पहुंच गए हैं जिसके तहत नई दिल्ली सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं, खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक व्यापक श्रृंखला पर शुल्क समाप्त करेगी या घटाएगी और अगले पांच साल में 500 अरब अमेरिकी डॉलर के अमेरिकी उत्पादों की खरीद करेगी।



- **अमेरिका के कोयला निर्यात में भारी वृद्धि होने का किया दावा**

## ऊर्जा अवसंरचना पर रूस के हवाई हमले, यूक्रेन में बिजली-पानी ठप

**कीव।** रूसी हवाई हमलों ने यूक्रेन के कई इलाकों में ऊर्जा अवसंरचनाओं को निशाना बनाया जिससे बिजली और पानी की आपूर्ति में बड़े पैमाने पर रुकावट आई है। यूक्रेन की वायुसेना ने कहा कि रूस ने रात भर में 24 बैलिस्टिक मिसाइल, एक निर्देशित एयर-लॉन्च मिसाइल और 219 हमला करने वाले ड्रोन लॉन्च किए। यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली ने 213 निशानों को रोक लिया, लेकिन नौ मिसाइल और 19 ड्रोन 13 जगहों पर हमला करने में कामयाब रहे जिससे अवसंरचना को नुकसान हुआ।

## ब्रिटिश शाही सेना के पायलटों को प्रशिक्षण देगी भारतीय वायुसेना

- **ब्रिटेन-भारत वायुसेना की वार्ता में लिया गया निर्णय**

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना पहली बार ब्रिटेन की शाही वायुसेना के पायलटों को प्रशिक्षण देने जा रही है। यह निर्णय बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में आयोजित 19वीं ब्रिटेन-भारत वायुसेना वार्ता में लिया गया। ब्रिटेन के मुताबिक, नवीनतम समझौते के तहत, भारतीय वायुसेना तीन योग्य उड़ान प्रशिक्षकों को ब्रिटेन में शाही वायुसेना ली में तैनात करेगी जो ब्रिटिश लड़ाकू विमानों के पायलटों के लिए प्रशिक्षण केंद्र है। यह पहली बार है कि भारतीय योग्य उड़ान प्रशिक्षक आरएएफ वैली में ब्रिटिश पायलटों को लड़ाकू विमानों का प्रशिक्षण देंगे। यह घटनाक्रम जनवरी में भारतीय वायुसेना के एक अधिकारी की शाही वायुसेना महाविद्यालय क्रैनवेल में प्रशिक्षक के रूप में पहली बार तैनाती के ठीक बाद हुआ है।

## कनाडा पर टैरिफः पहली बार अमेरिकी प्रतिनिधि सभा राष्ट्रपति के विरोध में

**वाशिंगटन।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से कनाडा पर लगाए गए टैरिफ को पलटने के लिए मतदान किया जो व्हाइट हाउस के एजेंडे की एक दुर्लभ आलोचना है। बुधवार को इस प्रस्ताव के पक्ष में 219 और इसके खिलाफ 211 मत पड़े। ऐसा संभवतः पहली बार है जब रिपब्लिकन पार्टी के नियंत्रण वाली प्रतिनिधि सभा ने किसी महत्वपूर्ण नीति को लेकर राष्ट्रपति का विरोध किया है।

प्रस्ताव का उद्देश्य उस राष्ट्रीय आपात स्थिति को समाप्त करना है, जिसे ट्रंप ने टैरिफ लगाने के लिए घोषित किया है लेकिन इस नीति को पलटने के लिए वास्तव में ट्रंप के भी समर्थन की जरूरत होगी जो असंभव प्रतीत होता है। यह प्रस्ताव अब सीनेट के पास जाएगा। ट्रंप का मानना है कि टैरिफ अमेरिकी व्यापार साझेदारों को बातचीत की मेज पर लाने के लिए असरदार हैं लेकिन सांसदों को अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापार युद्धों के कारण जूझ रहे कारोबारियों एवं इनके जेब पर पड़ने वाले असर एवं ऊंची कीमतों से परेशान मतदाताओं की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति में डेमोक्रेटिक पार्टी के शीर्ष नेता एवं न्यूयॉर्क से सांसद ग्रेगरी मीक्स ने यह प्रस्ताव पेश किया।

## कई वैश्विक हस्तियां आएंगी इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **सौ देशों के 35,000 से ज्यादा प्रतिभागियों ने कराया पंजीकरण**
- **मैक्रों और सुनक भी आएंगे, भारत मंडपम में 16 से पांच दिनी कार्यक्रम**





ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के पूर्वावलोकन कार्यक्रम (कर्टेन रेजर) 'एआई फॉर ऑलः रीइमेजिनिंग ग्लोबल कोऑपरेशन' में वक्तव्य देंगे। सार्वजनिक नीति शोध संस्था कार्नेगी इंडिया ने यह घोषणा की। इस आयोजन के लिए अब तक 100 से अधिक देशों के 35,000 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें 500 से अधिक स्टार्टअप सम्मिलित हैं।

इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रों 17 से 19 फरवरी तक भारत की यात्रा पर रहेंगे और इस शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मैक्रों मोदी के साथ 'होराइजन 2047 रोडमैप' के अंतर्गत द्विपक्षीय सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक चर्चा करेंगे। वे मुंबई में संयुक्त रूप से 'भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष 2026' का भी उद्घाटन करेंगे। नई दिल्ली के भारत मंडपम में 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाला 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' नीति, अनुसंधान, उद्योग और सार्वजनिक सहभागिता पर केंद्रित है। 'जनमानस, पृथ्वी और प्रगति' के तीन आधारभूत स्तंभों पर आधारित यह शिखर सम्मेलन वैश्विक नेताओं, नीति निर्माताओं, नवाचारियों और विशेषज्ञों को एक मंच पर लाएगा, ताकि शासन, नवाचार और सतत विकास में एआई की भूमिका पर विचार किया जा सके।संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस भी इस शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

### एआई यानी अमेरिका-इंडिया, मोदी का यह कथन सटीक


इस सम्मेलन में यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) की भागीदारी होगी। सम्मेलन से पूर्व यूएसआईएसपीएफ ने ''बोर्ड एआई टास्क फोर्स'' के गठन की घोषणा की है जिसका नेतृत्व जॉन चैंबर्स करेंगे। कार्यबल के शुभारंभ पर जॉन चैंबर्स ने कहा, जैसा कि मोदी ने कहा है, एआई का अर्थ ''अमेरिका और इंडिया'' है। सिलिकॉन वैली के अपने अनुभव से मैं देख सकता हूं कि एआई हमारे समय की निर्णायक तकनीक बनेगी, ठीक वैसे ही जैसे भारत-अमेरिका संबंध इस युग की सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारी है।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 13 फरवरी, शुक्रवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, एकादशी 14 .25 तक तत्पश्चात द्वादशी।


मेष

आज मन में असंतोष का भाव रह सकता है। धार्मिक लोगों से सलाह लेना उत्तम होगा। प्रेम संबंधों को लेकर भावुक हो सकते हैं। आर्थिक निवेश को लेकर सावधान रहें। अनैतिक कार्यों से दूरी बनाकर रखें। सर्दी-खांसी से आपको परेशानी हो सकती है।


वृष

आज ऊंचाई वाली जगहों से दूरी बनाकर रखें। जीवनसाथी के प्रति आसक्ति का भाव बढ़ेगा। संतान से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है। आप अपने मित्रों की काफी सहायता करेंगे। अविवाहित लोगों को विवाह प्रस्ताव मिल सकते हैं।


मिथुन

आज आपका दिन विशेष उन्नतिकारक रहेगा। आय की दृष्टि से भी दिन बहुत ही अच्छा है। दोपहर तक कोई शुभ समाचार मिल सकता है। आपके स्वभाव में विनम्रता बढ़ेगी। आप चुनौतियों को आसानी से निपटा लेंगे। अधूरे पड़े कार्य आप प्रारंभ कर सकते हैं।


कर्क

आज पुराने लोन को चुकाने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आपके भीतर स्नेह और वात्सल्य की भावना रहेगी। पाचन तंत्र की सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा करनी पड़ सकती है। आप काफी अच्छा महसूस करेंगे।


सिंह

आज अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को सावधानी रखनी चाहिए। घर के सदस्यों को महत्व दें। वाणी में संयम रखें। रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का प्रयास करें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।


कन्या


आज जीवन की सच्चाइयों का सामना करना पड़ेगा। आपको कारोबार में अतिरिक्त प्रयास करने पड़ेंगे। आपको यात्रा कम से कम करनी चाहिए। भावनात्मक उतार-चढ़ाव पर नियंत्रण रखें। अपने स्वभाव में लचीलापन बनाकर रखें।


तुला

आज प्रतियोगिता और परीक्षा में आपको सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आपको पिछले अनुभवों का लाभ प्राप्त होगा। उच्च-अधिकारी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। व्यापार में बदलाव करने की योजना बना सकते हैं।


वृश्चिक


आज आप अपनी आय बढ़ाने के लिए अत्यधिक प्रयत्नशील रहेंगे। परिवार में छोटों की चिंता रहेगी। प्रियजनों के व्यवहार को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ाएगा। लोगों पर आपका प्रभाव काफी अच्छा पड़ेगा।


धनु

आज का दिन आपके लिए काफी अच्छा रहना वाला है। प्रेमीजन से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। आप दूसरों की सहायता करेंगे। नए कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं। उच्च अधिकारी आपका सहयोग कर सकते हैं।


मकर

आज के दिन आपको तनाव का सामना करना पड़ेगा। दांपत्य जीवन में कड़वाहट हो सकती है। कुछ लोग आपकी तरक्की से ईर्ष्या कर सकते हैं। मेडिकल सेवा से जुड़े लोगों को परेशानी हो सकती है। अनावश्यक खर्चों को कम करने का प्रयास करें।



कुंभ

आज दार्शनिक लोगों के विचारों से आप प्रभावित रहेंगे। लोगों की बातों को अधिक महत्व न दें। जीवनसाथी की सलाह का अनुसरण करें, इससे आपको लाभ होगा। नया वाहन खरीद सकते हैं। व्यापार में लाभ प्राप्त होगा। पुराने लोन को चुकाने में आसानी होगी।


मीन

आज आपको शारीरिक श्रम अधिक करना पड़ सकता है। सरकारी कार्यों में ध्यान देने का प्रयास करें। गंभीरता से परिस्थितियों का अवलोकन करें। घर के वास्तु में कुछ परिवर्तन करने का विचार बना सकते हैं। पिता की सलाह से काम करना हितकर होगा।

## आज का पंचांग





**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- मूल 16 .12 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

## सुडोकू -60

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | | 5 | | |
| 3 | 8 | | | | 2 | | 7 | |
| | | | 4 | | 7 | | | 1 |
| 8 | | | | 5 | | 1 | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| | | 2 | | 7 | | | | 6 |
| 6 | | | 3 | | 9 | | | |
| | 1 | | 2 | | | | 3 | 8 |
| | | 4 | | | 8 | | | |

### सुडोकू - 59 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 4 | 9 | 7 | 6 |
| 8 | 9 | 4 | 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 1 | 9 | 8 | 3 | 4 |
| 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 | 1 |
| 4 | 7 | 9 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 1 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 8 |
| 9 | 2 | 5 | 8 | 4 | 1 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 8 | 6 | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 | 9 |



> विस्फोटक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा अभी पूरी तरह फिट नहीं है। वह एक-दो मैच में नहीं खेल पाएंगे। उन्हें पेट में इन्फेक्शन के कारण अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। बुधवार को उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी।
> –सूर्यकुमार यादव, कप्तान

# स्टेडियम



## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया–जिम्बाब्वे | पूर्वाह्न 11 बजे |
| कनाडा–यूएई | दोपहर 3 बजे |
| नीदरलैंड्स–अमेरिका | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### चोटिल लियोनेल मेसी का खेलना संदिग्ध

**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी की बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया है जिसके कारण उनका इंटर मियामी की तरफ से एमएलएस कप में 21 फरवरी को एलएएफसी के खिलाफ होने वाले सत्र के पहले मैच में खेलना संदिग्ध है। इंटर मियामी की टीम ने बुधवार को मेसी के चोटिल होने के बारे में जानकारी दी। एमएलएस के लगातार दो बार के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मेस्सी ने पिछले सप्ताहांत इक्वाडोर में सत्र से पहले खेले गए मैच में एक गोल किया, लेकिन दूसरे हाफ के लगभग 12 मिनट बाद उन्हें संभवत: हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था। इंटर मियामी ने एक बयान में कहा अभ्यास में उनकी वापसी आने वाले दिनों में उनकी फिटनेस की प्रगति पर निर्भर करेगी।

### खेलो इंडिया 23 से 26 तक गुलमर्ग में

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का दूसरा चरण 23 से 26 फरवरी तक गुलमर्ग में खेला जायेगा जिसमें करीब 400 खिलाड़ी भाग लेंगे। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। पहला चरण 20 से 26 जनवरी के बीच लद्दाख में खेला गया था। मांडविया ने एक विज्ञप्ति में कहा गुलमर्ग चरण शीतकालीन ओलंपिक के ठीक बाद हो रहा है । खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों के आयोजन के लिए यह बिल्कुल सही समय है। लेह में पहला चरण काफी कामयाब रहा था जिसमें फिगर स्केटिंग को शामिल किया गया था। गुलमर्ग में चार पदक खेलों स्की पर्वतारोहण, अल्पाइन स्कीइंग, नोर्डिक स्कीइंग (क्रॉसकंट्री) और स्नोबोर्डिंग की स्पर्धायें होंगी।

### फेडरर के समारोह के टिकट दो मिनट में बिके

**न्यूपोर्ट (अमेरिका)।** रोजर फेडरर ने भले ही टेनिस को अलविदा कह दिया हो लेकिन उनका जादू अब भी प्रशंसकों पर सर चढ़कर बोलता है जिसकी बानगी यहां उन्हें अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ़ फेम में शामिल करने के समारोह के टिकटों की भारी मांग में देखने में मिली। फेडरर से जुड़े इस समारोह के सभी टिकट दो मिनट में बिक गए। आयोजकों ने आउटडोर पार्टी के लिए अलग से अतिरिक्त टिकट जारी किए जो हाथों हाथ बिक गए। आखिर में आयोजकों को कहना पड़ा कि उनकी क्षमता सीमित है और वह अधिक टिकट जारी नहीं कर सकते हैं।

### भारतीय घुड़सवारी महासंघ को नोटिस

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने आयकर अधिनियम 1961 की धारा 156 के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) को पहली बार 4.62 करोड़ रुपये का मांग नोटिस जारी किया है। आधिकारिक दस्तावेजों में यह जानकारी दी गई है। ईएफआई को नौ फरवरी, 2026 के नोटिस में कहा गया है कि इस खेल महासंघ को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 4,62,18,102 रुपये की राशि भुगतान करनी होगी। इस नोटिस की एक प्रति पीटीआई के पास भी है जिसमें कहा गया है कि निर्धारित की गई राशि नोटिस मिलने के 30 दिनों के भीतर किसी अधिकृत बैंक में जमा करनी होगी।

### पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने सड़क पर बिताया समय

**कराची।** पाकिस्तान हॉकी टीम के सदस्यों को कैनबरा पहुंचने पर कई घंटे सड़क पर बिताने पड़े क्योंकि धन के अभाव में पाकिस्तान हॉकी महासंघ होटल के बिल का भुगतान नहीं कर सका जिससे होटल बुकिंग रद्द हो गई । पाकिस्तानी टीम होबर्ट में एफआईएच प्रो लीग के दूसरे चरण के मैच खेलने आस्ट्रेलिया में है । टीम के सूत्रों के अनुसार खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों को घंटों तक सड़क पर रहना पड़ा । एक सूत्र ने बताया खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिये कैनबरा में एक चार सितारा होटल में कमरे बुक किये गए थे। उन्हें बताया गया था कि पाकिस्तान खेल बोर्ड और पीएचएफ ने कैनबरा में उनके रहने के लिये सारे भुगतान कर दिए हैं ।

# ईशान और हार्दिक की तूफानी पारियों से भारत की बड़ी जीत

## टी-20 विश्व कप : नामीबिया को 93 रनों से हराया



ईशान किशन

नई दिल्ली, एजेंसी

सलामी बल्लेबाज ईशान किशन और हार्दिक पंड्या के तूफानी अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में बृहस्पतिवार को यहां नामीबिया को 93 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने नौ विकेट पर 209 रन बनाए। जवाब में नामीबिया टीम 116 रनों पर आउट हो गई।

ईशान ने 24 गेंद में पांच छक्कों और छह चौकों से 61 रन की पारी खेली जबकि पंड्या ने 28 गेंद में चार छक्कों और इतने ही चौकों से 52 रन बनाए। ईशान ने तिलक वर्मा (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 31 गेंद में 79 रन जोड़कर भारत को तेज शुरुआत दिलाई जबकि पंड्या ने शिवम दुबे (23) के साथ 39 गेंद में 81 रन की साझेदारी कर अंतिम ओवरों में रन गति को बढ़ाया।

कप्तान गेरहार्ड इरास्मस (चार ओवर में 20 रन पर चार विकेट) और बर्नार्ड स्कोल्ट्ज (चार ओवर में 41 रन पर एक विकेट) की स्पिन जोड़ी ने बीच के ओवरों में सधी हुई गेंदबाजी करके रन गति पर अंकुश लगाया। भारत ने सात ओवर में एक विकेट पर 104 बना लिए थे लेकिन अंतिम 13 ओवर में टीम 105 रन ही जोड़ सकी। इरास्मस ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया जिसके बाद संजू सैमसन (22) ने रूबेन ट्रंपलमैन (बिना विकेट के 38 रन) पर छक्के से खाता खोला और फिर बेन शिकोंगो (41 रन पर एक विकेट) की लगातार गेंदों पर दो छक्के और एक चौका लगाया। वह हालांकि शिकोंगो की अगली गेंद को डीप मिडविकेट पर सीधे लॉरेन स्टीनकैंप के हाथों में खेल गए। ईशान ने जेजे स्मिट (50 रन पर एक विकेट) का स्वागत लगातार दो चौकों के साथ किया जबकि शिकोंगो की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए। तिलक वर्मा ने भी ट्रंपलमैन पर दो चौके मारे।

ईशान ने छठे ओवर में स्मिट की लगातार गेंदों पर चार छक्के और एक चौके से 20 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। भारत ने पावर प्ले में एक विकेट पर 86 रन बनाए। तिलक हालांकि 19 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब मैक्स हेइंगो की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट पर स्टीनकैंप ने उनका कैच टपका दिया। ईशान ने हेइंगो की लगातार गेंदों पर छक्के और चौके के साथ 6.5 ओवर में भारत के रनों का शतक पूरा किया जो पुरुष टी20 विश्व कप में किसी भी टीम का सबसे तेज शतक है। ऑफ स्पिनर इरास्मस ने पहली ही गेंद पर इशान को डीप मिडविकेट पर शिकोंगो के हाथों कैच कराके नामीबिया को बड़ी सफलता दिलाई। इशान ने 24 गेंद का सामना करते हुए छह चौके और पांच छक्के मारे।

कप्तान सूर्यकुमार यादव भी 13 गेंद में 12 रन बनाने के बाद बाएं हाथ के स्पिनर बर्नार्ड स्कोल्ट्ज की गेंद पर विकेटकीपर जेन ग्रीन के हाथों स्टंप हो गए। तिलक भी इसके बाद इरास्मस की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लॉन्ग ऑफ पर स्मिट के हाथों लपके गए जिससे 12वें ओवर में भारत का स्कोर चार विकेट पर 124 रन हो गया। शिवम दुबे और हार्दिक पंड्या ने 15वें ओवर में स्कोल्ट्ज पर एक-एक छक्के के साथ टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया। हार्दिक ने शिकोंगो की लगातार गेंदों पर छक्का और दो चौके मारे।



ईशान किशन का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस।

**भारत**

**209/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| ईशान का शिकोंगो बो इरास्मस | 61 |
| सैमसन का स्टीनकैंप बो शिकोंगो | 22 |
| तिलक वर्मा का स्मिट बो इरास्मस | 25 |
| सूर्यकुमार स्टं ग्रीन बो स्कोल्ट्ज | 12 |
| हार्दिक का स्थानापन्न बो इरास्मस | 52 |
| शिवम दुबे रन आउट | 23 |
| रिंकू सिंह का इरास्मस बो स्मिट | 01 |
| अक्षर पटेल बो इरास्मस | 00 |
| वरुण चक्रवर्ती नाबाद | 01 |
| अर्शदीप सिंह रन आउट | 02 |

**गेंदबाजी :** ट्रंपलमैन 4-0-38-0, शिकोंगो 3-0-41-1, स्मिट 4-0-50-1, हेइंगो 1-0-18-0, इरास्मस 4-0-20-4, स्कोल्ट्ज 4-0-41-1



हार्दिक पंड्या

# इटली ने नेपाल को रौंद आईसीसी टूर्नामेंट में जीत का खाता खोला

मुंबई, एजेंसी

इटली ने टी20 विश्व कप पदार्पण में अपने दूसरे ही मैच में शानदार प्रदर्शन किया और बृहस्पतिवार को यहां के ग्रुप सी मैच में नेपाल को 44 गेंद रहते 10 विकेट से रौंदकर आईसीसी टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की।

इटली के स्पिनरों ने अनुशासित गेंदबाजी करते हुए नेपाल की पूरी टीम को 19.3 ओवर में महज 123 रन पर समेट दिया। इसके बाद उसने एंथनी मोस्का (नाबाद 62 रन) और जस्टिन मोस्का (नाबाद 60 रन) के बीच अटूट साझेदारी से 12.4 ओवर में यह लक्ष्य हासिल कर शानदार जीत हासिल की। मोस्का बंधुओं में से बड़े भाई एंथोनी ने 32 गेंद की नाबाद पारी में छह छक्के और तीन चौके जड़े जबकि छोटे भाई जस्टिन ने 44 गेंद की नाबाद पारी के दौरान तीन छक्के और पांच चौके जमाए। यह इटली के लिए टी20 विश्व कप इतिहास का दूसरा ही मैच था। पिछले मैच में उसे कोलकाता में स्कॉटलैंड से 73 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस मुकाबले में नेपाल को जीत का दावेदार माना जा रहा था जिसने इसी स्थल पर इंग्लैंड को कड़ी चुनौती दी थी। लेकिन उनका कोई भी बल्लेबाज इटली की सटीक स्पिन गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण के सामने नहीं टिक सका। नेपाल ने अपने सर्वश्रेष्ठ स्पिनर संदीप लामिचाने को इस्तेमाल में भी बहुत बाद में किया। इंडियन प्रीमियर लीग सहित कई टी20 टूर्नामेंट खेल चुके लामिचाने को तब गेंदबाजी के लिए लगाया गया जब इटली के सलामी बल्लेबाज 58 रन बना चुके थे।

इटली के सलामी बल्लेबाजों ने प्रति ओवर करीब 10 रन बनाए और नेपाल किसी भी मौके का फायदा नहीं उठा सका जिससे वानखेड़े स्टेडियम में मौजूद बड़ी संख्या में उसके प्रशंसकों को काफी निराशा हुई। इससे पहले यहां स्पिनरों का दबदबा जारी रहा जिसमें इटली के लिए बेन मानेंटी ने नौ रन दकर दो जबकि कृशन कालुगामागे ने 18 रन देकर तीन विकेट झटके। सटीक लाइन एवं लेंथ के साथ इटली के क्षेत्ररक्षकों ने भी शानदार प्रदर्शन किया जिससे नेपाल के खिलाड़ी दबाव में रहे। नेपाल के लिए आरिफ शेख ने सर्वाधिक 27 रन और कप्तान रोहित पौडेल ने 23 रन बनाए।



इटली के बल्लेबाज एंथनी मोस्का और जस्टिन मोस्का। एजेंसी

- **एंथनी और जस्टिन मोस्का ने नाबाद पारियां खेल आसानी से हासिल किया लक्ष्य**

### भारत-पाकिस्तान का मैच देखने कोलंबो जाएंगे बीसीबी प्रमुख

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के प्रमुख अमीनुल इस्लाम ने कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को होने वाले टी20 विश्व कप मैच देखने के लिए कोलंबो में जाएंगे और उन्हें उम्मीद है कि पिछले कुछ सप्ताह से चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बाद बीसीसीआई के साथ उनके संबंध सुधरेंगे। इस्लाम ने बांग्लादेश के अखबार प्रथम आलो से कहा कि इस हाई-प्रोफाइल मैच के लिए उन्हें आईसीसी की तरफ से निमंत्रण मिला है।

उन्होंने कहा आईसीसी ने एक फैसला लिया है। आईसीसी के प्रमुख हितधारक ये पांच एशियाई देश हैं तथा वह चाहते हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच 15 फरवरी को होने मैच के लिए सभी पांच एशियाई देशों के प्रतिनिधि एक साथ स्टेडियम में मौजूद रहें, मैच देखें और एक-दूसरे से बात करें। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान एशिया के आईसीसी में महत्वपूर्ण सदस्य हैं। इस्लाम से पूछा गया कि क्या इस बैठक से बीसीसीआई के साथ उसके तनावपूर्ण संबंध खत्म करने में मदद मिलेगी, उन्होंने कहा आप इसे कुछ इसी तरह मान सकते हैं।

# मेंडिस, रत्नायके व शनाका की पारी से श्रीलंका की बड़ी जीत

पल्लीकल, एजेंसी

कप्तान दासुन शनाका सहित तीन बल्लेबाजों के अर्धशतक और बाद में धारदार गेंदबाजी की मदद से श्रीलंका ने टी20 विश्व कप के ग्रुप बी के मैच में गुरुवार को यहां ओमान को 105 रन से करारी शिकस्त देकर सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। कुसल मेंडिस (45 गेंद पर 61 रन), पवन रत्नायके (28 गेंद पर 60) और शनाका (20 गेंद पर 50) ने अर्धशतक जमाए और ओमान के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण के धुर्रे उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। श्रीलंका ने इनके शानदार प्रदर्शन की मदद से पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद पांच विकेट पर 225 रन का मजबूत स्कोर बनाया।

ओमान के बल्लेबाजों के पास श्रीलंका के तेज और स्पिन आक्रमण का कोई जवाब नहीं था और उसकी टीम नौ विकेट पर 120 रन ही बना सकी। उसकी तरफ से केवल मोहम्मद नदीम ही संघर्ष कर पाए जिन्होंने 56 गेंद पर नाबाद 52 रन बनाए। श्रीलंका की तरफ से दुष्मंत चामीरा और महीश तीक्षणा ने दो दो विकेट लिए। श्रीलंका की यह लगातार दूसरी जीत है जिससे वह चार अंक लेकर ग्रुप बी में शीर्ष पर पहुंच गया है। ओमान को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले श्रीलंका के बल्लेबाजों ने अंतिम ओवरों में तेजी से रन बनाकर बड़ी जीत की नींव रखी। जितेन रामानंदी ओमान के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 41 रन देकर दो विकेट लिए। मेंडिस ने अपनी अच्छी फॉर्म जारी रखी जबकि रत्नायके और शनाका ने महत्वपूर्ण समय पर अपनी लय हासिल की। आयरलैंड के खिलाफ केवल पांच रन बनाकर आउट होने वाले रत्नायके ने 24 गेंद पर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला अर्धशतक पूरा किया।

उन्होंने अपनी पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने 12वें ओवर में तेज गेंदबाज रामानंदी पर पारी का पहला छक्का लगाया और सुफयान महमूद को लगातार तीन चौके लगाकर यह अपना अर्धशतक पूरा किया। रत्नायके और मेंडिस ने केवल 52 गेंद पर 94 रन की साझेदारी की। इस बीच उन्होंने स्ट्राइक रोटेट करने पर ध्यान दिया।



विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते श्रीलंका के बल्लेबाज पवन रत्नायके। एजेंसी

- **ओमान को 105 रनों से हराकर सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदें मजबूत कीं**

# उम्मीद जीवंत रखने की कोशिश करेगा नीदरलैंड्स

चेन्नई, एजेंसी

पिछले मैच में जीत हासिल करके वापसी करने वाले नीदरलैंड्स को शुक्रवार को यहां टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के मैच में अमेरिका के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए आक्रामक बल्लेबाजी और अनुशासित गेंदबाजी करनी होगी जो सुपर आठ में पहुंचने की उसकी उम्मीदों को जीवित रखने के लिए जरूरी है। नीदरलैंड को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में पाकिस्तान से मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इसके बाद उसने अपने अगले मैच में नामीबिया को हराकर शानदार वापसी की। नीदरलैंड ने 157 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दो ओवर शेष रहते सात विकेट से जीत हासिल की। नीदरलैंड्स की टीम के पास शीर्ष क्रम में विस्फोटक बल्लेबाज हैं लेकिन उसके मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है।

अमेरिका ने गेंदबाजी में तो अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन बल्लेबाजी में वे लड़खड़ा गए और खराब फील्डिंग ने भी उन्हें नुकसान पहुंचाया। अमेरिका के गेंदबाजों में शैडली वैन शालविक ने पावरप्ले में शानदार प्रदर्शन किया है।

- **अमेरिका को करनी होगी वापसी बल्लेबाज नहीं दिखा पाए जलवा**



नीदरलैंड्स के बल्लेबाज मैक्स ओडॉउड।

### हमारे बल्लेबाज स्पिन गेंदबाजी खेलने में सक्षम : हैरी ब्रूक

**मुंबई।** इंग्लैंड के बल्लेबाजों की टी20 विश्व कप के दौरान स्पिन गेंदबाजों को खेलने की कमजोरी भले ही खुलकर सामने आ गई हो लेकिन उसके कप्तान हैरी ब्रूक ने कहा कि उनके बल्लेबाज स्पिनरों को खेलने में पूरी तरह से सक्षम है। इंग्लैंड को अपने पिछले मैच में वेस्टइंडीज से 30 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 196 रन बनाए जिसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 19 ओवर में 166 रन पर आउट हो गई। इंग्लैंड के छह बल्लेबाजों को स्पिन गेंदबाजों ने आउट किया। जब ब्रुक से पूछा गया कि क्या इंग्लैंड को स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ रहा है, तो उन्होंने कहा मुझे ऐसा नहीं लगता। उन्होंने विश्व कप से ठीक पहले स्पिन गेंदबाजों की प्रमुखता वाली टीम श्रीलंका पर मिली 3-0 की जीत का उदाहरण दिया।

**टी20 विश्व कप** | ग्रुप बी मैच में जिम्बाब्वे के खिलाफ मुकाबला आज, मार्श की फिटनेस पर होगी निगाह

# बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा ऑस्ट्रेलिया

कोलंबो, एजेंसी

कई प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने की समस्या से जूझ रही ऑस्ट्रेलिया की टीम जब शुक्रवार को यहां टी20 विश्व कप के ग्रुप बी मैच में जिम्बाब्वे पर बड़ी जीत दर्ज करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगा तो कप्तान मिचेल मार्श की फिटनेस पर निगाह टिकी रहेगी।

मार्श बुधवार को आयरलैंड के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाए थे और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार इस ऑलराउंडर को मैदान पर वापसी करने से पहले काफी आराम की जरूरत होगी। मार्श के कवर के रूप में स्टीव स्मिथ को ऑस्ट्रेलिया की टीम में लिया गया है। उनकी टीम को हालांकि आयरलैंड के खिलाफ पिछले मैच में मार्श की कमी नहीं खली। ऑस्ट्रेलिया ने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके 67 रन से जीत हासिल की थी। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के किसी भी बल्लेबाज ने अर्धशतक नहीं लगाया लेकिन इसके बावजूद उन्होंने 180 से अधिक रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। इसके बाद तेज गेंदबाज नाथन एलिस और लेग स्पिनर एडम जम्पा ने मिलकर आठ विकेट लिए और अपनी टीम को पूरे दो अंक दिलाए। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने प्रदर्शन को और बेहतर करना चाहेगी। उसे सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड और ग्लेन मैक्सवेल से बड़ी पारियों की उम्मीद होगी। मार्श अगर टूर्नामेंट में आगे नहीं खेल पाते हैं तो ऑस्ट्रेलिया को बहुत अधिक चिंता करने की जरूरत नहीं पड़ेगी क्योंकि स्मिथ ने हाल में खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन किया है।

जिम्बाब्वे ने अपनी पिछले मैच में ओमान को आसानी से हराया था। उसके पास ब्रैड इवांस, ब्लेसिंग मुजरबानी और रिचर्ड नगारवा जैसे तेज गेंदबाज हैं जो अपने दिन में सबसे मजबूत बल्लेबाजों को भी कड़ी टक्कर दे सकते हैं। सिकंदर रजा की ऑफ और लेग ब्रेक गेंदों का मिलाजुला रूप उनकी गेंदबाजी को एक नया आयाम देता है। टी20 के बेहद अनुभवी खिलाड़ी रजा को ब्रायन बेनेट, डियोन मायर्स और 40 वर्षीय ब्रेंडन टेलर के साथ बल्लेबाजी में भी योगदान देना होगा।



ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श।

### कनाडा-यूएई की निगाह पहली जीत पर

**नई दिल्ली।** अपने शुरुआती मैच में करारी हार झेलने वाले कनाडा और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) शुक्रवार को यहां जब टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के मुकाबले में आमने-सामने होंगे तो उनका लक्ष्य टूर्नामेंट में पहली जीत हासिल करना होगा। तीन शीर्ष 10 टीमों न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के साथ 'ग्रुप ऑफ डेथ' में शामिल होने के कारण यूएई और कनाडा दोनों को सुपर आठ चरण में जगह बनाने के लिए कड़ी और असंभव चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। दोनों टीमों के अभियान की शुरुआत निराशाजनक रही। जहां कनाडा को दक्षिण अफ्रीका से हार का सामना करना पड़ा, वहीं यूएई को न्यूजीलैंड ने करारी शिकस्त दी।